सूर्योदय 5:56 सूर्यास्त 6:48

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 10.0 न्यू | 21.0 अधि |
| धर्मशाला | 11.0 न्यू | 25.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77,550 |
| निफ्टी | 24,050 |
| सोना 1,50,305 | चांदी 2,41,013 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 13 अप्रैल 2026 | 31 चैत्र, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 104, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से, कुल 57 दिन चलेगी

**एजेंसी, श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को बताया कि इस साल यात्रा 3 जुलाई से 28 अगस्त तक चलेगी। 57 दिन चलने वाली इस यात्रा के लिए जम्मू के भगवती नगर बेस कैम्प से पहला जत्था रवाना होगा। यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू होंगे। उपराज्यपाल सिन्हा ने यात्रा की जानकारी देते हुए मीडिया को बताया कि 13 से 70 साल की उम्र वाले यह यात्रा कर सकते हैं। गुफा में पहली पूजा 19 जून को ज्येष्ठ पूर्णिमा पर की जाएगी। यात्रा के लिए अनंतनाग से पारंपरिक 48 किमी लंबा नुनवान-पहलगाम रूट और गांदरबल से 14 किमी लंबा बालटाल रूट खुला रहेगा। सिन्हा ने बताया कि देशभर में लगभग 556 तय बैंक शाखाओं के जरिए यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

### हिंदू समाज में एकता की कमी : भागवत

**एजेंसी, निजामाबाद।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि केशव बलिराम हेडगेवार ने देश को विदेशी शासन से आजाद कराने और हिंदुओं के बीच फूट को खत्म करने के मकसद से आरएसएस की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि हेडगेवार का मानना था कि समाज में एकता की कमी ही बार-बार गुलामी की बड़ी वजह रही। संघ प्रमुख ने कहा कि हेडगेवार ने ब्रिटिश शासन को खत्म करने के लिए राजनीतिक और हथियारबंद विरोध समेत कई रास्तों पर काम किया था। भागवत ने कहा कि आजादी के लिए काम करते हुए हेडगेवार को यह एहसास हुआ कि अंग्रेज भारतीयों को गुलाम बनाने वाले पहले बाहरी शासक नहीं थे। उनके मुताबिक, समस्या सिर्फ बाहर से आने वाली ताकत नहीं थी, बल्कि समाज के भीतर भी एक कमी थी। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा ने सांसदों के लिए जारी किया व्हिप

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भाजपा ने रविवार को लोकसभा और राज्यसभा के सभी सांसदों को 3 लाइन का व्हिप जारी कर 16 से 18 अप्रैल तक संसद में मौजूद रहने को कहा है। इस दौरान किसी को भी छुट्टी नहीं दी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के ड्राफ्ट बिल को मंजूरी दे दी गई थी। सरकार ने बजट सत्र को बढ़ाते हुए 16 से 18 अप्रैल तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। संसद से मंजूरी मिलने के बाद यह कानून 31 मार्च 2029 से लागू होगा और उसी साल होने वाले लोकसभा चुनाव में पहली बार प्रभावी होगा। इससे पहल रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को लोकसभा और राज्यसभा के सभी दलों के फ्लोर लीडर्स को पत्र लिखकर 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर समर्थन मांगा। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- गांव की सरकार को बिछने लगी सियासी बिसात -पेज 2
- तनाव में जयराम, पहले अपनी कुर्सी बचाएं: सीएम -पेज 3
- बच्चों के भविष्य की चिंता में छलके आंसू -पेज 11


# यूएस-ईरान शांति वार्ता विफल

## दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों के बीच 21 घंटे हुई बातचीत, नहीं मानी एक-दूसरे की शर्तें

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

अमेरिका और ईरान के बीच इस्लामाबाद में शांति वार्ता विफल हो गई। दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल के बीच करीब 21 घंटे तक बातचीत हुई। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे उपराष्ट्रपति जेडी वेंस पाकिस्तान से स्वदेश रवाना हो गए हैं। इससे पहले यह कहा गया था कि रविवार को भी बातचीत होगी।

अमेरिका रवाना होने से पहले वेंस ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बुरी खबर यह है कि हम किसी समझौते पर नहीं पहुंच पाए। उनकी नजर में यह अमेरिका के मुकाबले ईरान के लिए कहीं ज्यादा बुरी खबर है। इसलिए, वह बिना किसी समझौते के अमेरिका लौट रहे हैं। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, उपराष्ट्रपति जेडी वैंस रविवार को स्थानीय समय अनुसार सुबह 7:09 बजे एयर फोर्स टू में सवार होकर पाकिस्तान से अमेरिका के लिए रवाना हो गए। उन्होंने ईरानी अधिकारियों के साथ 21 घंटे तक चली बातचीत पूरी करने के बाद यह कदम उठाया। यह बातचीत बिना किसी समझौते पर पहुंचे ही समाप्त हो



गई। जेंस ने रविवार सुबह संवाददाता सम्मेलन में घोषणा की कि ईरान ने शर्तें स्वीकार न करने का फैसला किया है। अमेरिका के ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' शुरू किए जाने के एक महीने से भी अधिक समय बाद उपराष्ट्रपति शनिवार सुबह ईरान के साथ बातचीत का नेतृत्व करने के लिए पाकिस्तान पहुंचे थे।

उन्होंने साफ किया कि मध्यस्थ के रूप में पाकिस्तान ने बढ़िया काम किया और सचमुच मदद करने की कोशिश की, ताकि हमारे बीच की खाई पट सके और कोई समझौता हो सके। जब वेंस से पूछा गया कि ईरान ने किन बातों को अस्वीकार किया, तो उन्होंने में कहा, 'मैं सभी बातों पर नहीं जाऊंगा, क्योंकि मैं 21 घंटे तक निजी तौर पर बातचीत करने के बाद अब सार्वजनिक रूप से बातचीत नहीं करना चाहता, लेकिन सीधी सी बात यह है कि हमें एक पक्का आश्वासन चाहिए कि वे परमाणु हथियार बनाने की कोशिश नहीं करेंगे और न ही वे ऐसे साधन जुटाने की कोशिश करेंगे जिनसे वे तेजी से परमाणु हथियार हासिल कर सकें। वहीं, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकाई ने एक्स पर लिखा, 'इस्लामाबाद में प्रतिनिधिमंडल के लिए यह व्यस्त और लंबा दिन रहा। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच कई संदेशों और दस्तावेजों का आदान-प्रदान हुआ। बातचीत में मुख्य विषय होर्मुज स्ट्रेट, परमाणु मुद्दा, युद्ध हर्जाना, प्रतिबंधों को हटाना और युद्ध की पूर्ण समाप्ति रहा। (अनंत ज्ञान)

### किसी समझौते पर नहीं पहुंच पाना बुरी खबर : जेडी वेंस

**डॉन** अखबार के अनुसार, जेडी वेंस ने दोनों देशों के बीच हुई सीधी बातचीत के बाद यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। वेंस ने कहा, 'हम पिछले 21 घंटों से इस पर काम कर रहे हैं और हमने गंभीर चर्चा की हैं। बुरी खबर यह है कि हम किसी समझौते पर नहीं पहुंच पाए हैं।' उपराष्ट्रपति ने कहा, 'हमने यह साफ कर दिया है कि हमारे लक्ष्य क्या हैं। हमने यह भी साफ कर दिया कि ईरान की किन बातों को हम मानने को तैयार हैं, मगर ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने हमारी शर्तें मानने से इनकार कर दिया है।'

# होर्मुज हमारे कंट्रोल में, यहां से गुजरना है तो टोल दो : ईरान

## हम जहाजों की नाकाबंदी करेंगे: अमेरिका

**एजेंसी, तेहरान/वॉशिंगटन**

ईरान और अमेरिका के बीच शांति वार्ता इस्लामाबाद में विफल रही, जिससे दुनियाभर में ऊर्जा संकट के बादल फिर मंडराने लगे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान ने होर्मुज को कई देशों के लिए फिर से बंद कर दिया है। होर्मुज से 2 सुपर टैंकरों को लौटा दिया गया है। ईरान के उप संसद अध्यक्ष हाजी बाबाई ने रविवार को कहा कि होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह से ईरान के कंट्रोल में है। उन्होंने इसे तेहरान की रेड लाइन बताया और कहा कि यहां से गुजरने वाले जहाजों को ईरानी करेंसी रियाल में टोल देना होगा।

वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया है कि अमेरिकी नेवी अब होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों की नाकाबंदी करेगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि जो भी जहाज इस रास्ते से गुजरने




की कोशिश करेगा, उसे रोका जाएगा और जांच की जाएगी। खास तौर पर उन जहाजों पर नजर रखी जाएगी, जिन्होंने ईरान को टोल दिया है। ट्रंप ने कहा कि जो जहाज ईरान को गैरकानूनी टोल देंगे, उन्हें सुरक्षित रास्ता नहीं दिया जाएगा। इससे ईरान की आर्थिक ताकत कम की जाएगी। अमेरिका किसी भी स्थिति के लिए तैयार है। जरूरत पड़ने पर युद्ध खत्म करने के लिए कार्रवाई करेगा। (अनंत ज्ञान)

### भारत का जहाज होर्मुज पार कर 'सेफ जोन' में पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारत का एक और जहाज हजारों मीट्रिक टन एलपीजी लेकर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को पार कर 'सेफ जॉन' में पहुंच गया है। भारत उन देशों में शामिल है, जिनके जहाज युद्ध के बीच लगातार होर्मुज पार कर भारत आ रहे हैं। पिछले करीब चार हफ्तों में ये 9वां भारतीय ध्वज वाला जहाज है, जिसने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को क्रॉस किया है। जहाज के 15 अप्रैल को मुंबई पहुंचने की उम्मीद है।

# हिमाचली हितों पर बात करने का भाजपा में नहीं साहस : मुख्यमंत्री

## किसी भाजपा नेता ने केंद्र से नहीं उठाया आरडीजी का मामला

अनंत ज्ञान

**राजेश शर्मा, ऊना।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को ऊना में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रदेश भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए भाजपा को हिमाचल विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा को प्रदेश की जनता को यह बताना चाहिए कि राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) और आपदा राहत जैसे मुद्दों पर वह राज्य सरकार के साथ केंद्र के समक्ष खड़ी क्यों नहीं हुई। मुख्यमंत्री ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब प्रदेश अपने हक की लड़ाई लड़ रहा था, तब भाजपा नेता प्रधानमंत्री से मिलने सरकार के साथ क्यों नहीं गए।

उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियां प्रदेश विरोधी रही हैं और उनके शासनकाल में जनहित को प्राथमिकता नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने पिछले 40 महीनों में व्यवस्था परिवर्तन के तहत काम करते हुए जनसेवा को केंद्र में रखा है। नीतिगत बदलाव किए गए, नए कानून बनाए गए और भ्रष्टाचार के रास्तों को बंद किया गया। उन्होंने भाजपा पर सोशल मीडिया के माध्यम से सत्ता हथियाने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश की जनता अब सच्चाई जान चुकी




ऊना में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते सीएम सुक्खू व डिप्टी सीएम मुकेश।

है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार एक लाख गरीब परिवारों की महिलाओं को 1500 रुपए मासिक सहायता, 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली और 59 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को पेंशन प्रदान कर रही है।

उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए गेहूं, मक्की और हल्दी के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की गई है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पारदर्शिता, सुशासन और जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य कर रही है तथा प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### बोले- भाजपा ने प्रदेश की संपदा को कौड़ियों के दाम पर लुटाया

सीएम ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में प्रदेश पर 76,633 करोड़ रुपए का कर्ज चढ़ा और चुनावी समय में लगभग 5 हजार करोड़ रुपए की रेवड़ियां बांटकर वित्तीय अनुशासन को कमजोर कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र से अधिक संसाधन मिलने के बावजूद उनका समुचित उपयोग नहीं हुआ और प्रदेश की संपदा को कौड़ियों के दाम पर लुटाया गया, जिससे हिमाचल कर्ज के दलदल में फंसता गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के समय 5 वर्षों में केंद्र से भाजपा को हमारी सरकार की तुलना में साठ हजार करोड़ रुपए अधिक प्राप्त हुए, लेकिन उस धनराशि का सदुपयोग करने के बजाय उन्होंने उसे लूट और दुरुपयोग में गंवा दिया। अगर उस धनराशि का सही इस्तेमाल हुआ होता तो आज हिमाचल कर्ज मुक्त होता।

# हिमाचल प्रदेश में 24 ईको टूरिज्म चैप्टरों को मंजूरी

## प्रदेश में पर्यटन का होगा विकास और युवाओं को मिलेगा रोजगार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में वन विभाग की ओर से ईको टूरिज्म साइटों के आवंटन के लिए तैयार किए गए 24 ईको टूरिज्म चैप्टरों को केंद्र के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है। इन चैप्टरों के तहत तैयार योजनाएं अगले 20 वर्ष तक लागू रहेंगी।

इस बार विभिन्न साइटों के वर्किंग प्लान में ईको टूरिज्म को एक नए चैप्टर के रूप में शामिल किया गया है। इसके अंतर्गत चयनित साइटों पर विकास कार्यों के साथ-साथ पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। इनमें कैंपिंग, एडवेंचर स्पोर्ट्स, फूड स्टॉल, फूड वैन और मोटर बाइकिंग जैसी गतिविधियां शामिल होंगी, जिससे पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पर्यटकों को ऐसे स्थलों की ओर आकर्षित करना है, जहां वे प्रकृति और वन्य जीवन को नुकसान पहुंचाए बिना उसका आनंद ले सकें।

इन ईको टूरिज्म चैप्टरों को मंजूरी मिलने से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

### इन ईको साइटों के टूरिज्म चैप्टरों को मिली स्वीकृति

**मंजूर** किए गए ईको साइटों के टूरिज्म चैप्टरों में प्रदेश के वर्किंग डिवीजन कुल्लू, पार्वती, सराज, पालमपुर, धर्मशाला, ठियोग, शिमला ग्रामीण, रोहडू, रामपुर, कोटगढ़, आनी, हमीरपुर, ऊना, कुटलैहड़, बिलासपुर, कुनिहार, मंडी, नाचन, करसोग, डलहौजी, राजगढ़, पवांटा, सोलन और नूरपुर शामिल हैं।

### टूरिज्म चैप्टर ?

**टूरिज्म** चैप्टर पारंपरिक पर्यटन से अलग है। यह ग्रीन ट्रैवल और संसाधनों के संरक्षण पर जोर देता है। इस चैप्टर को मंजूरी मिलने के बाद पर्यटन तो बढ़ेगा ही साथ ही युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। इन ईको टूरिज्म साइटों को एडवर्टाइज करके पर्यटन स्थलों का प्रचार किया जाना है जो न केवल प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर हैं बल्कि इनकी यात्रा भी पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने की शर्त पर की जाती है। इस ईको टूरिज्म चैप्टरों के माध्यम से प्राकृतिक संपदा का आनंद लेने के साथ-साथ उसे संरक्षित करने की जिम्मेदारी है।

# पालमपुर में खाई में गिरी गाड़ी, दो युवकों की मौत

अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** पालमपुर के बंदला क्षेत्र में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। इस हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

### ◆ हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल

जानकारी के अनुसार यह हादसा रात करीब 11 बजे हुआ। दुर्घटना में अभय (25) और निशांत (26) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तीसरा युवक वरुण गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद टांडा मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि घायल वरुण ने ही हादसे के बाद अपने परिजनों को फोन कर घटना की सूचना दी। इसके बाद पुलिस टीम गांव के लोग तुरंत मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने दोनों शवों को वाहन से बाहर निकाला और घायल को अस्पताल पहुंचाया। एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने बताया कि पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। वहीं, पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुट गई है।

# बिहार : 100 की स्पीड में बस ने पिकअप को उड़ाया, 13 की मौत

**एजेंसी, कटिहार।** बिहार के कटिहार में शनिवार देर शाम बस और पिकअप की टक्कर में 13 लोगों की मौत हो गई। इसमें एक ही परिवार के 5 लोग शामिल हैं। मृतकों में 10 महिलाएं, 2 पुरुष और एक बच्ची है। इसमें 11 मृतक पूर्णिया जिले के रहने वाले थे, जबकि दो कटिहार के हैं। हादसे में 32 से ज्यादा घायल हैं। इनमें 8 की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा कटिहार के कोढ़ा ब्लॉक में ह॥-31 पर हुआ। बस से टक्कर के बाद लोगों के शव सड़क पर बिखर गए। चश्मदीद ने बताया कि हादसे के वक्त ड्राइवर ने शराब पी रखी थी। गाड़ी की स्पीड भी 100 से ज्यादा थी। बस ड्राइवर ने पहले एक बाइक को उड़ाया इसके बाद पिकअप से टक्कर हुई। पिकअप सवार सभी झारखंड से मेला देखकर लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया, 'शनिवार देर शाम हम कटिहार के आसपास थे कि अचानक से तेज आवाज आई। सड़क पर लाशें बिछ गईं। हमारे पिकअप का ड्राइवर स्टीयरिंग में फंस गया। लोगों ने रॉड से स्टीयरिंग सीधी कर उसके शव को बाहर निकाला। बस की स्पीड 100 से ज्यादा थी। इसने पहले 2 बाइक सवारों को टक्कर मारी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद अनियंत्रित होकर हमारी पिकअप से टकरा गया। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में 16 अप्रैल से फिर सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार 16 अप्रैल से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसके चलते राज्य के कई हिस्सों में मौसम बदल सकता है। खासकर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई गई है, जबकि निचले इलाकों में भी बादल छाने और हल्की वर्षा के संकेत हैं। इसे देखते हुए लोगों और बागवानों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार 16 अप्रैल को पश्चिमी विक्षोभ के असर से कुल्लू, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, चंबा और शिमला के ऊपरी इलाकों में हल्की बर्फबारी और बारिश शुरू हो सकती है। 17 अप्रैल को यह प्रणाली और अधिक सक्रिय होगी, जिससे मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में भी बारिश की गतिविधियां बढ़ेंगी। कुछ स्थानों पर तेज हवाएं और गरज-चमक के साथ वर्षा होने की भी संभावना है, जो फसलों और बागवानी के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती है। बागवानों के लिए यह बदलाव खास चिंता का विषय बन सकता है। सेब और अन्य फलदार फसलों के फूल आने के इस समय में बारिश और ओलावृष्टि से उत्पादन पर असर पड़ सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि तापमान में गिरावट और नमी बढ़ने से फलों की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। ऐसे में बागवानों को अपने बगीचों में उचित प्रबंधन और सुरक्षा उपाय अपनाने की सलाह दी गई है।

### अगले दो दिन मौसम साफ रहने के संकेत

**हालांकि,** 13 से 15 अप्रैल तक प्रदेश में मौसम सामान्य रूप से साफ बना रहेगा और तापमान में 2 से 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है, जिससे लोगों को कुछ राहत मिलेगी। लेकिन इसके बाद आने वाला पश्चिमी विक्षोभ फिर से ठंडक और नमी लेकर आएगा, जिससे सुबह-शाम ठंड का एहसास बढ़ सकता है।

## आखिरी सफर

### सात दशक तक सिनेमाई दुनिया में अपनी सुरीली आवाज का जादू चलाने वाली गायिका का निधन

# सुरों की मल्लिका आशा ताई दुनिया से अलविदा

**एजेंसरी, मुंबई**

मशहूर गायिका आशा भोसले हमारे बीच नहीं रहीं। 92 साल की उम्र में उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया है। करीब सात दशक तक सिनेमाई दुनिया में अपनी सुरीली आवाज का जादू चलाने वाली गायिका को कल शनिवार को तबीयत खराब होने के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में इमरजेंसी मेडिकल सर्विसेज यूनिट में उनका उपचार चल रहा था। दुनियाभर के फैंस दुआएं कर रहे थे। मगर, रविवार को गायिका ने दुनिया को अलविदा कह दिया। अमर उजाला से बातचीत में आशा भोसले के बेटे आनंद भोसले ने इस खबर की पुष्टि की है।

शनिवार को आशा भोसले के तबीयत बिगड़ने की खबर आई। गायिका की पोती जनाई भोसले ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए उनका हेल्थ अपडेट साझा करते हुए लिखा था, 'अत्यधिक थकावट और सीने में संक्रमण के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि हमारी निजता का सम्मान करें। उनका इलाज चल रहा है और उम्मीद है कि सब कुछ ठीक हो जाएगा'। गायिका की तबीयत खराब होने के बाद अस्पताल के बाहर फैंस की भीड़ जमा होने लगी। साथ ही आशा भोसले के आवास के बाहर भी लोग एकत्र होने लगे। सभी को आस थी कि गायिका स्वस्थ होकर लौटेंगी, मगर फैंस की यह उम्मीद टूट गई। (अनंत ज्ञान)

### मराठी फिल्म में गाया था पहला गाना

**आशा** भोसले का जन्म 8 सितंबर 1933 को एक संगीत से जुड़े परिवार में हुआ था। उनके पिता पंडित दीनानाथ मंगेशकर एक एक्टर और क्लासिकल सिंगर थे। आशा भोसले स्वर कोकिला लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं। आशा भोसले जब नौ साल की थीं, तभी उनके पिता का निधन हो गया था। इसके बाद उनकी फैमिली पुणे से कोल्हापुर और बाद में मुंबई आ गई। बड़ी बहन लता मंगेशकर के पद्चिन्हों पर चलते हुए वह भी संगीत की दुनिया में आईं। आशा भोसले ने पहला गीत मराठी फिल्म 'माझा बाल' (1943) में 'चला चला नाव वाला' गाया था। जबकि बॉलीवुड में उनका पहला गाना 'चुनरिया (1948)' फिल्म में 'सावन आया' था।



### छह साल छोटे आरडी बर्मन से शादी

**पहली** शादी टूटने के बाद आशा भोसले की जिंदगी में फिर से प्यार की बहार आई। एक गाने की रिकॉर्डिंग के दौरान म्यूजिक डायरेक्टर आरडी बर्मन और आशा भोसले की मुलाकात हुई। आरडी बर्मन ने ही आशा भोसले के सामने अपने प्यार का इजहार पहले किया था। वह आशा भोसले से 6 साल छोटे थे। म्यूजिक डायरेक्टर आरडी बर्मन से आशा भोसले ने 1980 में शादी की, लेकिन इनकी शादी की राह आसान नहीं थी। आशा भोसले के तीन बच्चे पहली शादी से थे, ऐसे में आरडी बर्मन के परिवार वाले इस शादी के राजी नहीं थे, लेकिन आरडी बर्मन नहीं माने, उन्होंने आशा से शादी की। आगे चलकर दोनों ने बेहतरीन गीतों पर काम किया। साल 1994 में आरडी बर्मन का निधन हुआ, इसके बाद आशा भोसले अकेली पड़ गईं।

### आशा भोसले जी के निधन से मुझे गहरा दुख : पीएम

**पीएम** मोदी ने ट्वीट कर आशा भोसले के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने लिखा, 'भारत की सबसे जानी-मानी और बहुमुखी आवाजों में से एक आशा भोसले जी के निधन से मुझे गहरा दुख हुआ है। दशकों तक फैली उनकी अनोखी संगीत यात्रा ने हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया है और दुनिया भर में अनगिनत लोगों के दिलों को छुआ है। दिल को छू लेने वाली धुनों से लेकर जोशीली रचनाओं तक, उनकी आवाज में एक कालातीत चमक थी। उनके साथ हुई बातचीत की यादों को मैं हमेशा संजोकर रखूंगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।'

### भारतीय संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति: सीएम

**लोकप्रिय** एवं प्रख्यात गायिका आशा भोसले जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। उनका जाना भारतीय संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। आशा जी की स्वर-साधना, अद्वितीय गायन शैली एवं भारतीय संगीत को वैश्विक पहचान दिलाने में उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उनकी आवाज़ ने कई पीढ़ियों के हृदय को स्पर्श किया है और संगीत की दुनिया में अमिट छाप छोड़ी है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक-संतप्त परिजन एवं प्रशंसकों को इस कठिन समय में यह असहनीय दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### आज दादर में होगा अंतिम संस्कार

**आशा** भोसले का अंतिम संस्कार सोमवार को होगा। गायिका का पार्थिव शरीर सुबह 11 बजे लोअर परेल में उनके घर पर अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। शाम 4 बजे दादर के शिवाजी पार्क में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। यही वही जगह है, जहां उनकी बहन लता मंगेशकर का भी अंतिम संस्कार हुआ था।

# रिकांगपिओ में सजेगा सम्मान समारोह सीएम करेंगे विजेताओं का अभिनंदन

अनंत ज्ञान

- सिविल सर्विस से लेकर 'हिमाचल गौरव' तक, उत्कृष्ट प्रतिभाओं को मिलेगा सम्मान
- स्वास्थ्य, खेल और समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान देने वालों को मिलेगा सम्मान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026 के लिए सिविल सर्विस अवार्ड, प्रेरणा स्रोत सम्मान और हिमाचल गौरव पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। यह सम्मान 15 अप्रैल को जिला किन्नौर के रिकांगपिओ में आयोजित राज्य स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह में प्रदान किए जाएंगे, जहां मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू विजेताओं को सम्मानित करेंगे। सरकार ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं के ठहरने और भोजन की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

सिविल सर्विस अवार्ड के तहत इस वर्ष जिला प्रशासन मंडी, डिजिटल टेक्नोलॉजी एवं गवर्नेंस विभाग शिमला तथा एसडीएम बल्ह समृतिका नेगी को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए चुना गया है। वहीं प्रेरणा स्रोत सम्मान में महिला शक्ति की विशेष भागीदारी रही है, जिसमें शिमला की चारु शर्मा, किन्नौर की कुमारी छोनजिन आंगमो और भारतीय महिला कबड्डी टीम से ऋतु नेगी, साक्षी शर्मा, पुष्पा, भावम देवी और चंपा ठाकुर को उनके प्रेरणादायक योगदान के लिए चयनित किया गया है।

हिमाचल गौरव पुरस्कार के लिए पद्मश्री सम्मानित प्रेम लाल गौतम, एआईआईएमएस चमियाना के प्राचार्य डॉ. बृज शर्मा, हमीरपुर के डॉ. ओपी शर्मा और बिलासपुर की स्नेह लता को चुना गया है। ये सभी अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवाएं देने के लिए सम्मानित होंगे। राज्य सरकार का कहना है कि इन पुरस्कारों के माध्यम से समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रोत्साहन मिलेगा और युवाओं को प्रेरणा प्राप्त होगी।

# निर्विरोध पंचायत बनाने पर बरसेगा पैसा

## पंचायतों को 10 तो जिला परिषद को मिलेंगे 15 लाख, विकास को मिलेगी नई रफ्तार

अनंत ज्ञान

- सरकार लाई 'प्रोत्साहन योजना', चुनावी टकराव खत्म करने की कोशिश

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में आगामी पंचायत चुनावों की सरगर्मी तेज होते ही ग्रामीण स्तर पर राजनीति का पारा चढ़ने लगा है। जहां एक ओर सोशल मीडिया पर प्रचार और दावों का दौर शुरू हो चुका है, वहीं राज्य सरकार की 'प्रोत्साहन योजना' ने चर्चाओं का रुख बदल दिया है। इस योजना के तहत प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य गांवों में चुनावी रंजिश को समाप्त कर आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना है। सरकार ने प्रावधान किया है कि यदि किसी पंचायत का चयन बिना किसी विरोध यानी सर्वसम्मति से होता है, तो उस पंचायत को लाखों रुपये की विशेष प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, ताकि वे विकास की दौड़ में अन्य गांवों से आगे निकल सकें।

जानकारी के अनुसार अक्सर देखा जाता है कि पंचायत चुनावों के दौरान गांवों में गुटबाजी और आपसी मनमुटाव इस कदर बढ़ जाता है कि चुनाव के बाद भी विकास कार्य प्रभावित होते हैं। इसी कड़वाहट को खत्म करने के लिए सरकार ने इनाम राशि का एक पारदर्शी ढांचा तैयार किया है। इसके तहत अगर किसी ग्राम पंचायत में प्रधान, उप-प्रधान और सभी वार्ड सदस्य निर्विरोध चुने जाते हैं, तो उस पंचायत को 10 लाख रुपये का इनाम मिलेगा। वहीं, पंचायत समिति स्तर पर निर्विरोध चयन होने पर 5 लाख रुपये और जिला परिषद के मामले में यह राशि 15 लाख रुपये निर्धारित की गई है।

सर्वसम्मति से चुनाव की प्रक्रिया जितनी सरल दिखती है, तकनीकी रूप से उतनी ही संवेदनशील है। इस योजना का लाभ लेने के लिए अनिवार्य शर्त यह है कि पंचायत के हर एक पद पर निर्विरोध चयन होना चाहिए। यदि किसी एक वार्ड सदस्य के पद पर भी वोटिंग की नौबत आती है, तो पूरी पंचायत इस प्रोत्साहन राशि की दौड़ से बाहर हो जाएगी। नामांकन वापसी के अंतिम समय तक यदि किसी पद पर केवल एक ही उम्मीदवार शेष रहता है, तभी उसे आधिकारिक तौर पर 'निर्विरोध' माना जाता है। इससे गांव वालों पर यह जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे मिलकर एक साझा और सक्षम नेतृत्व का चयन करें।

### विकास कार्यों के लिए मिलेगा सीधा बजट

**यह** प्रोत्साहन राशि सीधे संबंधित पंचायत या परिषद के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी। इस धनराशि का उपयोग ग्राम सभा की अनुमति से गांव की बुनियादी सुविधाओं को सुधारने में किया जाएगा। चाहे वह खस्ताहाल संपर्क सड़कें हों, पीने के पानी की किल्लत को दूर करना हो या स्वच्छता अभियान के तहत नई डंपिंग साइट्स का निर्माण; यह पैसा पंचायतों को 'आदर्श ग्राम' बनाने की दिशा में एक बड़ा सहारा बनेगा। सरकार का मानना है कि इससे न केवल सरकारी धन की बचत होगी जो चुनाव कराने में खर्च होता है, बल्कि गांवों में विकास कार्यों की फाइलें भी तेजी से आगे बढ़ेंगी।

### नई सोच के साथ भविष्य की पंचायतें

**प्रदेश** की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार इस पहल के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर 'व्यवस्था परिवर्तन' की नई इबारत लिखना चाहती है। 2026 के इन चुनावों में यह देखना दिलचस्प होगा कि कितनी पंचायतें चुनावी अखाड़े को छोड़कर सहमति का रास्ता चुनती हैं। शिक्षित युवाओं और अनुभवी बुजुर्गों के तालमेल से अगर सर्वसम्मति की यह संस्कृति पनपती है, तो हिमाचल की पंचायतें न केवल आर्थिक रूप से सशक्त होंगी, बल्कि प्रदेश के सामाजिक ढांचे में भी एक सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा।

# पंचायत चुनाव में अयोग्यता का दायरा बढ़ा दादा-दादी के अवैध कब्जे का असर पोते तक

अनंत ज्ञान

- धारा 122 के तहत परिवार की कानूनी स्थिति भी तय करती है चुनावी पात्रता
- बहू को मिली राहत अयोग्यता के दायरे से बाहर रहने की व्याख्या

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव नजदीक आते ही राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। आरक्षण रोस्टर जारी होने के बाद संभावित उम्मीदवारों ने मैदान में उतरने की तैयारी शुरू कर दी है, लेकिन इसी बीच अवैध कब्जे से जुड़े नियमों ने कई दावेदारों की चिंता बढ़ा दी है। चुनाव लड़ने की इच्छा रखने वालों के लिए यह जानना बेहद जरूरी हो गया है कि परिवार से जुड़े अतिक्रमण के मामलों का उनकी उम्मीदवारी पर क्या असर पड़ सकता है।

राज्य पंचायतीराज अधिनियम 1994 की धारा 122 के तहत यह स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी उम्मीदवार के परिवार के सदस्य, जैसे दादा-दादी या माता-पिता के नाम पर सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा दर्ज है, तो इसका असर अगली पीढ़ी पर भी पड़ता है। ऐसे मामलों में बेटा, पोता या अविवाहित पुत्री चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य माने जा सकते हैं। यानी यह नियम केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे परिवार की कानूनी स्थिति उम्मीदवार की पात्रता को प्रभावित करती है।

हालांकि इस प्रावधान में एक अहम राहत भी सामने आई है। कानूनी व्याख्या के अनुसार, बहू यानी पुत्रवधू को इस अयोग्यता के दायरे में शामिल नहीं किया गया है। यदि परिवार में किसी अन्य सदस्य के नाम पर अवैध कब्जा है, तब भी बहू पंचायतीराज चुनाव में हिस्सा लेने के लिए पात्र मानी जाएगी। इससे साफ है कि चुनावी मैदान में उतरने से पहले उम्मीदवारों को अपने परिवार की कानूनी स्थिति को समझना और परखना बेहद आवश्यक है।

# चिट्टा तस्करी के मामले में मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

## रोहड़ू में बरामदगी से खुला सप्लाई चेन का राज, यूपी से दबोचा सरगना

अनंत ज्ञान



चिट्टा मामले में मुख्य सप्लायर गिरफ्तार किया। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक संगठित अंतरराज्यीय चिट्टा तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस थाना रोहड़ू को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गुदड़ू मोहल्ला स्थित एक दुकान में छापा मारकर दो युवकों को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 53.13 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जांच के दौरान तकनीकी विश्लेषण, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और बैंक खातों की पड़ताल के आधार पर यह सामने आया कि यह मामला एक बड़े नेटवर्क से जुड़ा हुआ है। गिरफ्तार आरोपी पिन्कू राम इस पूरे नेटवर्क में स्थानीय स्तर पर सप्लाई का काम करता था और वह उत्तर प्रदेश के बिजनौर निवासी मुख्य सप्लायर सलमान हैदर के लिए कार्य कर रहा था। इसके माध्यम से क्षेत्र में युवाओं तक चिट्टा पहुंचाया जा रहा था।

पुलिस ने मुख्य सप्लायर तक पहुंचने के लिए विशेष टीम गठित कर उत्तर प्रदेश भेजी, जहां सतत निगरानी और प्रयासों के बाद 11 अप्रैल 2026 को सलमान हैदर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी पहले रोहड़ू में मैकेनिक के रूप में काम कर चुका है और उसी दौरान उसने अपना नेटवर्क तैयार किया था। फिलहाल आरोपी को अदालत में पेश किया जा रहा है और मामले की गहन जांच जारी है।

# ढांडा चोरी कांड का खुलासा तीन दिन में आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

- घर के ताले तोड़कर उड़ाए गहने और एक लाख नकद
- सीसीटीवी से खुली पोल, टुटू में छिपा बैठा था युवक

**ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला के ढांडा क्षेत्र में घर से नकदी और आभूषण चोरी के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने महज तीन दिन के भीतर पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने आयुष रांटा नामक युवक को गिरफ्तार किया है, जो मूल रूप से कोटखाई क्षेत्र का निवासी है और वर्तमान में टुटू में रह रहा था। आरोपी पर पहले भी चोरी के कई मामले दर्ज बताए जा रहे हैं, जिससे उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि का भी खुलासा हुआ है।

जानकारी के अनुसार मामला 8 अप्रैल का है, जब शिकायतकर्ता राजेश लता रोज़ाना की तरह ड्यूटी पर गई थीं। शाम को घर लौटने पर उन्होंने देखा कि घर और अलमारी के ताले टूटे हुए हैं। अंदर जांच करने पर एक लाख रुपये नकद और कीमती आभूषण गायब मिले। घटना से घबराई महिला ने तुरंत जतोग पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए और भारतीय न्याय संहिता की धारा 305(ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें एक संदिग्ध युवक घूमता नजर आया। तकनीकी विश्लेषण और अन्य सुरागों के आधार पर आरोपी की पहचान की गई और 11 अप्रैल को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर चोरी किए गए सामान की बरामदगी में जुटी है। एसपी गौरव सिंह ने बताया कि शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# ऊपरी शिमला में गुच्छी सीजन ने पकड़ी रफ्तार

## जमीन में नमी बढ़ने से बढ़ी उम्मीदें, स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिलेगा सहारा

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** ऊपरी शिमला के जंगलों में इन दिनों बहुमूल्य जंगली मशरूम अर्थात गुच्छी का सीजन शुरू हो चुका है। मौसम में आए बदलाव और हाल ही में हुई हल्की वर्षा के चलते इसके उत्पादन में तेजी की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय लोगों का मानना है कि जमीन में नमी की मात्रा बढ़ने से गुच्छी की पैदावार में और इजाफा हुआ है, जिससे इस बार इसका सीजन लंबा चलने की संभावना बन रही है। इससे ग्रामीणों और वन क्षेत्रों पर निर्भर परिवारों में उत्साह का माहौल है।

जानकारी के अनुसार गुच्छी को हिमाचल प्रदेश में 'जंगल का सोना' भी कहा जाता है, क्योंकि इसकी कीमतें काफी ऊंची होती हैं। इस समय प्रदेश के विभिन्न इलाकों में इसका बाजार भाव करीब 18,000 से 30,000 रुपए प्रति किलोग्राम तक बताया जा रहा है, जबकि सूखी गुच्छी की कीमत इससे भी अधिक हो सकती है। ऊपरी शिमला, किन्नौर और चंबा के जंगलों में इसे खोजने के लिए स्थानीय लोग सुबह-सुबह निकल पड़ते हैं। यह पूरी तरह प्राकृतिक रूप से उगती है और इसकी खेती संभव नहीं होने के कारण इसकी मांग हमेशा अधिक रहती है।

स्वास्थ्य की दृष्टि से भी गुच्छी बेहद लाभकारी मानी जाती है। इसमें प्रोटीन, विटामिन-डी, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक होते हैं। पारंपरिक तौर पर इसे ताकत बढ़ाने, हृदय स्वास्थ्य सुधारने और शरीर को ऊर्जा देने के लिए उपयोग किया जाता है। यही वजह है कि देश-विदेश में इसकी मांग बनी रहती है और यह निर्यात का भी एक महत्वपूर्ण उत्पाद है।

विशेषज्ञों के अनुसार, इस बार मौसम की अनुकूलता को देखते हुए गुच्छी का सीजन अपेक्षाकृत लंबा चल सकता है, जिससे ग्रामीणों की आय में अच्छा इजाफा होने की उम्मीद है। हालांकि, जंगलों में अत्यधिक दोहन और पर्यावरणीय असंतुलन को लेकर भी चिंता जताई जा रही है। ऐसे में संतुलित तरीके से संग्रहण और संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया जा रहा है, ताकि आने वाले वर्षों में भी यह प्राकृतिक संपदा बनी रहे।

### पारंपरिक खाद्य पदार्थ के रूप में विख्यात



**समय** के साथ गुच्छी न केवल एक पारंपरिक खाद्य पदार्थ के रूप में बल्कि आर्थिक रूप से भी हिमाचल के ग्रामीण जीवन का महत्वपूर्ण आधार बनती जा रही है। यदि इसका संरक्षण और सही विपणन सुनिश्चित किया जाए, तो यह प्रदेश की अर्थव्यवस्था को और मजबूती दे सकती है।

# रामपुर के खनेरी अस्पताल से 40 वर्षीय व्यक्ति अचानक हुआ लापता

अनंत ज्ञान

- 9 अप्रैल की सुबह बिना बताए अस्पताल से निकला परिजनों में चिंता बढ़ी
- पुलिस व परिवार की संयुक्त तलाश जारी, सूचना देने वालों से सहयोग की अपील

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के रामपुर क्षेत्र स्थित खनेरी अस्पताल से 40 वर्षीय एक व्यक्ति के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है, जिससे पूरे इलाके में चिंता का माहौल बन गया है। किन्नौर जिले की पूह तहसील के कानम गांव निवासी छेरिंग चंद 9 अप्रैल की सुबह अस्पताल से बिना किसी को बताए अचानक गायब हो गए, जिसने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, छेरिंग चंद किसी कार्य से खनेरी अस्पताल आए थे। सुबह के समय वह चुपचाप अस्पताल परिसर से बाहर निकल गए और उसके बाद उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया। अस्पताल में मौजूद लोगों को भी उनके अचानक जाने की जानकारी नहीं लग सकी। परिजनों ने आसपास के इलाकों में उनकी काफी तलाश की, लेकिन अब तक कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है। परिवार के सदस्यों का कहना है कि इस तरह बिना बताए उनका चले जाना बेहद असामान्य है, जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और संभावित स्थानों पर तलाश अभियान चलाया जा रहा है। परिजन भी पुलिस के साथ मिलकर उनकी खोज में जुटे हुए हैं।

परिजनों ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को छेरिंग चंद के बारे में कोई भी जानकारी मिले या वे कहीं दिखाई दें, तो तुरंत 9418574791, 9816375007 और 9459874460 पर संपर्क करें, ताकि उन्हें सुरक्षित घर वापस लाया जा सके।

# दक्षिण एशियाई टेबल टेनिस में भारत का परचम

## शिमला में आयोजित चैंपियनशिप में 13 स्वर्ण और 4 रजत के साथ ऐतिहासिक दबदबा कायम

अनंत ज्ञान


पदक जीतने के बाद भारतीय खिलाड़ी सम्मान समारोह के दौरान। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला के इंदिरा गांधी खेल परिसर में आयोजित दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप का समापन भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के साथ हुआ, जहां भारत ने 13 स्वर्ण और 4 रजत पदक जीतकर पूरे दक्षिण एशिया में अपना वर्चस्व एक बार फिर साबित कर दिया। टीम स्पर्धाओं से लेकर व्यक्तिगत मुकाबलों तक भारतीय खिलाड़ियों का खेल कौशल, संयम और आत्मविश्वास हर स्तर पर झलकता रहा।

प्रतियोगिता के शुरुआती चरण में ही भारत ने अंडर-15 बालक और बालिका वर्ग तथा अंडर-19 बालिका टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक अपने नाम कर बढ़त बना ली थी। इसके बाद व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भी भारतीय खिलाड़ियों ने उसी लय को कायम रखते हुए एक के बाद एक खिताब अपने नाम किए। अंडर-19 मिश्रित युगल में प्रियानुज भट्टाचार्य और जेनिफर वर्गीज की जोड़ी ने दमदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता, जबकि अंडर-15 में आदित्य दास और अंकोलिका चक्रवर्ती ने बिना कोई गेम गंवाए खिताब पर कब्जा जमाया।

एकल मुकाबलों में भी भारतीय खिलाड़ियों के बीच ही फाइनल देखने को मिले, जो देश की गहराई और प्रतिभा का स्पष्ट प्रमाण है। अंडर-19 बालक वर्ग में प्रियानुज भट्टाचार्य ने पुनीत बिस्वास को हराकर स्वर्ण जीता, जबकि अंडर-15 वर्ग में आदित्य दास ने अक्षय किरिकारा को सीधे सेटों में मात दी। वहीं, अंडर-19 बालिका वर्ग में जेनिफर वर्गीज ने अनन्या को हराकर स्वर्ण अपने नाम किया और भारत के खाते में एक और सफलता जोड़ दी।

युगल और मिश्रित युगल स्पर्धाओं में भी भारत का दबदबा कायम रहा। अंडर-19 युगल में एमआर बालामुरुगन और मेहान सेंथिल की जोड़ी ने बांग्लादेश को हराया, जबकि महिला युगल में सृजनी चक्रवर्ती और तनिष्का कालभैरव ने नेपाल को पराजित किया। नेपाल को कई मुकाबलों में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। समापन समारोह में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस पूरे आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारतीय टेबल टेनिस अब केवल राष्ट्रीय स्तर तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है।

# 'डील मॉडल' से चल रही कांग्रेस सरकार: संदीपनी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने चेस्टर हिल टाउनशिप मामले में धारा-118 के संभावित उल्लंघन और अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल एक परियोजना तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश में भूमि और संसाधनों को 'सेल पर लगाने' की मानसिकता को दर्शाता है। उनके अनुसार 275 बीघा भूमि पर निर्माण और करीब 500 आवासीय इकाइयों के विकास के बीच उठे सवाल यह संकेत देते हैं कि बड़े स्तर पर नियमों की अनदेखी हुई है। उन्होंने प्रशासन की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होना यह दर्शाता है कि कहीं न कहीं संरक्षण की राजनीति चल रही है और हिमाचल का अस्तित्व दांव पर लगाया जा रहा है।



संदीपनी भारद्वाज ने आरोप लगाया कि प्रदेश में प्रशासनिक तंत्र जवाबदेही से मुक्त हो चुका है और अधिकारी वर्ग भ्रष्टाचार में लिप्त है, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले से निवेशकों में असमंजस की स्थिति पैदा हुई है और स्थानीय लोगों की चिंताएं भी बढ़ी हैं, जिससे प्रदेश की छवि को नुकसान पहुंचा है। भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस सरकार पर 'डील मॉडल' के तहत शासन चलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार जनहित के बजाय कुछ चुनिंदा लोगों के हित में काम कर रही है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी से करवाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश को किसी भी सूरत में बेचने की वस्तु नहीं बनने दिया जाएगा।

# चेस्टर हिल विवाद: चार पत्रों के बावजूद नहीं मिला जवाब, डीसी की भूमिका पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान

- रेरा अधिकारी का खुलासा, कार्रवाई के लिए बार-बार लिखा गया पत्र
- मुख्य सचिव ने भी मांगी रिपोर्ट, 15 दिन में जवाब देने के निर्देश
- धारा 118 उल्लंघन और बेनामी संपत्ति पर कार्रवाई का मुद्दा गरमाया

**ब्यूरो, शिमला।** चर्चित चेस्टर हिल प्रकरण में अब प्रशासनिक स्तर पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। रेरा के प्रशासनिक अधिकारी ने खुलासा किया है कि उपायुक्त सोलन को चार अलग-अलग अवसरों पर पत्र लिखकर कार्रवाई और स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इस घटनाक्रम ने न केवल जिला प्रशासन की भूमिका पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि पूरे मामले को और अधिक संवेदनशील बना दिया है, जहां जवाबदेही और पारदर्शिता पर बहस तेज हो गई है।

मामले ने तब और तूल पकड़ा जब मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने रेरा के वर्तमान और पूर्व अध्यक्षों की भूमिका को लेकर रिपोर्ट तलब की। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर आरोप लगाए गए कि प्रोजेक्ट में अनियमितताएं बरती गईं। हालांकि रेरा प्रशासनिक अधिकारी ने इन आरोपों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि प्रोजेक्ट का पंजीकरण नियमानुसार किया गया था और सभी दस्तावेज सार्वजनिक पोर्टल पर उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रोजेक्ट प्रमोटर पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है और रिफंड के आदेश भी दिए जा चुके हैं, जिससे यह साफ होता है कि प्राधिकरण ने किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरती। रेरा की ओर से एसडीएम, नगर निगम आयुक्त और उपायुक्त सोलन को नोटिस जारी किए गए थे, जबकि धारा 118 के उल्लंघन की शिकायतों पर 21 अक्तूबर 2025 से लेकर 16 मार्च 2026 तक लगातार पत्राचार किया गया। इसके बावजूद जवाब न मिलना प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

वहीं पूर्व रेरा अध्यक्ष डॉ. श्रीकांत बाल्दी ने भी कहा कि यदि एसडीएम की रिपोर्ट में संपत्ति बेनामी पाई जाती है तो सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। अब यह मामला केवल एक प्रोजेक्ट तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि शासन-प्रशासन की जवाबदेही और कानून के पालन की कसौटी बन गया है। इस पूरे घटनाक्रम ने जनता में गहरी चिंता पैदा की है और पारदर्शिता की मांग तेज कर दी है। अब देखना होगा कि उच्च प्रशासन इस मामले में आगे क्या कदम उठाता है और जांच किस दिशा में आगे बढ़ती है, जिससे जिम्मेदारी तय हो सके और विश्वास बहाल किया जा सके।

**गाइडलाइन** रसोई गैस संकट को लेकर जिला खाद्य आपूर्ति विभाग ने जारी की नई गाइडलाइन

# पैनिक बुकिंग छोड़िए, घर द्वार पर मिलेगा सिलेंडर

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** अगर आप भी गैस खत्म होने के डर से समय से पहले सिलेंडर बुक कर रहे हैं, तो रुक जाइए! शिमला जिला प्रशासन ने साफ कर दिया है कि जिले में एलपीजी की कोई किल्लत नहीं है। संकट गैस का नहीं, बल्कि घबराहट का है। लोग जरूरत न होने पर भी अपनी पात्रता के अनुसार एडवांस बुकिंग कर रहे हैं, जिससे डिलीवरी सिस्टम पर बेवजह का दबाव बढ़ गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अपनी रसोई की चिंता छोड़ें और सामान्य तरीके से ही बुकिंग करें।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने स्पष्ट किया है कि अंतरराष्ट्रीय हलचलों का शिमला की रसोई पर कोई असर नहीं पड़ा है। स्थिति वैसी ही सामान्य है जैसी पहले थी। दिक्कत तब आ रही है जब उपभोक्ता घबराकर रिफिल बुक कर रहे हैं, जिससे वेटिंग लिस्ट लंबी होती जा रही है। जिला नियंत्रक ने दो टूक कहा है कि एजेंसियों के काउंटरों पर सिलेंडर लेने के लिए भीड़ न जुटाएं। इससे न केवल अव्यवस्था फैल रही है बल्कि कानून-व्यवस्था के लिए भी चुनौती पैदा हो रही है।

जानकारी के अनुसार व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए प्रशासन ने अब कड़ा रुख अपनाया है। शहर के उपभोक्ताओं को उनके घर पर ही सिलेंडर की डिलीवरी दी जाएगी, वहीं ग्रामीणों के लिए तय रूट चार्ट के हिसाब से ही फोकल पॉइंट्स पर गाड़ी पहुंचेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से कहा है कि वे वितरण कर्मचारियों के साथ सहयोग करें और धैर्य रखें। प्रशासन हर घर तक निर्बाध गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है।

### स्मार्ट उपभोक्ता बनकर निभाएं जिम्मेदारी

**इस** पूरी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए अब उपभोक्ताओं को भी स्मार्ट उपभोक्ता बनकर जिम्मेदारी निभानी होगी। यह समझना जरूरी है कि सही समय पर की गई बुकिंग ही व्यवस्था को पटरी पर रखेगी, इसलिए स्टॉक जमा करने की होड़ न मचाएं और केवल अपनी वास्तविक जरूरत पर ही रिफिल बुक करें। याद रखें कि एजेंसी काउंटर से सिलेंडर का वितरण नहीं होगा, इसलिए वहां भीड़ न जुटाएं।

### फोकल प्वॉइंट पर ही करें बारी का इंतजार

**केवल** होम डिलीवरी या निर्धारित फोकल प्वॉइंट पर ही अपनी बारी का धैर्यपूर्वक इंतजार करें। अनावश्यक भीड़ से बचें और सामाजिक व्यवस्था बनाए रखें, ताकि सभी लोगों को समय पर सेवा मिल सके। किसी भी प्रकार की भ्रामक खबर या अफवाहों पर यकीन न करें, बल्कि केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। वितरण कर्मियों के साथ सहयोग करें और उनके निर्देशों का पालन करें, क्योंकि वे आपकी सुविधा और सुरक्षा के लिए कार्य कर रहे हैं। प्रशासन का उद्देश्य हर पात्र व्यक्ति तक समय पर गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करना है, इसलिए जिम्मेदार नागरिक बनकर व्यवस्था बनाए रखने में अपना योगदान दें।

# तनाव में जयराम, पहले अपनी कुर्सी बचाएं : सीएम

## कहा-दो साल बाद क्या होगा यह भविष्य के गर्भ में छिपा या तो भगवान जानते हैं या शायद जयराम जानते होंगे

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर इन दिनों भारी मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। तभी वह इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं। यह बात उन्होंने रविवार को अपने कुल्लू जिला के एक दिवसीय दौरे के दौरान पत्रकारों के साथ अनौपचारिक वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि भाजपा के भीतर चल रही अंदरूनी जंग की वजह से जयराम ठाकुर की अपनी कुर्सी खतरे में है, ऐसे में वह जयराम को कांग्रेस की चिंता छोड़कर पहले अपनी पार्टी के भीतर चल रही 'लड़ाई' पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भारी तनाव में हैं और अपनी साख बचाने के लिए आधारहीन बयानबाजी का सहारा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भाजपा की अंदरूनी कलह को सार्वजनिक करते हुए कहा कि प्रदेश भाजपा इस समय 5 गुटों में विभाजित है।



पत्रकारों से अनौपचारिक वार्ता करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि पार्टी के भीतर ही एक बड़ा धड़ा उन्हें नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी से बेदखल करने की साजिश और पुरजोर कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि अपनी कुर्सी बचाने और आलाकमान को खुश करने के लिए जयराम ठाकुर अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पिछली भाजपा सरकार के दौरान हिम केयर योजना में हुए कथित भ्रष्टाचार का खुलासा करते हुए सबको चौंका दिया। उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में इतनी गंभीर लापरवाही और धांधली हुई कि पुरुषों के भी बच्चेदानी (हिस्टरेक्टॉमी) के ऑपरेशन कागजों में दर्शा दिए गए। सरकार योजना बंद नहीं कर रही, बल्कि पिछली सरकार की इन खामियों को दुरुस्त कर रही है।

### 'बीज किसका खत्म होगा, यह वक्त बताएगा'

**जयराम** ठाकुर द्वारा कांग्रेस का 'बीज खत्म करने' वाले बयान पर पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि दो साल बाद क्या होगा, यह भविष्य के गर्भ में छिपा है। यह या तो भगवान जानते हैं या शायद खुद जयराम जी जानते होंगे। लेकिन सच तो यह है कि 2 साल बाद जनता यह तय करेगी कि राजनीति से किसका बीज साफ होगा। जयराम पहले अपनी कुर्सी संभालें, फिर कांग्रेस की चिंता करें।

### सोशल मीडिया और आपदा पर घेरा

**मुख्यमंत्री** ने भाजपा पर संकट के समय प्रदेश का साथ न देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान भाजपा का कोई भी नेता दिल्ली जाकर हिमाचल के लिए राहत राशि मांगने नहीं गया। साथ ही, उन्होंने आरोप लगाया कि शिमला स्थित भाजपा कार्यालय में 50 लोगों की एक विशेष टीम सिर्फ कांग्रेस नेताओं की छवि खराब करने के लिए सोशल मीडिया पर सक्रिय की गई है।

### कांग्रेस विकास व जनहित के कार्यों में जुटी

**सीएम** ने कहा कि भाजपा अपनी अंदरूनी कलह में उलझी हुई है और जनता के मुद्दों से उसका कोई लेना देना नहीं रह गया है। जबकि कांग्रेस सरकार प्रदेश के विकास और जनहित के कार्यों में जुटी हुई है।

# पंचायत चुनावों में सरकार को लगेगा झटका और विस चुनावों में भाजपा करेगी सत्ता वापसी : जयराम

अनंत ज्ञान

**बालीचौकी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने अपने गृह विधानसभा क्षेत्र के दुर्गम इलाकों बागी, बांदल, खुनाची, डगैल, पलेउनी धार और थरापड़ का दौरा कर स्थानीय लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। दौरे के दौरान कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत और सम्मान भी किया।

जयराम ठाकुर ने पंचायत चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आपसी तालमेल और विकास के एजेंडे के साथ चुनावी मैदान में उतरें। उन्होंने दावा किया कि आने वाले पंचायत चुनावों में सरकार को झटका लगेगा और आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला करते हुए



जयराम ठाकुर को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

आरोप लगाया कि सत्ता में आने के बाद जनहितकारी संस्थानों को बंद किया गया है और विकास कार्यों में बाधाएं डाली जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार 'काम करने वाली नहीं, बल्कि काम रोकने वाली सरकार' साबित हुई है।

जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क का विस्तार केंद्र सरकार की योजनाओं के कारण संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि जिन दुर्गम क्षेत्रों का उन्होंने दौरा किया, वहां सड़क निर्माण में नाबार्ड और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत महत्वपूर्ण बजट उपलब्ध करवाया गया था।

उन्होंने यह भी कहा कि आपदा के बाद भी कई स्थानों पर सड़कों की स्थिति दयनीय बनी हुई है, जिसे बरसात से पहले सुधारना आवश्यक है, अन्यथा दोबारा नुकसान हो सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच जाकर सरकार की नीतियों को उजागर करने का आह्वान किया।

# दून विस क्षेत्र के विस्तार के लिए सह प्रभारी दीपक ने बनाई रणनीति



सम्मेलन के दौरान आम आदमी पार्टी में शामिल हुए युवा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बद्दी।** दून विधानसभा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न पंचायतों से आए कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सम्मेलन में सह प्रभारी दीपक झा ने संगठन विस्तार को लेकर रणनीति साझा की और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर लगाए गए आरोप निराधार साबित हुए हैं, जिससे कार्यकर्ताओं में नया उत्साह है। इस मौके पर नेताओं ने आगामी पंचायत चुनावों को लेकर संगठनात्मक मजबूती और बूथ स्तर तक विस्तार पर चर्चा की। सम्मेलन में क्षेत्र की समस्याएं भी प्रमुखता से उठीं, जिनमें सड़कों की जर्जर हालत, प्रदूषण, खेल मैदानों की कमी और अस्पतालों में संसाधनों का अभाव शामिल रहा। कार्यकर्ताओं ने बीबीएन क्षेत्र में सीएसआर फंड के सही उपयोग न होने का मुद्दा भी उठाया। बैठक में दून विधानसभा को चार जोन में बांटकर संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया गया। वहीं सम्मेलन के दौरान पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर अजय ठाकुर, अजीत सिंह संजीव चौधरी, सुखविंद्र सिंह चौधरी, गुरविंदर सिंह चौधरी, नरेश कुमार व जसविंद्र ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा।

# असामान्य मौसम की मार से बागवानी पर संकट

## मौसम की बेरुखी ने बागवानों की बढ़ाई चिंता, ओलावृष्टि व बारिश से हुआ भारी नुकसान

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश में मौजूदा समय में मौसम ने ऐसा अप्रत्याशित रूप लिया कि पारंपरिक कृषि एवं बागवानी चक्र पूरी तरह प्रभावित हो गया। बरसात के दिनों जैसी लगातार वर्षा, बीच-बीच में हुई ओलावृष्टि और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी ने मिलकर बागवानी क्षेत्र पर गहरा प्रहार किया है। खासकर सेब बेल्ट में फलों की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों पर प्रतिकूल असर पड़ा है, जिससे बागवानों के सामने आर्थिक संकट की स्थिति बनती नजर आ रही है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में मौसम की इस असामान्य गतिविधि ने फसलों की प्राकृतिक वृद्धि को बाधित किया। जहां एक ओर सेब की फसल को समय पर धूप और संतुलित तापमान की आवश्यकता होती है, वहीं लगातार नमी और ओलावृष्टि ने फूलों और कच्चे फलों को नुकसान पहुंचाया। इससे उत्पादन में गिरावट की आशंका गहराती जा रही है। अन्य गुठलीदार फसलें भी इस विपरीत मौसम की मार से अछूती नहीं रहीं।



बर्फबारी के बाद कई इलाकों में फलों के पौधों को अतिरिक्त क्षति का सामना करना पड़ा। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जहां बर्फ सामान्यत: लाभकारी मानी जाती है, वहीं असमय और अधिक मात्रा में गिरने वाली बर्फ ने पेड़ों की शाखाओं और कलियों को नुकसान पहुंचाया। इससे आने वाले सीजन की संभावनाओं पर भी प्रश्नचिह्न लग गया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि बदलते जलवायु परिदृश्य में ऐसे असामान्य मौसम की घटनाएं भविष्य में और बढ़ सकती हैं। ऐसे में बागवानों को पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ वैज्ञानिक उपायों को अपनाना होगा, जिससे जोखिम को कम किया जा सके और उत्पादन को स्थिर रखा जा सके।

इसी परिप्रेक्ष्य में बागवानों के लिए फसल बीमा योजना एक महत्वपूर्ण विकल्प के रूप में उभरती है। यह योजना प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई का आधार बन सकती है, बशर्ते समय रहते इसका लाभ उठाया जाए और इसके प्रावधानों को समझकर लागू किया जाए।

### समय रहते बीमा करवाएं बागवान : जगत नेगी



**बागवानी** एवं राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि इस बार मौसम अत्यंत असामान्य रहा है, जिसके चलते सेब बेल्ट और अन्य फसलों को व्यापक नुकसान हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कई स्थानों पर ओलावृष्टि और बर्फबारी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। उन्होंने बागवानों से अपील करते हुए कहा कि वे हर वर्ष 20 दिसंबर तक अपनी फसलों का बीमा अवश्य करवाएं। उनके अनुसार, योजना में गुठलीदार फलों और सेब के लिए विभिन्न मानक निर्धारित हैं तथा ओलावृष्टि जैसी घटनाओं को भी इसमें शामिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक बागवान यदि इस योजना से जुड़ते हैं, तो प्राकृतिक आपदाओं के समय उन्हें निश्चित रूप से राहत मिल सकेगी।

# अप्रैल महीने के मध्य या अंत तक हिमाचल आ सकते हैं राहुल गांधी

अनंत ज्ञान

- तैयारियां तेज, पंचायत चुनावों से पहले कार्यकर्ताओं में भरेंगे नई ऊर्जा

**ब्यूरो, शिमला।** राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के राज्य दौरे को लेकर अब समय-सीमा भी स्पष्ट होती नजर आ रही है। उनका दौरा अप्रैल माह के मध्य से लेकर अंत तक कभी भी तय हो सकता है। प्रदेश कांग्रेस संगठन इस संभावित कार्यक्रम को लेकर तैयारियों में जुट गया है और इसे बड़े राजनीतिक अवसर के रूप में देखा जा रहा है, जहां कार्यकर्ताओं को सीधे नेतृत्व से मार्गदर्शन मिलेगा। वही संगठन में सक्रियता आने के आसार है।



इस दौरे को खास तौर पर आगामी पंचायती राज चुनावों के संदर्भ में बेहद अहम माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राहुल गांधी की मौजूदगी से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार होगा, जिसका सीधा असर ग्रामीण स्तर की राजनीति पर पड़ सकता है। कांग्रेस इस मौके का उपयोग बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने और मतदाताओं के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए कर सकती है।

संभावना जताई जा रही है कि राहुल गांधी अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं को 'जीत का मंत्र' देते हुए एकजुटता, रणनीतिक प्रचार और जनसंपर्क पर विशेष जोर देंगे। यदि यह दौरा समय पर और प्रभावी ढंग से आयोजित होता है, तो पंचायती राज चुनावों में कांग्रेस को इसका सकारात्मक लाभ मिल सकता है और प्रदेश की सियासत में पार्टी को नई गति मिलने की उम्मीद है।

# रामानुजन डिजिटल योजना में आई अड़चनें

## ई-वाउचर अटके, महंगाई व तकनीकी खामियों से जूझते मेधावी छात्र

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के हजारों मेधावी विद्यार्थियों के लिए बड़े उत्साह के साथ शुरू की गई श्रीनिवास रामानुजन स्टूडेंट्स डिजिटल योजना अब मुश्किलों के भंवर में फंसती नजर आ रही है। सरकार द्वारा दिए गए 16-16 हजार रुपये के ई-वाउचर जहां छात्रों के डिजिटल सशक्तिकरण का जरिया बनने थे, वहीं अब ये वाउचर बड़ी संख्या में रिडीम ही नहीं हो पा रहे। नतीजतन, छात्रों के बीच निराशा और असमंजस का माहौल बन गया है।

दरअसल, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का असर अब इस योजना पर भी साफ दिखने लगा है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की कीमतों में अचानक आई तेजी ने बाजार को अस्थिर कर दिया है। जिन लैपटॉप और टैबलेट को विद्यार्थी वाउचर के जरिए खरीदना चाहते थे, उनकी कीमतें निर्धारित सीमा से ऊपर पहुंच चुकी हैं। ऐसे में छात्र या तो अतिरिक्त पैसे देने को मजबूर हैं या फिर खरीदारी टाल रहे हैं। इसके साथ ही योजना के क्रियान्वयन में तकनीकी खामियां भी बड़ी बाधा बन रही हैं। कई विद्यार्थियों ने शिकायत की है कि पोर्टल सही ढंग से काम नहीं कर रहा, वाउचर कोड स्वीकार नहीं हो रहे या फिर अधिकृत विक्रेताओं की सूची बेहद सीमित है। इससे ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों के छात्रों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। योजना की धीमी गति और बार-बार आ रही रुकावटों ने इसके उद्देश्य पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं।

सरकारी स्तर पर भी देरी एक बड़ा कारण बनकर उभरी है। वाउचर जारी होने और उनके उपयोग के बीच लंबा अंतराल रहा, जिससे बाजार की स्थितियां पूरी तरह बदल गईं। कई छात्र ऐसे भी हैं, जिनका शैक्षणिक सत्र आगे बढ़ चुका है लेकिन वे अभी तक डिजिटल उपकरण हासिल नहीं कर पाए हैं। इससे उनकी पढ़ाई और प्रतिस्पर्धा दोनों प्रभावित हो रही हैं।

### सरकार से खामियों को दूर करने का आग्रह

**अब** छात्रों और अभिभावकों की मांग है कि सरकार इस योजना की खामियों को फौरन दूर करे, वाउचर की राशि को मौजूदा बाजार दरों के अनुरूप बढ़ाए और तकनीकी प्रणाली को दुरुस्त बनाए। साथ ही अधिकृत विक्रेताओं की संख्या बढ़ाने और प्रक्रिया को सरल बनाने की भी जरूरत बताई जा रही है, ताकि यह महत्वाकांक्षी योजना वास्तव में विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने का माध्यम बन सके।

- ई-वाउचर रिडीम न होने से छात्रों में बढ़ी मायूसी
- पश्चिम एशिया युद्ध के असर से महंगे हुए गैजेट्स
- तकनीकी दिक्कतें और देरी ने योजना की रोकी रफ्तार

# सीटू फूंकेगी आंदोलन का बिगुल, मजदूर और किसान मुद्दों पर तेज होगा संघर्ष

अनंत ज्ञान

- 1 मई को 'संघर्ष दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के कैथू स्थित किसान मजदूर भवन, चितकारा पार्क में आयोजित सीटू जिला शिमला कमेटी की अहम बैठक में मजदूर और किसान वर्ग के मुद्दों को लेकर संघर्ष तेज करने का बड़ा फैसला लिया गया। बैठक में राज्य अध्यक्ष विजेंद्र मेहरा की विशेष उपस्थिति रही, जबकि जिला अध्यक्ष कुलदीप डोगरा ने अध्यक्षता की। बैठक का संचालन करते हुए जिला महासचिव अमित कुमार ने केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उदारीकरण और कॉर्पोरेटपरस्त नीतियों ने मजदूरों, किसानों और आम जनता की आजीविका पर गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि चार श्रम संहिताओं के जरिए मजदूरों के अधिकार कमजोर किए जा रहे हैं, सार्वजनिक क्षेत्र को तेजी से निजी हाथों में सौंपा जा रहा है और ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा देकर स्थायी रोजगार खत्म किया जा रहा है।

बैठक में आगामी आंदोलनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करते हुए 8 जून को आंगनबाड़ी वर्करों और 22 जून को मिड डे मील वर्करों की एक दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सुरक्षा और मंडी की हर्षा को न्याय दिलाने की मांग के साथ ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर 50 लाख रुपये मुआवजा देने की जोरदार मांग उठाई गई। वहीं सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप ग्रेच्युटी लागू करने और हाई कोर्ट के फैसले के तहत मिड डे मील वर्करों को 12 महीने का वेतन देने की मांग को तुरंत लागू करने पर जोर दिया गया। कमेटी ने हरियाणा की तर्ज पर न्यूनतम 7000 रुपये मासिक वेतन और समय पर भुगतान सुनिश्चित करने की भी मांग रखी। इसके अलावा 1 मई को 'संघर्ष दिवस' के रूप में मनाने, सुन्नी डैम परियोजना और शिमला शहर में प्रदर्शन करने तथा 28 से 30 मई तक हमीरपुर में श्रमिक कल्याण बोर्ड कार्यालय के घेराव में बड़ी भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया।

# 'मंत्री आपके द्वार' कार्यक्रम में विक्रमादित्य सिंह ने 17 समस्याओं का मौके पर किया निपटारा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के बसंतपुर के पास ग्राम पंचायत मंड्यालू में रविवार को लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह की अध्यक्षता में 'मंत्री आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मंड्यालू सहित आसपास की पंचायतों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी समस्याएं तथा मांगें मंत्री के सामने रखीं। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में 17 समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया गया।

कार्यक्रम में मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने नवगठित मंड्यालू पंचायत के गठन पर क्षेत्रवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पंचायत घर ग्रामीण विकास का केंद्र होता है, जहां से योजनाएं बनती हैं और उन्हें लागू किया जाता है। उन्होंने लोगों से पंचायत भवन के निर्माण के लिए उपयुक्त जमीन उपलब्ध करवाने का आग्रह भी किया।

मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी पंचायतों के समान विकास के



मंत्री विक्रमादित्य सिंह का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

लिए काम कर रही है। पुराने पंचायत भवनों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है और जहां जरूरत है, वहां नए भवन भी बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंड्यालू पंचायत में भी मूलभूत सुविधाएं चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने क्षेत्र के विकास कार्यों का जिक्र करते हुए बताया कि बडमेन से बसंतपुर संपर्क सड़क को पूरा किया गया है, जिस पर 6.84 लाख रुपए खर्च हुए हैं। बरसात से सड़क को हुए नुकसान की मरम्मत के लिए अतिरिक्त राशि भी स्वीकृत की गई है। बसंतपुर के मड्डुखर में 50.5 करोड़ रुपये की लागत से पॉलीटेक्निक कॉलेज भवन का निर्माण किया जा रहा है, जबकि युवाओं की मांग पर यहां एक बड़ा खेल मैदान भी बनाया जा रहा है।

इसके अलावा सुन्नी के पास हनुमान मंदिर के नजदीक 2.35 करोड़ रुपए की लागत से लाइब्रेरी का निर्माण कार्य भी जारी है। मंत्री ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में बसंतपुर पंचायत के विकास कार्यों के लिए 16 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने मंड्यालू से मटेन संपर्क सड़क के लिए बजट प्रावधान करने, ट्रांसफार्मर अपग्रेड करने और सिंचाई योजना के संवर्धन के लिए भी आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिया।

# प्रदेश में जलाशयों से प्राप्त मछलियों को पहली बार मिला न्यूनतम समर्थन मूल्य

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मछुआरा समुदाय के कल्याण को केंद्र में रखते हुए राज्य सरकार ने एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी पहल की है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में पहली बार जलाशयों से प्राप्त मछलियों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) लागू किया गया है। इस फैसले से मछुआरों को बाजार में होने वाले उतार-चढ़ाव से सुरक्षा मिलेगी और उनकी आय को स्थिरता प्राप्त होगी। सरकार का यह कदम न केवल मछुआरों के जीवन स्तर को सुधारने की दिशा में अहम है, बल्कि प्रदेश की मत्स्य अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती देगा।

जानकारी के अनुसार सरकार ने जलाशय मछलियों के लिए 100 रुपये प्रति किलोग्राम का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है। यदि नीलामी में कीमत इससे कम रहती है, तो राज्य सरकार प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से प्रति किलोग्राम अधिकतम 20 रुपये तक की सब्सिडी देगी। इस व्यवस्था से मछुआरों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा और भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में पहुंचने से पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। इससे छोटे और मध्यम वर्ग के मछुआरों को विशेष राहत मिलने की उम्मीद है।

मछुआरों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सरकार ने रॉयल्टी दर में भी बड़ी कटौती की है। पहले 15 प्रतिशत रही रॉयल्टी को घटाकर 7.5 प्रतिशत किया गया था, और अब इसे और कम करके मात्र 1 प्रतिशत कर दिया गया है। इस निर्णय से प्रदेश के छह हजार से अधिक मछुआरों को सीधा लाभ मिलेगा और उनके ऊपर से आर्थिक बोझ कम होगा। यह कदम मछुआरों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

### मछली उत्पादन 20 हजार मीट्रिक टन पहुंचा

**प्रदेश** के प्रमुख जलाशयों, गोबिंद सागर, पोंग डैम, रंजीत सागर, चमेरा जलाशय और कोल डैम में उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2022-23 में 549.35 मीट्रिक टन रहा उत्पादन 2025-26 में बढ़कर 818.02 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है, जबकि कुल मछली उत्पादन भी 20 हजार मीट्रिक टन के आंकड़े को पार कर चुका है। सरकार के इन ठोस प्रयासों से न केवल मत्स्य क्षेत्र को गति मिल रही है, बल्कि ग्रामीण रोजगार और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी नई ऊर्जा प्राप्त हो रही है।

- सरकार की पहल से सुरक्षित होगी मछुआरों की आय सीधे खाते में मिलेगा लाभ
- रॉयल्टी में भारी कटौती, अब सिर्फ 1% शुल्क से मिलेगा मछुआरों को फायदा

**चुनाव** सत्ता की दहलीज पर ग्रामीण रणभेरी, राज्य चुनाव आयोग ने 16 को बुलाई निर्णायक बैठक

# गांव की सरकार को बिछने लगी सियासी बिसात

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शांत पहाड़ों और ऊर्जस्वित ग्रामीण अंचलों में अब चुनावी डंके की गूंज सुनाई देने लगी है। यह शोर लोकतंत्र के उस बुनियादी उत्सव का है जो सीधे माटी से जुड़ी सत्ता को नया स्वरूप देता है। राज्य चुनाव आयोग ने आगामी 16 अप्रैल को एक निर्णायक बैठक आहूत की है, जिसकी कमान राज्य चुनाव आयुक्त अनिल खाची के हाथों में होगी। यह बैठक उस संकल्प की सिद्धि का मार्ग है, जहां से गांव की चौपालों का भविष्य तय होगा।

जानकारी के अनुसार लोकतंत्र के इस महाकुंभ का शेड्यूल उन लाखों उम्मीदों का खाका है जो ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद के रूप में साकार होती हैं। नामांकन की जटिल प्रक्रिया से लेकर विजय के उद्घोष





तक का यह सफर लगभग 30 दिनों की सघन साधना की मांग करता है। इस बार आयोग की चाल में फुर्ती और निर्णयों में पैनापन अनिवार्य है, क्योंकि शीर्ष अदालत की स्पष्ट लक्ष्मण-रेखा है। 31 मई तक चुनावी यज्ञ की पूर्णाहुति हो जानी चाहिए। इसी दबाव और दायित्व के बीच 16 अप्रैल की बैठक चुनावी तिथियों के सस्पेंस से पर्दा हटाएगी।

प्रशासनिक गलियारों में तैरती सूचनाओं और समय के गणित को जोड़ें, तो पहले चरण के मतदान की आहट 20 या 21 मई के आस-पास सुनाई दे सकती है। राज्य चुनाव आयुक्त अनिल खाची की अध्यक्षता में होने वाला यह मंथन सुरक्षा के व्यूह-रचना और पारदर्शी मतदान की गारंटी पर केंद्रित होगा। आयोग का लक्ष्य है कि जब जेठ की तपिश बढ़े, तब तक प्रदेश की पंचायतों को उनका नया नायक मिल चुका हो। यह बैठक उस रणभेरी का पहला नाद है, जिसके बाद प्रदेश के ग्रामीण भूगोल में आदर्श आचार संहिता का अनुशासन लागू हो जाएगा। पंचायती राज के इस डंके में इस बार विकास के दावों और ग्रामीण अस्मिता के बीच सीधा संवाद होगा। जहां एक ओर प्रशासनिक मशीनरी मतपत्रों और मतदान केंद्रों की शुचिता सुनिश्चित करने में जुटी है, वहीं दूसरी ओर गांवों की पगडंडियों पर सियासी पाँव पड़ने शुरू हो गए हैं। आयोग की यह बैठक एक ऐसा सेतु है, जो संवैधानिक बाध्यता और जन-आकांक्षाओं को जोड़ता है। यह देखना दिलचस्प होगा कि 16 अप्रैल को निकलने वाला 'चुनावी पिटारा' किन रणनीतियों के साथ सामने आता है।

अब आगे की प्रक्रिया में जिला स्तर पर प्रशासनिक तैयारियां तेज होने की संभावना है। मतदान केंद्रों की सूची, सुरक्षा व्यवस्था और कर्मचारियों की तैनाती को लेकर भी रूपरेखा तैयार की जाएगी। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान को भी गति दी जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोग लोकतंत्र के इस पर्व में भाग ले सकें। चुनाव आयोग का प्रयास रहेगा कि हर बूथ पर निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित हो तथा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना को पहले ही समाप्त किया जा सके। आगामी दिनों में राजनीतिक दलों की गतिविधियां भी तेज होंगी और गांव-गांव में चुनावी सरगर्मियां बढ़ती नजर आएंगी।

### चुनाव आयोग कृतसंकल्प आ रहा नजर

**यहां** की राजनीति में पंचायती राज चुनाव हमेशा से पावर पॉलिटिक्स की नर्सरी रहे हैं। 31 मई की समय-सीमा एक चुनौती तो है, लेकिन अनिल खाची के नेतृत्व में आयोग इस चुनौती को अवसर में बदलने के लिए कृतसंकल्प नजर आ रहा है। जैसे-जैसे 16 अप्रैल की घड़ी नजदीक आ रही है, गांवों की धड़कनें तेज हो रही हैं। अब सबकी नजरें उसी आधिकारिक उद्घोष पर टिकी हैं, जो यह तय करेगा कि प्रदेश की ग्रामीण सत्ता के सिंहासन पर इस बार कौन काबिज होगा और जनमत का ऊंट किस करवट बैठेगा।

# एटीएस मामले पर बस-टैक्सी ऑपरेटर्स की मांगों की करेंगे पैरवी : पठानिया

## उपमुख्य सचेतक ने धर्मशाला में जिले की विभिन्न यूनियन के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि कांगड़ा जिले में आरटीओ तथा एमवीआई के माध्यम से भी कमर्शियल वाहनों का फिलहाल मैनुअल फिटनेस टेस्ट सुविधा जारी रखने की मांग को केंद्र के समक्ष उठाया जाएगा। वहीं, जल्द जिले के टैक्सी, बस, ट्रक तथा आॅटो आपरेटर्स की मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ मीटिंग आयोजित करवाई जाएगी, ताकि सभी आॅपरेटर्स की समस्याओं का उचित निस्तारण किया जा सके।

धर्मशाला के परिधि गृह में कांगड़ा जिले के टैक्सी, बस, ट्रक तथा आॅटो आॅपरेटर्स के यूनियन के पदाधिकारियों के साथ आयोजित



धर्मशाला में टैक्सी, बस ट्रक ऑपरेटर्स की बैठक। अनंत ज्ञान

बैठक में पठानिया ने कहा कि राज्य सरकार ने आॅपरेटर्स के हितों को ध्यान में रखते हुए ही भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को कांगड़ा जिले में आरटीओ तथा एमवीआई के माध्यम से भी कमर्शियल वाहनों का फिलहाल मैनुअल फिटनेस टेस्ट सुविधा जारी रखने की अनुमति प्रदान मांगी है, ताकि कमर्शियल वाहन मालिकों तथा चालकों को उनकी रोजी-रोटी कमाने में असुविधा न हो। पठानिया ने कहा कि पहाड़ी राज्यों की व्यावहारिक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए केंद्र के समक्ष मामला उठाया गया है तथा प्रदेश के सभी भाजपा सांसदों को भी इस मामले में आॅपरेटर्स की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार के समक्ष मामले की पैरवी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की ओर से ही वाहनों की फिटनेस टेस्टिंग (जांच) अब आॅटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशनों (एटीएस) के माध्यम से करना अनिवार्य किया गया है। इस अवसर पर जिले की विभिन्न आॅपरेटर्स यूनियन के पदाधिकारियों ने एटीएस को लेकर आ रही समस्याओं से उपमुख्य सचेतक को अवगत करवाया तथा सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का भरोसा दिया।

## घेरा हादसे के परिवारों से मिले विधायक पठानिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया घेरा में हाल ही में हुए भीषण हादसे के पीड़ित परिवारों के बीच पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस हादसे में अध्यापक कर्ण बहादुर (40) पुत्र वीर बहादुर तथा करीना (18) और निशा देवी पुत्री सुरेश कुमार, निवासी बलड़ी का असामयिक निधन हो गया था। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत दु:खद और हृदय विदारक है, जिसकी भरपाई कभी संभव नहीं है। इस कठिन समय में सरकार और प्रशासन पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है। घटना में घायल लोगों के समुचित उपचार के लिए उन्होंने डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा के चिकित्सकों से फोन पर बात कर आवश्यक निर्देश दिए, ताकि घायलों को बेहतर और शीघ्र उपचार मिल सके। विधायक ने उपचाराधीन अशोक कुमार की भाभी को 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता गूगल पे के माध्यम से तत्काल प्रदान की। इसके अतिरिक्त मृतक परिवारों को 2.25 लाख रुपए की सहायता राशि देकर उनके प्रति सहयोग और सहानुभूति का संदेश दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी।

# कराटे बेल्ट टेस्ट में ढलियारा और देहरा के बच्चों ने हासिल की बेल्ट



ग्रेडिंग टेस्ट में ढलियारा और देहरा के 19 बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**डाडासीबा।** कराटे अकादमी देहरा में आयोजित ग्रेडिंग टेस्ट में ढलियारा और देहरा के 19 बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और अलग अलग रंगों की बेल्ट हासिल की।

टेस्ट में तेनजिन, छेकित, अविग्ना, अमोघ, अथर्व, अर्हत और अनुराग ने ब्राउन बेल्ट, और रेहा, युवान ने ब्लू बेल्ट, अंगद ने परपल और कैरवी, नव्या, यक्ष, ने ग्रीन बेल्ट, अव्या ने ऑरेंज और आरक्ष, सौम्या सोनी, तनिशी, अथर्व ने येल्लोबेल्ट हासिल की। आत्मरक्षा केवल एक कौशल नहीं, बल्कि एक जरूरत बन गई है। कराटे, जो कि एक प्राचीन मार्शल आर्ट है, न केवल शरीर को बलवान बनाता है, बल्कि इंसान के आत्मविश्वास और अनुशासन को भी नई ऊंचाइयों पर ले जाता है। आजकल कई स्कूलों और संस्थानों में कराटे को अनिवार्य फिटनेस गतिविधि के रूप में शामिल किया जा रहा है। कराटे को जसवां-परागपुर में पवन की ओर से अपने 3 सेंट्रो डाडासीबा, ढलियारा, देहरा के साथ-साथ कई स्कूलों में बढ़ावा दिया जा रहा है। पवन लगभग 20 साल से इस क्षेत्र से जुड़े हैं और कई राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपनी योग्यता का लोहा मनवा चुके है और कई बच्चो को भी नेशनल खिलवा चुके हैं।

# बाथू टिप्परी स्कूल में लगाए शिविर में 70 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान



बाथू टिप्परी स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**डाडासीबा।** डाडासीबा क्षेत्र के तहत आने वाले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाथू टिप्परी में मानव सेवा के उद्देश्य से एक सराहनीय पहल की गई। वर्ष 1996 के दसवीं कक्षा के पूर्व छात्रों द्वारा विद्यालय परिसर में पांचवें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें में 70 से अधिक रक्तदाताओं ने भाग लेते हुए रक्तदान किया। विशेष बात यह रही कि नारी शक्ति ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 6 महिलाओं ने रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।

आयोजकों में राकेश कुमार, चमेल सिंह, अनिल कुमार, संजय कुमार, आशीष कुमार, विजय कुमार, सुशील कुमार एवं रविंद्र सिंह शामिल रहे। उन्होंने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए उनके इस निस्वार्थ सेवा भाव की सराहना की। इस अवसर पर कांगड़ा से आए बुद्ध ट्रस्ट के सदस्यों का भी विशेष धन्यवाद किया गया, जिन्होंने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। साथ ही, विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ के सहयोग को भी आयोजकों ने सराहा। आयोजकों ने कहा कि रक्तदान जैसे पुण्य कार्य से न केवल जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है।

## सकोह छिंज मेले के विजेता को मिलेंगे 31 हजार रुपए

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** आलमपुर के सकोह में चार दिवसीय बैसाखी छिंज मेला 13 अप्रैल से 16 अप्रैल तक मनाया जाएगा। छिंज मेला कमेटी के अध्यक्ष अजय शर्मा, सुमित कुमार स्वरूप लाल ने बताया कि सोमवार को माता काली की झांकी निकाली जाएगी, जो काली माता मंदिर सकोह से करौंठी, जिहण, टिक्कर, गंदड़ अंदराणा, लिगुंडा से होकर काली माता मंदिर सकोह वापस पहुंचेगी। 14 अप्रैल को वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व उप प्रधान सुनील राणा करेंगे, जिसमें विजेता को 5100 रुपए उप विजेता को 3100 रुपए ट्रॉफी दी जाएगी, 15 अप्रैल को लोकल कुश्ती का शुभारंभ कपिल सपहिया अध्यक्ष बीकेपीएमसी द्वारा किया जाएगा, 16 अप्रैल को बड़ी छिंज के विजेता 31 हजार रुपए व उप विजेता को 21 हजार रुपए देकर सम्मानित किया जाएगा।

## कूहना स्कूल में 38 बच्चों का भविष्य एक शिक्षक के हवाले

**अनंत ज्ञान, गरली।** कूहना के प्राथमिक स्कूल में शिक्षा व्यवस्था की बदहाली को लेकर ग्रामीणों और अभिभावकों का गुस्सा अब सड़कों पर उतरने की स्थिति में पहुंच गया है। यहां पहली से पांचवीं कक्षा तक पढ़ने वाले 38 मासूम बच्चों की पूरी पढ़ाई केवल एक शिक्षक के भरोसे चल रही है, जिससे अभिभावकों में जबरदस्त आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिक्षा विभाग की घोर लापरवाही के कारण बच्चों का भविष्य खतरे में है। पांच कक्षाएं, अलग-अलग विषय और एक ही शिक्षक इस व्यवस्था को लोग शिक्षा का मजाक बता रहे हैं। उनका कहना है कि यह स्थिति किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। अभिभावकों ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि एक महीने के भीतर स्कूल में अतिरिक्त शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई, तो वे अपने बच्चों को स्कूल से निकालने के लिए मजबूर होंगे।

साथ ही विभाग के खिलाफ आंदोलन की भी तैयारी की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायतें करने के बावजूद न तो कोई निरीक्षण हुआ और न ही कोई ठोस कदम उठाया गया। केवल कागजी कार्रवाई और आश्वासन देकर मामले को टाला जा रहा है, जबकि जमीनी हकीकत लगातार बिगड़ती जा रही है। यह स्थिति न केवल कूहना स्कूल की, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र की गंभीर विफलता को उजागर करती है। सरकार जहां शिक्षा सुधार के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं गांवों के स्कूल संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं। अब बड़ा सवाल यह है क्या शिक्षा विभाग की नींद टूटेगी या फिर 38 बच्चों का भविष्य यूं ही अनदेखी का शिकार बना रहेगा।

# कर्मचारियों को जल्द आर्थिक लाभ दे सरकार

## टीजीटी कला संघ की मांग, 13 प्रतिशत लंबित डीए देने की घोषणा करें सीएम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश सरकार अति गंभीरता से कर्मचारियों की लंबित आर्थिक अदायगी का भुगतान करना शुरू करे। इस समय 13 प्रतिशत लंबित डीए का भुगतान करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। इस घोषणा का कर्मचारी लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं।

15 अप्रैल को मुख्यमंत्री इस बारे घोषणा करें और आचार संहिता से पहले पंजाब की तर्ज पर वेतन आयोग 2016 के एरियर का किस्तों में भुगतान करने, महंगाई भत्ते का 3 साल का एरियर देने, पंजाब वेतन आयोग 2016 में तय कर्मचारी भत्ते रिवाइज करने से जुड़े निर्णय लें। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश सरकार से उठाई है। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा पश्चिम बंगाल सरकार और पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा पंजाब सरकार को महंगाई भत्ते की अदायगी के बारे में दिए गए आदेश स्पष्ट करते हैं कि आर्थिक बदहाली का हवाला देकर कर्मचारियों की जायज वित्तीय अदायगी अनिश्चिकतकाल तक नहीं रोकी जा सकती है। हिमाचल में कर्मचारियों के आर्थिक अधिकार हाशिए पर आ गए हैं। राज्य सरकार ने 2.59 फैक्टर लागू करते हुए 2012 के हायर ग्रेड पे लाभ वापस ले लिए, मगर उनके बदले वह इंक्रीमेंट बहाल नहीं की जो कि हायर ग्रेड पे के नाम पर छीनी गई थी। फिर 4/9/14 योजना को ही बंद कर दिया गया। विभिन्न कोर्ट केस में फैसले के अनुसार, कर्मचारियों को देय अनेकों वित्तीय लाभ की अदायगी भी लंबित है। अब 8 किलोमीटर की बजाय 30 किलोमीटर दूरी पर यात्रा भत्ता दे रहे हैं, मगर इसके बिल भी लंबित हैं। लीव इनकैशमेंट और ग्रेच्युटी, मेडिकल बिल आदि अदायगियों का लंबित आंकड़ा चिंताजनक है। अब लंबित महंगाई भत्ते का एरियर भी प्रति कर्मचारी लाखों रुपए तक पंहुचा चुका है और वेतन आयोग के भी एरियर की राशि भी 8500 करोड़ से अधिक है। ऐसे में देय लाभ किस्तों में भी नहीं देने से अदायगी की राशि बढ़ती जा रही है, जो कि आर्थिक आपातकाल की स्थिति उत्पन्न कर सकती है। ऐसे में कर्मचारियों की सैलरी डेफर करना गलत है।

वर्ष 2020 के बाद कर्मचारियों की सैलरी बढ़ना लगभग बंद हो चुका है और वार्षिक इंक्रीमेंट के अलावा कर्मचारियों को देय महंगाई भत्ता, अन्य भत्ते आदि नहीं बढ़ाए गए हैं, जिससे महंगाई तो आसमान छू गई, मगर कर्मचारियों का वेतन वहीं खड़ा है। ऐसे में पंजाब की तर्ज पर वित्तीय देनदारी चुकाने का फार्मूला शीघ्र निकाला जाए, क्योंकि 1 जनवरी 2026 से अगले वेतन आयोग का समय शुरू हो चुका है जिसे हिमाचल पंजाब तर्ज पर दे या केंद्र सरकार की तर्ज पर, मगर इसे देने के मना नहीं किया जा सकता है।

## निजी शिक्षा और स्वास्थ्य संस्थानों पर नियंत्रण की मांग, नेपाल मॉडल की सराहना

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** भूतपूर्व सैनिक जनकल्याण सभा रैत के अध्यक्ष मदन शर्मा ने कहा कि नेपाल सरकार द्वारा निजी स्कूलों पर लगाए गए प्रतिबंध और नियंत्रण योग्य कदम की व्यापक सराहना हो रही है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से निजी स्कूलों की मनमानी पर अंकुश लगा है और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ी है। मदन शर्मा ने कहा कि यदि निजी स्कूलों के साथ-साथ छोटे-छोटे निजी अस्पतालों पर भी सख्ती की जाए तो इससे सरकार के साथ-साथ बेरोजगार शिक्षित युवाओं को भी रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि निजी स्कूल कम वेतन पर शिक्षकों से शिक्षण के साथ-साथ प्रशासनिक कार्य भी करवाते हैं, जिससे उनका शोषण होता है। उन्होंने कहा कि कई बार निजी अस्पताल गरीब मरीजों के इलाज से अधिक उनके परिजनों की जेब पर बोझ डालते हैं। सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं और हेल्थ कार्ड के बावजूद अधिकांश धन टेस्ट और अन्य प्रक्रियाओं में खर्च हो जाता है, जबकि मरीजों को वास्तविक उपचार का पूरा लाभ नहीं मिल पाता। मदन शर्मा ने सुझाव दिया कि सरकार को नेपाल जैसे सख्त नियम अपनाने चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि निजी स्कूलों को जारी रखना है तो शिक्षकों की नियुक्ति और वेतन सरकार के नियंत्रण में होना चाहिए। इसी प्रकार निजी अस्पतालों में बिलों की समीक्षा और पारदर्शी भुगतान प्रणाली लागू की जानी चाहिए, ताकि आम जनता को वास्तविक राहत मिल सके।

# समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाएं युवा: किशोरी

## बाबा साहेब के आदर्शों को धरातल पर उतारने के लिए सरकार कर रही निरंतर कार्य

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** विधायक किशोरी लाल ने रविवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर गुरु रविदास मंदिर सकड़ी में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। किशोरी लाल ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके संघर्ष, त्याग एवं भारतीय संविधान निर्माण में अतुलनीय योगदान को याद किया।

उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव राम अंबेडकर एक महान व्यक्तित्व के धनी थे, जिन्होंने अपने अद्वितीय ज्ञान, संघर्षशील जीवन और अटूट संकल्प के बल पर समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गोंको समानता, न्याय और अधिकार दिलाने का मार्ग स्थापित किया। उन्होंने न केवल भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आजीवन संघर्ष करते हुए एक संतुलित समाज की नींव रखी। उन्होंने कहा कि




गुरु रविदास मंदिर सकड़ी में समारोह का आयोजन। अनंत ज्ञान

हिमाचल प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और बाबा साहेब के आदर्शों को धरातल पर उतारने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग एवं वंचित वर्गों के कल्याण के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलते हुए शिक्षा को अपनाएं व अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें तथा समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष, उनके सिद्धांतों एवं सामाजिक सुधारों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विजय विद्यार्थी, मिलाप राणा, कमल, पूर्ण चंद, बबीता कटोच, देश राज, संजीव, कुशल, विजय कटोच, राम लोक, शंभू, अजय, सतीश, पवन, ध्रुव, राकेश, जोधा राम, गुरपाल तथा कर्म चंद आदि उपस्थित रहे।

## बठरा में 14-15 को होगा वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन

**पिंकी, डाडासीबा, अनंत ज्ञान।** क्षेत्र के युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यूथ स्पोर्ट्स कमेटी बठरा की ओर से पहली बार वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन 14 व 15 अप्रैल को किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता दिन के समय आयोजित होगी, जिसमें आसपास के क्षेत्रों की विभिन्न टीमें भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। आयोजकों के अनुसार, प्रतियोगिता में विजेता टीम को 7100 रुपए नकद पुरस्कार व आकर्षक ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम को 5100 रुपए नकद व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क 500 रुपए तथा री-एंट्री शुल्क 300 रुपए निर्धारित किया गया है। आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि सभी मैच निर्धारित नियमों के अनुसार खेले जाएंगे और अंपायर का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा। अनुशासन और खेल भावना के साथ भाग लेने की अपील की है, ताकि प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को मंच मिलेगा और युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने की प्रेरणा भी मिलेगी। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। अधिक जानकारी व पंजीकरण के लिए इच्छुक टीमें मोबाइल नंबर 8628076178, 7018671099, 7876474574 और 8894191170 पर संपर्क कर सकते हैं।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को देगा राजनीतिक अधिकार: रविता भारद्वाज

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा सचिव रविता भारद्वाज ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लिया गया एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी निर्णय है। उन्होंने कहा कि यह कानून देश की आधी आबादी को सम्मान देने के साथ-साथ उन्हें वास्तविक राजनीतिक शक्ति भी प्रदान करेगा।



उन्होंने बताया कि यह संवैधानिक संशोधन लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करता है, जो भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होगा। रविता भारद्वाज ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक महिलाओं के अधिकारों की केवल बातें कीं, जबकि भाजपा सरकार ने महिला सशक्तिकरण को जमीनी स्तर पर लागू किया है।

उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही हैं, लेकिन संसद और विधानसभाओं में उनका प्रतिनिधित्व अभी भी अपेक्षाकृत कम है। इस असंतुलन को दूर करने के लिए यह अधिनियम एक निर्णायक कदम है। उन्होंने उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, मुद्रा योजना और जनधन योजना जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे महिलाओं के जीवन स्तर में बड़ा सुधार हुआ है। अब महिलाएं केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि नीति निर्माण में भी निर्णायक भागीदार बनेंगी। अंत में उन्होंने कहा कि यह अधिनियम नए भारत की वह तस्वीर है, जहां महिलाएं नेतृत्व करेंगी और देश को विकास के नए शिखर तक ले जाएंगी।

**आयोजन** ज्वालामुखी के विधायक संजय रत्न करेंगे तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ

# राज्यस्तरीय कालेश्वर महादेव बैसाखी मेला आज से

अनंत ज्ञान

**परागपुर।** शिव तपोभूमि कालेश्वर महादेव राज्यस्तरीय बैसाखी मेले के आयोजन 13 से 15 अप्रैल तक किया जाएगा। तीन दिवसीय मेला इस बार केवल धार्मिक परंपरा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आस्था, संस्कृति, लोक कला और सख्त प्रशासनिक व्यवस्था का मजबूत संगम बनकर उभर रहा है।

प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। इस भव्य आयोजन की कमान एसडीएम देहरा कुलवंत पोटन के हाथों में है, जबकि तहसीलदार रक्कड़ अनुजा शर्मा सह अधिकारी के रूप में सभी व्यवस्थाओं की बारीकी से निगरानी कर रही हैं। इस बार मेले की सबसे बड़ी खासियत इसका सांस्कृतिक और मंचीय कार्यक्रम है, जिसमें प्रदेश के दिग्गज नेता, लोकप्रिय कलाकार और नामचीन गायक शिरकत करेंगे। तीन दिनों तक चलने वाला यह आयोजन हर वर्ग के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। मेले का शुभारंभ ज्वालामुखी विधायक संजय रत्तन द्वारा किया जाएगा। मंच पर युवा ऊर्जा और संगीत का संगम देखने को मिलेगा, जहां सारेगामापा फेम तन्मय चतुर्वेदी, रोहित वोहरा, धीरज शर्मा और मोहित गर्ग अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर करेंगे। यह दिन आधुनिक संगीत और युवा प्रतिभा के नाम रहेगा। तीसरे दिन समापन समारोह में एसपी देहरा मयंक चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इस दिन मंच पर ममता भारद्वाज और नीतीश मेहरा जैसे कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से मेले को भावपूर्ण विदाई देंगे। समापन समारोह भावनात्मक और सांस्कृतिक दोनों दृष्टि से विशेष रहने वाला है। इस बार प्रशासन ने सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। एसपी देहरा मंयक चौधरी के दिशा-निर्देशों में पुलिस बल लगातार अलर्ट मोड पर रहेगा। भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था और ब्यास नदी किनारे सुरक्षा को लेकर विशेष रणनीति तैयार की गई है। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई ह, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना न रहे।

### दूसरा दिन हिमाचली लोक संस्कृति को समर्पित रहेगा

**दूसरा** दिन पूरी तरह हिमाचली लोक संस्कृति को समर्पित रहेगा। इस दिन देहरा विधायक कमलेश ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। मंच पर लोक संस्कृति की पहचान माने जाने वाले नाटी किंग कुलदीप शर्मा अपनी धमाकेदार प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे। उनके साथ सुनील मस्ती सहित अन्य लोक कलाकार पारंपरिक लोकगीतों और नाटी से माहौल को पूरी तरह लोक रंग में रंग देंगे। यह दिन मेले का सबसे आकर्षक और भीड़भाड़ वाला दिन माना जा रहा है।

### आयोजन क्षेत्र को चार सेक्टरों में बांटा

**आयोजन** क्षेत्र को सुरक्षा दृष्टि से 4 सेक्टरों में बांटा गया है और हर सेक्टर में जिम्मेदार अधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित की गई है। पुलिस बल के साथ-साथ निगरानी तंत्र को भी मजबूत किया गया है, ताकि हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा सके। मेला प्रशासन ने इस बार सभी व्यवस्थाओं को व्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए उपमंडल देहरा के सभी विभागों को सक्रिय कर दिया है। बिजली, पानी, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाएं, यातायात नियंत्रण और आपातकालीन सेवाओं के लिए अलग-अलग नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। हर विभाग को स्पष्ट जिम्मेदारी दी गई है ताकि किसी भी स्तर पर अव्यवस्था की स्थिति न बने। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, मेडिकल सहायता केंद्र, अस्थायी शौचालय, पार्किंग व्यवस्था और सूचना प्रणाली को मजबूत किया गया है।

## डाडासीबा में होने वाला अंबेडकर जयंती कार्यक्रम स्थगित

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को डाडासीबा में आयोजित होने वाला कार्यक्रम इस बार अगली तिथि तक स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी डॉ. अंबेडकर सोशल ऑर्गेनाइजेशन जसवां-परागपुर के प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा ने दी। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्त हेडमास्टर गुरदास राम के नेतृत्व में बनी डॉ. अंबेडकर मिशन सोसाइटी हिमाचल प्रदेश द्वारा जिला ऊना में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कारण इस बार स्थानीय स्तर पर 14 अप्रैल का आयोजन स्थगित किया गया है और सभी सदस्य ऊना में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। उन्होंने आगे बताया कि डाडासीबा में अंबेडकर जयंती को लेकर आगामी दिनों में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी पदाधिकारियों की सहमति से आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जाएगी, ताकि क्षेत्र में भी हर वर्ष की तरह बाबा साहब की जयंती भव्य रूप से मनाई जा सके।

शाहपुर में राज्यस्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

# शाहपुर में 14 अगस्त से जुटेगा फुटबाल खिलाड़ियों का जमावड़ा

अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में शाहपुर में 14 अगस्त से राज्यस्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। इसका शुभारंभ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर करेंगे। इस टूर्नामेंट के आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए शाहपुर स्थित रेस्ट हाउस में बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला कांगड़ा फुटबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश चौहान ने की।

बैठक के दौरान आयोजन की रूपरेखा साझा करते हुए राकेश चौहान ने बताया कि एसोसिएशन इस टूर्नामेंट के माध्यम से युवाओं को खेलों से जोड़ने के साथ-साथ सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी जागरूक करेगी। उन्होंने घोषणा की कि टूर्नामेंट के शुभारंभ के अवसर



शाहपुर में बैठक में मौजूद पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

पर 'नशे के खिलाफ' एक विशाल एंटी-ड्रग्स मैराथन का आयोजन किया जाएगा। यह मैराथन 39 मील से शुरू होकर शाहपुर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस खेल महाकुंभ के शुभारंभ अवसर पर कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज विशेष अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि बैठक में टूर्नामेंट के प्रबंधन, खिलाड़ियों के ठहरने और मैदान की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह आयोजन न केवल प्रदेश के फुटबाल कौशल को निखारेगा, बल्कि नशे के खिलाफ चल रही मुहिम को भी नई ताकत प्रदान करेगा।

# 8वें वेतन आयोग की पेंशन विसंगतियों और ओआरओपी में सुधार को लेकर आवाज बुलंद

## प्रदेश भारतीय भूतपूर्व सैनिक लीग ने वार्षिक बैठक में रखा वित्तीय वर्ष का समस्त लेखा-जोखा

◆ **त्रैवार्षिक चुनावों को लेकर संगठन की रणनीति तैयार : कर्नल राणा**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश इंडियन एक्स-सर्विसेज लीग (आईईएसएल) की वार्षिक साधारण बैठक (एजीएम) धर्मशाला स्थित सैनिक विश्राम गृह में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेशभर से आए प्रतिनिधियों ने सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। साथ ही पिछले वर्ष बरसात से मंडी, चंबा सहित अन्य क्षेत्रों में हुए नुकसान के मद्देनजर लीग द्वारा 12 लाख रुपए की सहायता राशि वितरित किए जाने की जानकारी दी गई।


पूर्व सैनिकों के हितों को केंद्र के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा। अनंत ज्ञान

बैठक की अध्यक्षता करते हुए लीग के अध्यक्ष रिटायर्ड कर्नल वाईएस राणा ने बताया कि इस वर्ष दिसंबर में होने वाले त्रैवार्षिक चुनावों को लेकर संगठन ने रणनीति तैयार कर ली है। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधियों के चयन और चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाएगा और राष्ट्रीय लीग के संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार चुनाव संपन्न करवाए जाएंगे। कर्नल राणा ने कहा कि छठे व सातवें सहित आने वाले आठवें वेतन आयोग तथा वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) लागू होने के बावजूद कुछ विसंगतियां अभी भी बनी हुई हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक विशेष बोर्ड का गठन किया गया है, जिसका नेतृत्व चेन्नई के कर्नल रतिनाम कर रहे हैं। आगामी आठवें वेतन आयोग को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई और पूर्व सैनिकों के हितों को केंद्र सरकार के समक्ष मजबूती से रखने का संकल्प लिया गया। महासचिव रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल आरपी गुलेरिया ने कहा कि लीग दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले पूर्व सैनिकों की आवाज सरकार तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि पेंशन, ईसीएचएस मेडिकल सुविधाएं, वीर नारियों और शहीद परिवारों की सहायता जैसे मुद्दों पर लगातार प्रयास जारी हैं। बैठक के अंत में संगठन के कल्याणकारी कार्यों को और गति देने का संकल्प लिया गया।

## योल बाजार में फिर सजेगा बैसाखी मेला

**अनंत ज्ञान, योल।** धर्मशाला के योल बाजार में 13 और 14 अप्रैल को मनाया जाने वाला पारंपरिक बैसाखी मेला इस बार फिर से अपनी पुरानी भव्यता में नजर आएगा। नई गठित व्यापार मंडल की कार्यकारिणी ने मेले को बड़े स्तर पर आयोजित करने का निर्णय लिया है।

अध्यक्ष सनी भाटिया और उपाध्यक्ष रमन चौधरी ने बताया कि गहरी पुल से मानकसाह गेट तक बाजार में मेले की दुकानें सजेंगी, झूले लगाए जाएंगे और पारंपरिक गतिविधियां आयोजित होंगी। मेले का मुख्य आकर्षण दंगल प्रतियोगिता रहेगी, जो बाबरी मंदिर के पास आयोजित की जाएगी। इसके अलावा ढोल-नगाड़ों के साथ डोलियां पूरे बाजार में घूमेंगी और बस स्टैंड के पास 'टमक' की विशेष व्यवस्था होगी, जहां लोग अपनी कला का प्रदर्शन कर सकेंगे। व्यापारियों में मेले को लेकर खासा उत्साह है।

# सुधेड़ के समीप सड़क हादसे में राजस्थान के पर्यटक की मौत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा के मुख्यालय धर्मशाला मार्ग पर सुधेड़ गांव के समीप रविवार को दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। इस हादसे में बाइक सवार राजस्थान के पर्यटक 21 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक घायल हो गया। मृतक की पहचान दीपांशु जागिड़ (21), पुत्र सोहन लाल शर्मा, निवासी जोधपुर राजस्थान के रूप में हुई है।

धर्मशाला से उक्त मृतक युवक व उनका साथी हरियाणा निवासी कबीर सैनी बाइक में सवार होकर करेरी घूमने के लिए जा रहे थे, इस दौरान ही उक्त दर्दनाक हादसा हुआ है। जानकारी के अनुसार, दीपांशु जागिड़ पुत्र सोहन लाल शर्मा, निवासी जोधपुर (राजस्थान) अपने साथी कबीर सैनी पुत्र नरेश सैनी, निवासी भक्ति नगर, रेवाड़ी (हरियाणा) के साथ बाइक पर सवार होकर जालंधर से धर्मशाला घूमने आए थे। बताया जा रहा है कि रविवार को दोनों युवक धर्मशाला से करेरी गांव की ओर जा रहे थे, तभी सुधेड़ के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से फिसल गई। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत उपचार के लिए जोनल अस्पताल धर्मशाला ले जाया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान दीपांशु ने दम तोड़ दिया, जबकि कबीर सैनी की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। उधर, एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस थाना धर्मशाला में इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। शव का पोस्टमार्टम सोमवार को जोनल अस्पताल धर्मशाला में करवाया जाएगा, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। एएसपी ने बताया कि पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## हैप्पी बर्थडे


बिलासपुर के शिवांश भोगल को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सएप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## बड़ोल में ईएनटी चिकित्सा शिविर में 68 लोगों की जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा के ईएनटी विभाग प्रमुख डा. मुनीष सरोच के नेतृत्व में बड़ोल सभा भवन में बड़ोल निर्माण उत्थान एवं जनकल्याण परिषद के सौजन्य से चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कान, नाक और गले के 68 मरीजों की जांच की गई। बड़ोल सभा भवन में बड़ोल निर्माण उत्थान एवं जनकल्याण परिषद के अध्यक्ष आरपी चोपड़ा ने बताया कि इस दौरान मरीजों की जांच के बाद उन्हें निशुल्क औषधियां भी वितरित की गईं। जांच दल में डॉ. मुनीष सरोच के अलावा डॉ. करिश्मा गुलेरिया, डॉ. शैफाली चौधरी, डॉ. सौम्या मधुकर, डॉ. श्वेता चौहान, राकेश कुमार भी शामिल रहे। वहीं, शिविर को सफल बनाने में परिषद के कार्यकारिणी सदस्यों डॉ. वाईके डोगरा, डॉ. केसी कंवर, सुदर्शन शर्मा, दविंद्र कौशल, रमा कांत मेहता, रतनेश शर्मा, एसएन पराशर, मनमोहन पठानिया, सतिंदर महाजन, कै. पीसी ठाकुर ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

## न्यूज ब्रीफ

### ब्राह्मण कुमारों को करवाए जाएंगे यज्ञोपवीत धारण

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त पर 19 अप्रैल को ब्राह्मण कुमारों को यज्ञोपवीत धारण करवाए जाएंगे। यह जानकारी ब्राह्मण कल्याण परिषद मंडल के अध्यक्ष सुशील शर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि जो भी बच्चे यज्ञोपवीत धारण करना चाहते हैं, वे अपना नाम पहले संस्था के मार्गदर्शक जगदीश प्रसाद मिश्रा या महासचिव सतीश शर्मा के पास नोट करवा दें, ताकि संस्था यज्ञोपवीत धारण करवाने के लिए पूरा इंतजाम कर सकें। परशुराम जयंती समारोह पर हर वर्ष आयोजन होता है हिमाचल प्रदेश में सकोह आलमपुर परशु राम भवन है।

### कबीर पंथ समाज सुधार सभा ने की बैठक



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** देहन में कबीर पंथ समाज सुधार सभा, हिमाचल प्रदेश की राज स्तरीय त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मस्तराम ने की। बैठक में प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज की चुनौतियों पर चर्चा और विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार करना रहा। इस दौरान कबीर पंथी कल्याण बोर्ड के तहत विभिन्न प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया। साथ ही सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए जमीनी स्तर पर प्रयास तेज करने पर जोर दिया गया। सभा ने बैजनाथ में कबीर समुदाय भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए स्वीकृत करने पर विधायक किशोरी लाल का आभार जताया। अंत में सभी ने समाज की एकता और सहयोग को मजबूत करने का संकल्प लिया।

### बैजनाथ बस स्टैंड पर गंदगी से लोगों में रोष

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** स्वाभिमान पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं बैजनाथ मंडल प्रभारी जगजीत चंद कटोच ने प्रेस बयान में बैजनाथ बस स्टैंड की खराब सफाई व्यवस्था पर चिंता जताई है। उन्होंने बताया कि शौचालय का टैंक पूरी तरह भर चुका है, जिससे गंदा पानी बस स्टैंड में कूहल की तरह बह रहा है। इससे यात्रियों और आसपास के दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि दुकानदारों ने इस समस्या को एचआरटीसी के आरएम के समक्ष भी उठाया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। कटोच ने प्रशासन से मांग की है कि टैंक को शीघ्र खाली किया जाए और नियमित रूप से इसकी सफाई सुनिश्चित की जाए।

### तियारा डीएवी स्कूल में एआई क्षमता वर्धन कार्यक्रम शुरू



**अनंत ज्ञान, गगल।** डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा के प्रांगण में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' पर एक अभूतपूर्व क्षमता वर्धन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह आयोजन भविष्य की डिजिटल शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर रिसोर्स पर्सन जगदीप और नवलप्रीत सिंह ने शिक्षकों को एआई की असीम संभावनाओं से परिचित कराया और बताया कि तकनीक के माध्यम से शिक्षण को कैसे अधिक स्मार्ट और प्रभावी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम की मेजबान प्रधानाचार्या एकता अत्री ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्टैनफोर्ड स्कूल की प्रधानाचार्या बबिता और जीडी गोयनका स्कूल की प्रधानाचार्या प्रियंका टांक भी उपस्थित रहीं। तीन प्रतिष्ठित विद्यालयों के लगभग 60 शिक्षकों ने इसमें भाग लेकर नए अनुभव प्राप्त किए।

# पहले चरण की 60 फीसदी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा

अनंत ज्ञान

◆ **परिणाम समयबद्ध जारी करने की दिशा में बोर्ड प्रतिबद्धः डॉ. राजेश**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि प्रदेशभर में स्थापित 41 मूल्यांकन केंद्रों पर चल रही वार्षिक परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में अब तक लगभग 60 प्रतिशत उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा शेष कार्य को भी निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

डॉ. शर्मा ने बताया कि प्रथम चरण के मूल्यांकन कार्य को 16 अप्रैल 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जबकि इसी अवधि में द्वितीय चरण का कार्य भी प्रारंभ किया जाएगा। इसके लिए बोर्ड मुख्यालय से मूल्यांकन केंद्रों को उत्तरपुस्तिकाओं के बंडल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल तक घोषित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इस दिशा में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 10वीं एवं 12वीं कक्षाओं के विभिन्न विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन तेजी से किया जा रहा है, जिसमें हजारों शिक्षक सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। डॉ. राजेश शर्मा ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वे गोपनीयता एवं पारदर्शिता बनाए रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि विद्यार्थियों को समयबद्ध एवं सटीक परिणाम उपलब्ध कराए जा सकें।

# मां बगलामुखी जयंती को तीन दिवसीय उत्सव के रूप में मनाया जाएगा: कमलेश

## विधायक ने बनखंडी में निर्माणाधीन जूलॉजिकल पार्क का किया निरीक्षण


विधायक कमलेश ठाकुर ने मां बगलामुखी मंदिर में पूजा-अर्चना की। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**देहरा।** देहरा विधायक कमलेश ठाकुर ने प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

इसके बाद उन्होंने मंदिर न्यास की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें सर्वसम्मति से इस वर्ष मां बगलामुखी जयंती को तीन दिवसीय उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में न्यास सदस्यों ने श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बेहतर बनाने और आयोजन को भव्य रूप देने के सुझाव दिए। निर्णय के अनुसार मुख्य दिवस पर झंडा रस्म, विशेष पूजा, महाआरती और कन्या पूजन सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। तीनों दिन भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान भी चलेंगे। मंदिर न्यास ने जानकारी दी कि ट्रस्ट द्वारा वर्षभर सामाजिक कार्य जैसे जरूरतमंदों की सहायता, कन्याओं के विवाह में सहयोग, लंगर व्यवस्था और शिक्षा सहायता निरंतर की जा रही है। विधायक ने इन कार्यों की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इसके उपरांत विधायक ने बनखंडी में निर्माणाधीन दुर्गेश अरण्य जूलॉजिकल पार्क का निरीक्षण कर अधिकारियों को कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी।

# शिक्षकों की सहभागिता बढ़ाने, विद्यार्थियों को नवाचारी शिक्षण विधियों से जोड़ने पर जोर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाज कार्य एवं अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं भारतीय ज्ञान परंपरा में युवा प्राध्यापकों के लिए दो सप्ताह का क्षमता निर्माण कार्यक्रम के दूसरे दिन का आयोजन संपन्न हुआ।


केंद्रीय विश्वविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन। अनंत ज्ञान

रविवार को विषय विशेषज्ञों के रूप में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के सप्त-सिंधु परिसर, देहरा के निदेशक एवं कार्यक्रम के सह निदेशक प्रो. संजीत सिंह ठाकुर तथा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान लचीला बुनियादी ढांचा प्रभाग की वरिष्ठ सलाहकार डॉ. गरिमा अग्रवाल उपस्थित रहे। प्रो संजीत सिंह ने अपने व्याख्यान में भारतीय ज्ञान परंपरा के एकीकरण एवं अंत:विषय मॉड्यूल विकास पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने शिक्षकों की सहभागिता बढ़ाने, विद्यार्थियों को नवाचारी शिक्षण विधियों से जोड़ने तथा कार्यशालाओं एवं सेमिनारों के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा को प्रभावी बनाने पर बल दिया। साथ ही उन्होंने मेंटरशिप कार्यक्रमों के विकास, छात्र क्लबों के गठन तथा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के बीच अंत:विषय सहयोग को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। डॉ. गरिमा अग्रवाल ने आपदा प्रबंधन एवं आपदा लचीलापन से संबंधित विषयों पर प्रकाश डालते हुए शैक्षणिक संस्थानों को आपदा-प्रतिरोधी बनाने की रणनीतियों, पारंपरिक जल एवं भूमि प्रबंधन पद्धतियों की उपयोगिता तथा ड्यूस् आधारित सतत परिसर योजना के माध्यम से आपदा जोखिम न्यूनीकरण की आवश्यकता को स्पष्ट किया। साथ ही, उन्होंने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में शोध एवं विकास की संभावनाओं तथा स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर विशेष बल दिया। सत्रों के दौरान प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने प्रश्न एवं विचार प्रस्तुत किए, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा विस्तारपूर्वक किया गया। सभी सत्र ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहे।

## राजपाल डोगरा किए चंडीगढ़ प्रदेश भाजपा में कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** उपमंडल के तहत गंदड़ गांव के राजपाल डोगरा को चंडीगढ़ प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी में सदस्य नियुक्त किया गया है। महासचिव संजीव राणा ने प्रदेश भाजपा की कार्यकारिणी में कुल 22 सदस्यों की नियुक्ति की घोषणा की है, जिनमें राजपाल डोगरा का नाम भी शामिल है। यह सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं। राजपाल डोगरा की इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से क्षेत्र में खुशी और गौरव का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इसे गंदड़ गांव और पूरे क्षेत्र के लिए सम्मान की बात बताया है। समर्थकों का कहना है कि उनके अनुभव और संगठनात्मक क्षमता से पार्टी को और मजबूती मिलेगी। इस नियुक्ति के बाद राजपाल डोगरा ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का भरोसा दिलाया।

# आर्थिक मोर्चे पर प्रदेश सरकार पूरी तरह विफलः विश्व चक्षु

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा मीडिया सह प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार प्रदेश में तथाकथित झूठी सरकार का मॉडल लागू कर रही है, जहां आर्थिक संकट के चलते कर्मचारियों और अधिकारियों के वेतन को 'डेफर' करने की स्थिति उत्पन्न हो गई है। चक्षु ने इस घटनाक्रम को प्रदेश के इतिहास में अभूतपूर्व और शर्मनाक बताते हुए कहा कि आर्थिक मोर्चे पर वर्तमान सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है।



उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की गलत नीतियों के कारण राज्य की वित्तीय स्थिति गंभीर रूप से डगमगा गई है, और अब हालात ऐसे बन गए हैं कि न केवल कर्मचारियों बल्कि जनप्रतिनिधियों के वेतन पर भी संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने वर्तमान शासनकाल में भ्रष्टाचार के बढ़ते मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इस प्रकार के गंभीर आरोप हिमाचल के इतिहास में पहले कभी नहीं लगे। चेस्टर हिल प्रकरण पर कहा कि इस मामले में धारा 118 के उल्लंघन के साथ-साथ बेनामी लेनदेन की स्पष्ट संभावना है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक वरिष्ठ अधिकारी ने राजस्व सचिव के पद पर रहते हुए अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया, जिसकी जानकारी मुख्यमंत्री को पहले से थी, लेकिन अब उसे दबाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार में तालमेल का अभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। एक ओर मुख्य सचिव द्वारा सेवा विस्तार न देने के आदेश जारी किए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर उसी दिन मुख्यमंत्री कार्यालय से सेवा विस्तार दे दिया जाता है, जो प्रशासनिक अराजकता को दर्शाता है।

## रछियालू में राहत व पुनर्वास के तहत अवॉर्ड बंटना शुरू

**अनंत ज्ञान, गगल।** निकट रछियालू गांव में राहत एवं पुनर्वास योजना के तहत अवॉर्ड वितरण का कार्य शुरू हो गया है। इस प्रक्रिया में भूमि अधिग्रहण टीम के साथ सर्वे एजेंसी क्रेडल के अधिकारी भी सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। अवॉर्ड परिवार के मुखिया या जिनके नाम पर भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई हुई है, उन्हें प्रदान किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, जिन परिवारों के घर विस्तारीकरण की जद में आए हैं, उन्हें 37 लाख रुपए दिए जा रहे हैं।

वहीं, 10 जुलाई 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके विस्थापित सदस्यों को 7.75 लाख रुपए प्रदान किए जा रहे हैं, जिनकी भूमि अधिग्रहित हुई है, उन्हें 8.52 लाख रुपये तथा दुकानदारों को 9.68 लाख रुपए की राशि दी जा रही है। प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर रंजीत ठाकुर ने बताया कि अवॉर्ड वितरण का कार्य तेजी से जारी है और प्रभावितों को शीघ्र राहत प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है।

**जयंती** धर्मशाला में राज्यस्तरीय समारोह में रंगमंच के महान अभिनेता को दी श्रद्धांजलि

# स्व. मनोहर ने रंगमंच को दिलाई अलग पहचानः एडीसी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाषा, संस्कृति अकादमी की ओर से धर्मशाला महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में स्व. मनोहर सिंह जयंती पर राज्यस्तरीय समारोह आयोजित किया गया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त कांगड़ा विनय कुमार ने मनोहर सिंह को हिंदी रंगमंच का महान अभिनेता बताते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश को उन पर गर्व है। उन्होंने कहा कि मनोहर सिंह अपनी विशिष्ट अभिनय शैली के लिए जाने जाते थे, जिसे देशभर के रंगकर्मियों ने अपनाया।


स्व. मनोहर सिंह की जयंती पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. गौतम शर्मा 'व्यथित' ने उन्हें रंगमंच का अनुशासित सिपाही बताते हुए उनके मंच और फिल्मों में योगदान को याद किया। वरिष्ठ रंगकर्मी प्रवीण चांदला ने 'मनोहर सिंह: एक परिचय' विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत करते हुए उनके अभिनय जीवन का विस्तृत चित्रण किया। उन्होंने बताया कि मनोहर सिंह ने ओथेलो, तुगलक, आधे-अधूरे और अंधा युग जैसे प्रतिष्ठित नाटकों में यादगार भूमिकाएं निभाईं। उन्होंने विलियम शेक्सपीयर, गिरीश कर्नाड, मोहन राकेश और बर्टोल्ट ब्रेख्त जैसे महान नाटककारों की रचनाओं को अपने सशक्त अभिनय से जीवंत किया। साथ ही राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली में रंगमंडल प्रमुख के रूप में उनके योगदान को भी रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए रंगकर्मियों ने उनके जीवन, संघर्ष और कला के प्रति समर्पण पर अपने विचार साझा किए। मंच संचालन संजय सूद ने किया, जिन्होंने कहा कि मनोहर सिंह का जीवन निरंतर अभ्यास और समर्पण का प्रेरणादायक उदाहरण है। द्वितीय सत्र में 'जहर' नाटक का मंचन किया गया, जिसका लेखन पंकज सोनी और निर्देशन संजय सूद ने किया। इस दो पात्रों के नाटक में संजय सूद (केमिस्ट) और निशांत रघु ने प्रभावशाली अभिनय किया। करीब एक घंटे पंद्रह मिनट की प्रस्तुति ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा और रंगमंचीय परिपक्वता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

## धर्मशाला ब्लॉक में ज्ञान विज्ञान समिति की नई कार्यकारिणी गठित

# स्वर्णलता प्रधान और मनोज बने महासचिव


हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति ब्लॉक धर्मशाला की चुनी गई नई कार्यकारिणी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**मनोज चंदेल, योल।** हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति ब्लॉक धर्मशाला की बैठक गुरु रविदास सभागार, योल कैंट में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के इतिहास, कार्यप्रणाली और भविष्य की चुनौतियों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान साथी विजय ने ज्ञान विज्ञान समिति के इतिहास और कांगड़ा जिले में इसके योगदान पर प्रकाश डाला।

राका कॉल ने लोकतांत्रिक संगठनों की कार्यशैली पर अपने विचार व्यक्त किए। मनोज चंदेल ने कहा कि ज्ञान विज्ञान समिति एक जनसंगठन है, जिसमें विभिन्न विचारधाराओं के लोग शामिल होकर अंधविश्वास, रूढ़िवादिता और नशे के खिलाफ मिलकर कार्य कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मात्र 10 शुल्क देकर कोई भी व्यक्ति संगठन का सदस्य बन सकता है। डॉ. संजय चौधरी ने भविष्य की चुनौतियों पर चर्चा करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर परमिंदर सिंह, रमेश भनोट, सुखदेव सिंह और जिला अध्यक्ष उर्मिला राणा ने भी अपने विचार रखे। बैठक के अंत में जिला कमेटी सदस्य डॉ. संजय चौधरी द्वारा धर्मशाला ब्लॉक की नई कार्यकारिणी का प्रस्ताव रखा गया, जिसे उपस्थित प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से पारित किया। नई कार्यकारिणी में स्वर्णलता को प्रधान, राधा, सरदार परविंदर सिंह को उपप्रधान, मनोज चंदेल को महासचिव, उपेंद्र एवं रमेश भटूआ को संयुक्त सचिव तथा अन्य सदस्यों के रूप में उमेश, विजय, डॉ. संजय, उर्मिला राणा, राका कॉल, राजेश, अविनाश और नीलेश को शामिल किया गया। नशे के खिलाफ अभियान को तेज करने और अधिक से अधिक सदस्य बनाने का संकल्प लिया गया। सम्मेलन के उपरांत नवगठित कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रधान स्वर्णलता ने की। बैठक में सदस्यता अभियान, पंचायती चुनावों में जनजागरूकता और नशा विरोधी गतिविधियों को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया। अगली बैठक 8 मई को दाड़ी में आयोजित की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### नादौन में आज निकाली जाएगी शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, नादौन।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में 13 अप्रैल को नादौन विधानसभा क्षेत्र में शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा का नेतृत्व भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर करेंगे। शोभायात्रा प्रति 10:00 बजे संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर ढगो से शुरू हो गई। यह जानकारी संत गुरु रविदास मंदिर कमेटी ढगो के प्रवक्ता ने दी। प्रदेश गोवंश सेवा प्रकोष्ठ के सह संयोजक सुनील शर्मा ने बताया कि शोभायात्रा ढगो, झरेड़ी, कांगू, धनेटा सेरा रोड़, मानपुल, नादौन,बड़ा,रैल, रंगस, बूनी होते हुए संत रविदास मंदिर ढगो में समाप्त होगी।

### श्रमिकों तक पहुंचाया जा रहा योजनाओं का लाभ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार बोर्ड की विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे पात्र श्रमिकों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नए वित्त वर्ष के लिए बोर्ड ने 211.47 करोड़ रुपए के वार्षिक बजट को स्वीकृति प्रदान की है, जिसमें से 105 करोड़ रुपए विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के अंतर्गत खर्च किए जाएंगे।

### पूर्व मुख्यमंत्री धूमल को दी शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के निवास स्थान पर उनके जन्मदिन के अवसर पर लोगों का लगातार पहुंचना उनके प्रति अपार प्रेम और सम्मान को दर्शाता है। प्रदेशभर से कार्यकर्ता, समर्थक और आमजन बड़ी संख्या में उन्हें शुभकामनाएं देने पहुंचे। यह उनके सादगीपूर्ण व्यक्तित्व और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रमाण है। इस अवसर पर उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का यह स्नेह उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है और यही विश्वास उन्हें निरंतर जनसेवा के लिए आगे बढ़ने की शक्ति देता रहेगा।

### अर्जुन को इलाज के लिए दी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, नादौन।** समाजसेवी संस्था लोक कल्याण कमेटी लुथान की मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें वित्त वर्ष 2025-26 का आय-व्यय विवरण महासचिव द्वारा प्रस्तुत किया गया। बैठक के दौरान आर्थिक सहायता के लिए प्राप्त एक प्रार्थना पत्र पर विचार करते हुए पात्रता के आधार पर सुधंगल निवासी अर्जुन सिंह को बीमारी के उपचार के लिए 3000 रुपए की सहायता प्रदान की गई। बैठक में कमेटी के आगामी चुनाव और संगठन को मजबूत बनाने पर भी चर्चा हुई। अध्यक्ष ने बताया कि संस्था पिछले 10 वर्षों से गरीब परिवारों की बेटियों की शिक्षा, विवाह और जरूरतमंदों के इलाज में सहयोग करती आ रही है।

### प्रो. प्रेमलाल को मिलेगा 'हिमाचल गौरव सम्मान'



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए करियर प्वॉइंट यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर प्रोफेसर प्रेमलाल गौतम को इस वर्ष हिमाचल दिवस पर प्रतिष्ठित 'हिमाचल गौरव सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। प्रो. गौतम ने फसल सुधार, कृषि आनुवांशिकी और पौध प्रजनन में महत्वपूर्ण कार्य कर किसानों की आय बढ़ाने और भारतीय कृषि को आत्मनिर्भर बनाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है।

### सेवा भारती की पहल बनी जरूरतमंदों के लिए सहारा

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** सेवा भारती के जिला महासचिव वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि संस्था हमेशा गरीब और असहाय लोगों के उत्थान के लिए कार्य करती रही है। इसी क्रम में सहकारी सभा सलोनी में अन्नदान की अनूठी पहल शुरू की गई है। परिसर में दो ड्रम रखे गए हैं, जिनमें उपभोक्ता अपनी इच्छा से अन्नदान कर सकते हैं। पिछले तीन महीनों में करीब 625 किलोग्राम चावल, आटा, दाल, तेल और नमक एकत्रित कर जरूरतमंद बच्चों तक पहुंचाया गया है। यह पहल आगे भी जारी रहेगी और समाज के लिए प्रेरणादायक साबित हो रही है।

### नकली नोट मामला: आरोपी अभी गिरफ्त से बाहर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** लोहारड़ा बाई पास हमीरपुर में बुजुर्ग से नकली नोट के बदले असली नोट देने के मामले में अभी तक आरोपी पकड़ा नहीं गया है। सीसीटीवी में युवक को आते-जाते देखा गया है। शुक्रवार को पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। युवक ने पहलु दुकान में चाय पी, उसके दुकानदार से नोट बदलने को कहा। दुकानदार ने सभी नोट गल्ले में रख लिए और जब अगले दिन देखा तो 16 नोट नकली निकले। पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने पुष्टि की है।

# 22 को दोबारा होंगे सीनियर सिटीजन काउंसिल के चुनाव

## 15 मार्च को स्थगित कर दिए थे चुनाव, अब सहकारिता विभाग करवाएगा चुनाव

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** जिला प्रशासन ने सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर के चुनाव दोबारा 22 अप्रैल को करवाने का निर्णय लिया है। चुनाव करवाने का जिम्मा सहकारिता विभाग को सौंपा है। इन चुनावों के लिए भोरंज के तहसीलदार और सहायक पंजीयक सहकारिता को ऑब्जर्वर लगाया गया है।

गौर रहे कि इससे पहले संस्था के चुनाव 15 मार्च को आयोजित किए गए थे, लेकिन चुनाव अधिकारी द्वारा चुनावी प्रक्रिया सही ढंग से न अपनाने को लेकर विरोध किया था। इन चुनावों में काफी हंगामा भी हुआ था जिसके चलते चुनाव को स्थगित करना पड़ा था। इन चुनावों में वोटिंग करने को लेकर फैसला हुआ था और वोटिंग की प्रक्रिया भी की गई, लेकिन कई संस्था के सदस्य वोट नहीं डाल पाए, जिसके चलते यह विरोध हुआ था। चुनाव स्थगित होने के बाद संस्था का प्रतिनिधिमंडल और जो दूसरे सदस्य उपायुक्त हमीरपुर से मिले और सही तरीके से चुनाव करवाने के लिए आग्रह किया। इसके बाद जिला प्रशासन ने सहायक पंजीयक सहकारिता विभाग को चुनाव करवाने का जिम्मा सौंपा है। संस्था द्वारा सभी सदस्यों को 22 अप्रैल को होने वाले चुनावों को लेकर जानकारी के लिए कार्ड भेजे जा रहे हैं, ताकि सदस्य चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकें। संस्था ने प्रशासन से भी व्यवस्था बना रखने के लिए पुलिस कर्मचारियों को भेजने का आग्रह किया है।

सहायक पंजीयक सहकारिता विभाग के रवि कुमार का कहना है कि जनरल हाउस में संस्था के चुनाव करवाए जाएंगे। इन चुनाव को करवाने के लिए कोई विशेष नियम नहीं होता, लेकिन हालात को देखते हुए मौके पर ही फैसला लिया जाएगा। कार्यकारिणी का चुनाव जनरल हाउस में होंगे और हाथ खड़ा कर उम्मीदवार को लेकर सहमति जताई जाती है। उन्होंने कहा कि यदि यह प्रक्रिया संभव नहीं हुई तो दूसरी प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। इसके अलावा मौके को देखकर दूसरा तरीका भी अपनाया जाएगा। इस बार कोई भी चुनाव अधिकारी नहीं लगाया गया है, वे स्वयं और भोरंज के तहसीलदार इस चुनावी प्रक्रिया को पूरा करेंगे। चुनावों को लेकर सहकारिता विभाग का ही स्टाफ लगाया जाएगा। सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार पुरी ने बताया कि सदस्य को चुनाव के बारे में जानकारी देने के लिए कार्ड भेजे जा रहे हैं। सहकारिता विभाग ही इन चुनावों को करवाएगा। उन्होंने बताया कि संस्था के 328 सदस्य हैं, जिन्हें चुनाव के बारे में जानकारी दी जा रही है।

### जिला सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी घोषित

# शिव दयाल को किया जिला संयोजक नियुक्त

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** भाजपा हमीरपुर के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने प्रदेश नेतृत्व से विचार-विमर्श के उपरांत जिला सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी की घोषणा की है। शिव दयाल सिंह को जिला संयोजक नियुक्त किया गया है।

सुरेंद्र ढटवालिया, हेमराज संधू, निशांत गिल, राजेश कुमार, रतन कुमार, विमला राठौर, बेबी ठाकुर एवं रजनी कुमारी को जिला सह-संयोजक बनाया गया है। बड़सर विधानसभा के बड़सर मंडल में राजेश कुमार को मंडल संयोजक तथा परविंदर सिंह, रमन कुमार, मदन लाल व दलजीत सिंह को सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। ढटवाल मंडल में राजिंदर ढटवालिया को संयोजक तथा सुमन लता, अवतार, जगदीश चंद तथा जसवंत को सह संयोजक बनाया गया है। हमीरपुर विधानसभा के अंतर्गत शहरी मंडल में अशोक वालिया को संयोजक तथा राज कुमार, रणजीत सिंह, केहर सिंह व योगराज को सह संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हमीरपुर ग्रामीण मंडल में अजय चंदेल को संयोजक तथा गजराज जसवाल, सुनील कुमार, पवन कुमार व चंद्रशेखर को सह संयोजक नियुक्त किया गया है। भोरंज विधानसभा के भोरंज मंडल में कैप्टन वीर सिंह को संयोजक बनाया गया है, जिनके साथ अंजू ठाकुर, राज कुमार, सुरेंद्र ठाकुर एवं कमलेश ठाकुर सह-संयोजक रहेंगे। समीरपुर मंडल में शक्ति चंद को संयोजक तथा मनोज चौहान, अमृत लाल, सुरेश कुमार एवं नीलम कुमारी को सह-संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। राकेश ने बताया कि नादौन एवं सुजानपुर विधानसभा क्षेत्रों के मंडलों में पंचायतीराज प्रकोष्ठों की नियुक्तियों पर चर्चा जारी है और शीघ्र ही उनकी घोषणा की जाएगी।

# मुख्याध्यापक पदों की लंबित पदोन्नति सूचियां जल्द हो जारी

◆ पदोन्नत स्कूल प्रवक्ता संघ जिला हमीरपुर इकाई ने उठाई मांग

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** हिमाचल पदोन्नत स्कूल प्रवक्ता संघ जिला हमीरपुर इकाई ने प्रदेश सरकार से मुख्याध्यापक पदों की लंबित पदोन्नति सूचियों को जल्द जारी करने की मांग उठाई है। संघ के जिला प्रधान अजय कुमार नंदा, जिला महासचिव विनोद कुमार और जिला वित्त सचिव सुरेंद्र कालिया सहित अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से मांग रखी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्तमान समय में 600 से अधिक मुख्याध्यापक पद रिक्त पड़े हैं, जिससे विद्यालयों की शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में प्रधानाचार्य पदों पर हुई पदोन्नतियों के कारण लगभग 550 मुख्याध्यापक पद एक साथ खाली हो गए हैं।

इसका सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई, अनुशासन और शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ रहा है। संघ पदाधिकारियों के अनुसार, शिक्षा विभाग की ओर से पदोन्नति पैनल तैयार करने की प्रक्रिया पहले ही पूरी की जा चुकी है। पात्र अध्यापकों से जिला उपनिदेशकों के माध्यम से नाम मंगवाकर सूचियां तैयार कर ली गई हैं, लेकिन इसके बावजूद डीपीसी (डिपार्टमेंटल प्रमोशन कमेटी) प्रक्रिया को अंतिम रूप नहीं दिया जा रहा है। इस देरी के कारण शिक्षकों में असंतोष बढ़ रहा है और लंबे समय से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे शिक्षकों का मनोबल गिर रहा है। उन्होंने चिंता जताई कि कई शिक्षक 26 वर्षों की सेवा पूरी करने के बाद भी बिना पदोन्नति के सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जो शिक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर विषय है। संघ ने सरकार और शिक्षा विभाग से आग्रह किया कि पंचायत चुनाव और आचार संहिता लागू होने से पहले ही पदोन्नति सूचियां जारी की जाएं, ताकि रिक्त पदों को शीघ्र भरा जा सके।

## आपदा प्रभावित परिवारों के लिए राहत सहायता सराहनीय पहल: इंद्रदत्त

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने सोशल मीडिया माध्यम से पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वर्तमान सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा 'प्रयास' संस्था के माध्यम से क्षेत्र के आपदा प्रभावित परिवारों को प्रदान की गई राहत सहायता की सराहना की है। लखनपाल ने कहा कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आपदा प्रभावित परिवारों को 25,000 रुपए प्रति परिवार के हिसाब से कुल 6,75,000 रुपए की राहत राशि प्रदान करना एक अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायक पहल है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का सहयोग कठिन समय में प्रभावित परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित होता है। उन्होंने कहा कि इस चुनौतीपूर्ण समय में प्रभावित परिवारों के साथ खड़े होकर अनुराग ठाकुर ने संवेदनशीलता और सेवा भावना का परिचय दिया है। इस सहयोग से न केवल पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता प्राप्त होगी, बल्कि उनके मन में यह विश्वास भी मजबूत होगा कि वे इस कठिन समय में अकेले नहीं हैं और समाज उनके साथ खड़ा है। लखनपाल ने बड़सर की जनता की ओर से अनुराग ठाकुर के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया।

# विधायक सुरेश कुमार ने पंजोत में पुस्तकालय का किया शिलान्यास



नौ लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने रविवार को बमसन विकास खंड के पंजोत में सार्वजनिक पुस्तकालय का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर पंजोत और जंदल गांव के 9 लोगों ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस में शामिल होने वालों में सगली राम, कमलजीत चौहान, पृथी चंद, कैप्टन राकेश कुमार, ऊषा देवी, प्रोमिला देवी, निशा देवी और रूमा देवी शामिल रहे। इससे पहले दरव्यार गांव में भी तीन लोग कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं, जिससे लगातार दूसरे दिन पार्टी की ओर रुझान बढ़ता दिखा। नए सदस्यों ने विधायक सुरेश के विकास कार्यों पर भरोसा जताते हुए कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों से वे प्रभावित हैं और भविष्य में पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्य करेंगे। विधायक ने कहा कि पंजोत में बनने वाला पुस्तकालय युवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायक होगा। उन्होंने बताया कि मिनी सचिवालय भोरंज में पहले से आधुनिक पुस्तकालय संचालित है, जिससे कई युवा सरकारी व निजी क्षेत्रों में चयनित हो रहे हैं।

## हमीरपुर में 200 लड़कियों ने लगवाए एचपीवी के टीके

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) से बचाव के लिए शुरू किए गए एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत रविवार को जिलेभर के 32 अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में 14-15 वर्ष आयु वर्ग की 200 लड़कियों को एचपीवी वैक्सीन के टीके लगाए गए। इसके साथ ही जिले में इस अभियान के तहत टीका लगवाने वाली लड़कियों की संख्या 980 तक पहुंच गई है। 29 मार्च को जिलेभर में 206 लड़कियों का टीकाकरण किया था, जबकि 4 अप्रैल को 195 और 5 अप्रैल को 192 और 11 अप्रैल को 187 लड़कियों ने यह टीका लगवाया था। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय अत्री ने बताया कि प्राइवेट अस्पतालों में एचपीवी का टीका आम तौर पर दस हजार रुपए से भी अधिक कीमत पर उपलब्ध होता है, लेकिन सरकार लड़कियों को सुरक्षा चक्र प्रदान करने तथा उन्हें भविष्य में सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए यह टीका मुफ्त लगा रही है।

## साहित्यकार डॉ. ओपी शर्मा का हिमाचल गौरव पुरस्कार के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के साहित्यकार डॉक्टर ओपी शर्मा को साहित्य के क्षेत्र में हिमाचल गौरव सम्मान के लिए चुना गया है, जिससे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। यह सम्मान उन्हें हिमाचल दिवस समारोह में दिया जाएगा। उनका साहित्य



लेखन, स्वतंत्रता आंदोलन इतिहास व समाज कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हिमाचल सरकार के सचिव जीएडी ने डॉक्टर ओपी शर्मा को स्टेट गेस्ट डिक्लेयर किया है। इसकी सूचना संबंधित विभागों को भेज दी गई है। डॉ. ओपी शर्मा नादौन की पंचायत नौंहगी के समहूं गांव के निवासी हैं। वे मानव संसाधन विकास मंत्रालय में निदेशक के पद से सेवानिवृत्त हैं। 82 वर्षीय ओपी शर्मा लेखन एवं साहित्य के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने वीर भूमि ,राष्ट्रीय चेतना, शिक्षा बोर्डों का अध्ययन, बाबा मेहरदास, संकटमोचन हनुमान मंदिर, स्वतंत्रता सेनानी पं. इंद्र पाल क्रांतिकारी, साहित्यकार यशपाल, म्हारी सोच की रचना कर साहित्य शिल्पी के रूप में समर्पित पचास वर्ष सेवा की है। उन्हें अखिल भारतीय सामाजिक संस्था संघ अखिल भारतीय मानवाधिकार संघ। अखिल भारतीय साहित्य संसद समस्तीपुर पंजाब रंग मंच तरनतारन, हिमाचल प्रदेश शिक्षक महासंघ। बाबा मेहरदास मंदिर समिति। रामकृष्ण नंदा ट्रस्ट हमीरपुर। ज्वालामुखी विकास संस्था दिल्ली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रैल द्वारा शिरोमणि साहित्य सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।

# रजा मुराद ने हिमालय श्री अवॉर्ड से राजन और अमित को किया सम्मानित



अवॉर्ड लेने के बाद मुख्य अतिथि के साथ राजन और अमित। अनंत ज्ञान

◆ हिमालय श्री अवॉर्ड 2026 समारोह में बॉलीवुड अभिनेता राजा मुराद के हाथों मिला सम्मान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर और पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए अत्यंत गर्व और खुशी का अवसर रहा, जब हिमालय श्री अवॉर्ड 2026 समारोह में बॉलीवुड अभिनेता राजा मुराद द्वारा करियर प्वॉइंट यूनिवर्सिटी, हमीरपुर में सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के राजन कुमार और टीम के कप्तान अमित कुमार को सम्मानित किया गया। नॉर्थ जोन के इस बड़े अवॉर्ड को प्राप्त करना न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि पूरे प्रदेश, विशेषकर हमीरपुर के लिए गर्व का विषय है। दिव्यांग होने के बावजूद दोनों ने अपने हौसले, मेहनत और समर्पण से यह साबित किया कि मजबूत इरादों के आगे कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती। उनकी यह उपलब्धि समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है और हर उस व्यक्ति को आगे बढ़ने का संदेश देती है जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने सपनों को साकार करने का साहस रखता है। इस उपलब्धि के लिए राजीव राणा, आशा किरण संस्थान के संचालक डॉ. योगिंदर मलिक और डॉ. संजीव शर्मा का विशेष आभार व्यक्त किया गया।

## हमीरपुर की इन्फ्लुएंसर अंजली हिमालयन श्री अवॉर्ड से सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** करियर प्वॉइंट यूनिवर्सिटी में 10 अप्रैल को हिमालयन श्री अवॉर्ड का आयोजन किया गया। इस मौके पर हमीरपुर की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अंजली पुरी को हिमालयन श्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान मशहूर अभिनेता राजा मुराद और राजीव राणा के हाथों प्रदान किया गया। अंजली को इससे पहले भी कई प्रतिष्ठित हस्तियों से सम्मान मिल चुका है। उन्हें शिल्पा शेट्टी भाग्यश्री और रूपाली गांगुली जैसी नामी हस्तियों द्वारा भी अवॉर्ड से नवाजा जा चुका है। पिछले वर्ष उन्हें हिमाचल अचीवर्स अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया था। यह उपलब्धि न केवल अंजली के लिए, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।



## गरसाहड़ में ग्राम सुधार सभा चुनाव संपन्न, राकेश शर्मा बने प्रधान

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज की गरसाहड़ पंचायत में ग्राम सुधार सभा का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस दौरान 50 से अधिक ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सर्वसम्मति से राकेश शर्मा को प्रधान चुना गया। चुनाव प्रक्रिया में मंदिर कमेटी के प्रधान किशोरी लाल सहित सरोज कुमार, नरेंद्र धीमान, स्वरूप शर्मा, रवि चौधरी, कृष्ण कुमार, नवीन कुमार, योग राज और अजीत कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एकमत से राकेश शर्मा के नाम का समर्थन किया। राकेश शर्मा, जो सीनियर सेकेंडरी स्कूल सरकाघाट से गणित प्रवक्ता पद से सेवानिवृत्त हुए हैं, अपनी ईमानदारी, सरलता और सामाजिक योगदान के लिए जाने जाते हैं। ग्रामीणों को विश्वास है कि उनके नेतृत्व में गांव के विकास, स्वच्छता और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आएंगे। चुनाव के बाद ग्रामीणों ने उन्हें बधाई देते हुए सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई।

## नौहंगी के गांववासी पानी की समस्या से परेशान, धरना प्रदर्शन की दी चोतावनी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नौहंगी पंचायत के गांव रोहाल, धरकोला, समूह व बरोटी के निवासी काफी समय से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। पानी की समस्या को लेकर गांववासियों ने कई बार जल शक्ति विभाग को अवगत कराया, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं। रोहाल गांव के पंडित बाबू राम, मीना कुमारी, सीमा देवी, चप्पा देवी, रिता देवी, आशा रानी, कृष्ण देवी, करतार सिंह, विपन शर्मा, अशोक कुमार, मनोरमा देवी गुलशन कुमार, राजेंद्र कुमार, सोहन लाल, विमला देवी, रत्न चंद आदि गांववासियों ने सामाजिक संस्था हिंद संग्राम परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित वासुदेव शर्मा को इस समस्या को साझा किया। पंडित वासुदेव शर्मा ने गांववासियों के पानी की समस्या को लेकर जल शक्ति विभाग को लोगों के पानी की समस्या से अवगत करवाया। इस पर विभाग के संबंधित अधिकारी ने अगले दिन आने का आश्वासन दिया, लेकिन न तो समस्या का कोई समाधान हुआ और न ही कोई अधिकारी मौका पर आया। गांववासियों ने कहा कि अगर जल्दी पानी कि समस्या का हल नहीं हुआ तो जनता पानी के टैंक के पास धरने पर बैठ जाएंगे। वासुदेव शर्मा ने जल शक्ति विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से आग्रह किया कि कि उपरोक्त गांवों की पानी कि समस्या का समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि इन गांवों में निजी हैंडपंप न होते तो लोगों क्या हालत होती इस का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता था।

# 4 जैक राइफल के पूर्व सैनिकों ने हमीरपुर में मनाया पुनर्मिलन समारोह



पुनर्मिलन समारोह में विधायक आशीष शर्मा ने की शिरकत। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** 4 जैक राइफल फतेह शिवजी परिवार मेरी पलटन मेरा अभियान के तहत दूसरा हिमाचल प्रदेश का पुनर्मिलन समारोह हमीरपुर के बड़ू स्थित निजी पैलेस में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर हमीरपुर सदर विधायक आशीष शर्मा ने शिरकत की, तो 4 जैक राइफल सूबेदार मेजर रूप सिंह भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। इस दौरान अवसर पर विधायक आशीष शर्मा और 4 जैक राइफल सूबेदार मेजर रूप सिंह का पहुंचने पर पूर्व सैनिकों ने शॉल, टोपी पहनकर सम्मानित भी किया। विधायक आशीष ने कहा कि पूर्व सैनिकों के कार्यक्रम में आकर अपने आप को बहुत ही सौभाग्यशाली मान रहा हूं, क्योंकि यह वही पूर्व सैनिक है जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश की सेवा के लिए समर्पित किया है। इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान जैक राइफल के पूर्व सैनिकों ने अपने समय की यादों को भी एक-दूसरे के साथ साझा किया। कार्यक्रम में सूबेदार गोपाल सकलानी, कैप्टन पटियाल, कैप्टन मेघ सिंह, हवलदार ओंकार राणा, हवलदार बलबीर सिंह के अलावा जम्मू-कश्मीर पंजाब और हिमाचल के 4 जैक राइफल के पूर्व सैनिकों ने हिस्सा लिया।

## गामा जाहू छिंज की बड़ी माली के विजेता

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के जाहू में भ्याणू पीर लखदाता छिंज कमेटी द्वारा आयोजित 16वीं विशाल दंगल में प्रदेशभर से आए नामी पहलवानों ने दमखम दिखाया। हमीरपुर, बिलासपुर और मंडी जिलों से हजारों दर्शक इस पारंपरिक आयोजन का आनंद लेने पहुंचे। बड़ी माली के मुकाबले में लुधियाना के गामा पहलवान ने अमृतसर के युवराज को हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता को 21 हजार रुपए नकद व गुर्ज, जबकि उपविजेता को 15 हजार रुपए प्रदान किए गए। छोटी माली में बिलासपुर के रोशनदीन ने सुंदरनगर के सूरज को हराया। मुख्य अतिथि विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि दंगल हमारी संस्कृति और विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने जाहू खेल मैदान में स्टेडियम निर्माण के लिए 50 लाख रुपए और छिंज कमेटी को 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कामगार कल्याण बोर्ड ने पूरा किया श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा का सपना

## जिले में 1438 श्रमिकों के बच्चों को जारी किए हैं 4.29 करोड़ रुपए

### शिक्षा सहायता योजना बनी सहारा

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की 13 कल्याणकारी योजनाएं प्रदेश के श्रमिकों और उनके परिजनों के लिए वरदान साबित हो रही हैं। इन योजनाओं में मकान निर्माण, चिकित्सा सहायता, शिक्षा, विवाह सहायता, पेंशन और मृत्यु पर आर्थिक सहायता जैसे प्रावधान शामिल हैं। हमीरपुर में भी हजारों श्रमिक इन योजनाओं का लाभ ले रहे हैं।

श्रमिक कल्याण अधिकारी रश्मि ठाकुर ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में जिले में 1438 कामगारों के बच्चों की शिक्षा के लिए 4,29,85,600 रुपए की सहायता दी गई। वहीं विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 7,47,57,793 रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। शिक्षा सहायता योजना के तहत पहली कक्षा से पीएचडी तक 8400 से 1.20 लाख रुपए तक की सहायता दी जाती है। हॉस्टल में रहने वाले बच्चों को 20 हजार रुपए प्रतिवर्ष मिलते हैं। इन योजनाओं से श्रमिक परिवारों के बच्चों का उच्च शिक्षा का सपना साकार हो रहा है।

हमीरपुर शहर के निकटवर्ती उसली गांव की सुनीता देवी और मझोट गांव के सोनी कुमार के बच्चे भी इसी योजना का लाभ उठाकर आईटीआई का डिप्लोमा कोर्स कर रहे हैं। सुनीता देवी और उनके पति पुरुषोत्तम चंद मनरेगा एवं अन्य निर्माण कार्यों में मजदूर एवं मिस्त्री का कार्य करके जैसे-तैसे अपना परिवार चला रहे थे। बच्चों की उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा के बारे में तो वे सोच भी नहीं सकते थे। लेकिन, हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड में पंजीकरण करवाने के बाद तो जैसे उनकी चिंता ही दूर हो गई। बोर्ड की शिक्षा सहायता योजना का लाभ उठाकर अब उनका बेटा एक अच्छे संस्थान से आईटीआई का डिप्लोमा कर रहा है। उसे अभी तक बोर्ड से 48 हजार रुपए की राशि मिल चुकी है।

**सोनी कुमार का बेटा कर रहा आईटीआई :** मिस्त्री सोनी कुमार का बेटा भी अब आईटीआई कर रहा है। सोनी कुमार ने बताया कि उनके बेटे को नौंवी, दसवीं और ग्यारहवीं कक्षा में कुल मिलाकर 33 हजार रुपए की राशि मिल चुकी है और अब उसने आईटीआई में भी एडमिशन ले ली है। आईटीआई की फीस के लिए आर्थिक मदद के लिए भी उन्होंने आवेदन कर दिया है। प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए सोनी ने बताया कि हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की विभिन्न योजनाओं से गरीब श्रमिकों को बहुत बड़ी राहत मिल रही है।

# नौहंगी-बूणी में कांग्रेस को मिली और मजबूती, दो नए सदस्य हुए शामिल



विधायक कमलेश की मौजूदगी में कांग्रेस की ज्वॉइन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नादौन।** विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी दिन-दिन मजबूत हो रही है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू जी की नीतियों व विकास कार्यों से प्रभावित होकर हर वर्ग पार्टी के साथ जुड़ रहा है।

नादौन में विधायक कमलेश ठाकुर की मौजूदगी में नौहंगी से राजिंद्र कुमार सेवानिवृत्त अध्यापक तथा बूणी से विकास ठाकुर ने कांग्रेस ज्वॉइन की। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद ने हार पहनाकर दोनों को कांग्रेस पार्टी में शामिल किया। उन्होंने कहा कि राजिंद्र कुमार व विकास ठाकुर को कांग्रेस में पूरा मान सम्मान मिलेगा। राजिंद्र व विकास ने कहा कि मुख्यमंत्री विपरीत परिस्थितियों के बावजूद प्रदेश को विकास पथ पर आगे ले जाते हुए आत्मनिर्भर हिमाचल की परिकल्पना को साकार करने में लगे हुए हैं। नादौन में अथाह विकास हो रहा है। वे पूरी निष्ठा के साथ कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करेंगे।

## राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन से मिले पदाधिकारी, ज्वलंत मुद्दों पर हुई चर्चा

अनंत ज्ञान



**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के जिला कार्यालय के पदाधिकारियों ने राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन से उनके शिमला निवास स्थान पर भेंट कर क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण व जनहित के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान विकास कार्यों, युवाओं के रोजगार, बुनियादी सुविधाओं और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर सार्थक संवाद हुआ।

इस प्रतिनिधिमंडल में अभिराज ठाकुर, जिला कार्यालय सचिव रोहित हांडा, सह सचिव अंकुश वर्मा, नरेंद्र सहगल और कर्ण शर्मा शामिल रहे। पदाधिकारियों ने सांसद को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया और उनके जल्द समाधान की मांग की। राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों के समक्ष उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने सांसद के सकारात्मक दृष्टिकोण की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। यह बैठक विकास व जनकल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### चंबा में हिंदू सेवा समिति की नई कार्यकारिणी का गठन, जनकल्याण को सशक्त बनाने का लिया संकल्प

## संजय महाजन अध्यक्ष, सुभाष बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष

अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा मुख्यालय में हिंदू सेवा समिति, जुलाहकड़ी हरदासपुर के चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस दौरान सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सभी पदों पर निर्विरोध चयन हुआ। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिससे सदस्यों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। बैठक में संजय महाजन को एक बार फिर सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया।

उनके साथ सुभाष महाजन को वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। नई टीम में बुधिया राम को जनरल सेक्रेटरी, रोशन लाल शर्मा को ज्वॉइंट सेक्रेटरी, हर्ष महाजन को कोषाध्यक्ष तथा विनीत गुप्ता को लीगल एडवाइजर नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त धन्नो देवी व अरुण कुमार को एडवाइजर, जगदीश को स्टोर कीपर तथा हेम सिंह ठाकुर को प्रेस सचिव चुना गया। सभी पदाधिकारियों ने समिति



चंबा में हिंदू सेवा समिति की नई कार्यकारिणी। अनंत ज्ञान

के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने व समाज सेवा के कार्यों को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। चुनाव प्रक्रिया से पूर्व पुरानी कार्यकारिणी को विधिवत भंग किया गया, जिसके पश्चात नई टीम का गठन किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने संगठन के विकास व जनकल्याण से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए, जिन पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने अमल करने का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि हिंदू सेवा समिति हरदासपुर जुलाहकड़ी के 250 से अधिक सदस्य हैं। समिति पिछले कई वर्षों से सामाजिक सेवा, धार्मिक गतिविधियों व जनहित कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। जरूरतमंदों की सहायता से लेकर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन तक, समिति का योगदान सराहनीय रहा है। बैठक में लगभग 90 सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर सदस्यों के लिए दोपहर के भोजन की भी व्यवस्था की गई, जिससे कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

## हिमाचल में एलपीजी संकट गहराया, आम जनता से लेकर अर्थव्यवस्था तक असर : मनीष सरीन

अनंत ज्ञान

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश में एलपीजी आपूर्ति को लेकर गहराता संकट अब आम जनता की रसोई से लेकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था तक असर डालने लगा है। इस मुद्दे पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं वर्ष 2022 में डलहौजी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी मनीष सरीन ने केंद्र की एनडीए सरकार पर तीखा हमला बोला है।



उन्होंने कहा कि देश को 'विश्वगुरु' और 'आत्मनिर्भर भारत' बनाने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि भारत आज भी अपनी लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी जरूरत आयात से पूरी करता है, जो स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज जैसे संवेदनशील समुद्री मार्ग पर निर्भर है। सरीन ने तंज कसते हुए कहा कि हॉर्मुज में जरा सी हलचल भी हिमाचल की रसोई को प्रभावित कर देती है। इससे केंद्र सरकार की ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के दावों की पोल खुलती है। उन्होंने कहा कि कागजों में भले ही पर्याप्त आपूर्ति के दावे किए जा रहे हों, लेकिन जमीनी स्तर पर लोगों को समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। डिलीवरी में देरी और बढ़ती कीमतों के कारण कई स्थानों पर कालाबाज़ारी की शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि व्यावसायिक एलपीजी की कमी से प्रदेश के होटल, ढाबे व छोटे व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

सरीन ने चेतावनी दी कि यदि स्थिति जल्द नहीं सुधरी, तो रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, महंगाई बढ़ेगी और दूरदराज पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की मुश्किलें कई गुना बढ़ जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि लोग फिर से लकड़ी व कोयले जैसे विकल्पों की ओर लौटने को मजबूर हो सकते हैं, जिससे पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सरीन ने प्रदेश में विपक्ष की भूमिका निभा रही बीजेपी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब केंद्र में उनकी अपनी सरकार है, तो हिमाचल के सांसद और नेता इस मुद्दे पर मौन क्यों हैं। क्या उन्होंने दिल्ली में इस संकट को मजबूती से उठाया या अतिरिक्त एलपीजी कोटा मांगा? उन्होंने इस संकट को अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के साथ-साथ केंद्र सरकार की ऊर्जा नीतियों की दूरदर्शिता की कमी का परिणाम बताया।

## गद्दी जनजातीय विकास समिति का वार्षिक कैलेंडर जारी

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** अखिल भारतीय गद्दी जन-जातीय विकास समिति (पंजीकृत) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को सादिक नगर, नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान मुख्यातिथि विधायक नीरज बसौया ने समिति के वार्षिक कैलेंडर 2026-27 का विमोचन किया। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग 154-ए (पठानकोट-चंबा-भरमौर) की खराब स्थिति पर गंभीर चिंता जताई। सदस्यों ने कहा कि सड़क पर गड्ढों के कारण यह मार्ग दुर्घटनाओं का केंद्र बनता जा रहा है, जबकि जल्द ही पवित्र मणिमहेश यात्रा शुरू होने वाली है। समिति ने निर्णय लिया कि इस मुद्दे को लेकर केंद्र व हिमाचल सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा तथा एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भी मिलेगा। बैठक में गद्दी जनजातीय समुदाय के उत्थान व कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर अमित भाटी सहित समिति के कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## बैंकिंग सुविधाओं से वंचित सलूणी-हिमगिरि के दूरस्थ गांव, ग्रामीणों ने उठाई आवाज

अनंत ज्ञान

**चंबा।** सलूणी-हिमगिरि क्षेत्र के दूरस्थ गांवों में रहने वाले लोगों ने अपने इलाके में बैंक शाखा या एटीएम स्थापित करने की मांग तेज कर दी है।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में उन्हें बैंकिंग सुविधाओं के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय व धन दोनों की भारी हानि होती है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, क्षेत्र में न तो कोई बैंक शाखा है व न ही एटीएम की सुविधा उपलब्ध है, ऐसे में लोगों को छोटे-छोटे वित्तीय कार्यों के लिए भी लगभग 15 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है और उसमें भी कई बार कैश नहीं उपलब्ध होता, तो उससे अगली एटम मशीन उन्हें 32 किलोमीटर सलूणी जाना पड़ता है, जिससे कि विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं व विद्यार्थियों को इससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पेंशन, छात्रवृत्ति, मनरेगा भुगतान व अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित धनराशि निकालने के लिए उन्हें बार-बार दूर स्थित बैंकों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। खराब मौसम और जर्जर सड़कें उनकी मुश्किलों को और बढ़ा देती हैं। स्थानीय निवासी जश्न (हिमगिरि) ने कहा, 'आज के डिजिटल युग में भी हमारा क्षेत्र बैंकिंग सुविधाओं से वंचित है। यदि यहां बैंक शाखा या एटीएम स्थापित किया जाता है, तो इससे लगभग 7 ग्राम पंचायतों को सीधे तौर पर फायदा होगा व हजारों लोगों को राहत मिलेगी और क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।' ग्रामीणों का मानना है कि बैंकिंग सुविधाओं का अभाव विकास में एक बड़ी बाधा बन रहा है। उनका कहना है कि यदि क्षेत्र में बैंक शाखा या कम से कम एटीएम स्थापित किया जाता है, तो न केवल लोगों की दैनिक समस्याएं दूर होंगी, बल्कि व्यापार, शिक्षा और स्वरोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा।

### ग्रामीणों की मांग

**प्रशासन** व संबंधित बैंक जल्द से जल्द क्षेत्र का सर्वे कर यहां बैंक शाखा या कम से कम एटीएम की सुविधा उपलब्ध कराएं। लोगों का विश्वास है कि यह कदम क्षेत्र के हजारों निवासियों के लिए राहत साबित होगा व उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## कैफे रोड को 'नो डॉग जोन' घोषित करने की मांग

**अनंत ज्ञान, चंबा।** शहर के प्रमुख सैर स्थल कैफे रोड की बिगड़ती स्थिति को लेकर समाजसेवक शिशु गुप्ता ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा



कि यह स्थान आम जनता के लिए सुकून व विश्राम का केंद्र है, जहां दिनभर की व्यस्तता के बाद लोग अपने परिवार के साथ समय बिताने आते हैं। शिशु गुप्ता ने कहा कि हाल के दिनों में कैफे रोड पर कुत्तों द्वारा फैलाई जा रही गंदगी एक बड़ी समस्या बन गई है। कई मालिक अपने पालतू कुत्तों को यहां घुमाने लाते हैं, लेकिन उनके मल-मूत्र की सफाई नहीं करते, जिससे पूरे क्षेत्र में अस्वच्छता फैल रही है। उन्होंने कहा कि इस कारण न केवल लोगों को असुविधा हो रही है, बल्कि यह स्थिति स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक बनती जा रही है। विशेष रूप से बुजुर्गों व बच्चों के लिए यह वातावरण सुरक्षित नहीं रह गया है। समाजसेवक शिशु गुप्ता ने प्रशासन से मांग की है कि कैफे रोड को 'नो डॉग जोन' घोषित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने इस क्षेत्र में कुत्तों को घुमाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त जुर्माना लगाने तथा सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आम जनता को अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने को मजबूर होना पड़ेगा।

## विश्व युवा संसद में अदिति ठाकुर बनीं 'बेस्ट स्पीकर'

अनंत ज्ञान

**चंबा।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की स्वयंसेवी व राजकीय महाविद्यालय चंबा की छात्रा अदिति ठाकुर ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए 'बेस्ट स्पीकर' का प्रतिष्ठित सम्मान हासिल किया है।

यह गौरवपूर्ण उपलब्धि उन्होंने विश्व युवा संसद में 'हेल्थ एंड वेलनेस' विषय पर प्रभावशाली वक्तव्य देकर अर्जित की। यह तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय आयोजन केंद्रीय युवा मामले व खेल मंत्रालय के तत्वावधान में यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज बेंगलुरु में आयोजित किया गया। इस वैश्विक मंच पर 30 देशों और भारत के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपने विचार प्रस्तुत किए। अदिति ठाकुर को कॉलेज में आयोजित एक सादे सम्मान समारोह के दौरान प्राचार्य प्रोफेसर राकेश राठौर ने स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर अविनाश पाल व प्रोफेसर संतोष देवी भी उपस्थित रहे। प्रोफेसर अविनाश पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन में हेल्थ एंड वेलनेस, यूथ इन डेमोक्रेसी, पीस एंड सिक्योरिटी, साइबर क्राइम और एग्रीकल्चर एंड सस्टेनेबिलिटी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों के व्याख्यान आयोजित किए गए। हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए एनएसएस के छह स्वयंसेवकों दीपक शर्मा, अदिति ठाकुर, अंजली, चंद्रिका, जितेंद्र और सुशांत—ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अपने संबोधन में



अदिति ठाकुर को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

प्राचार्य प्रोफेसर राकेश राठौर ने कहा कि अदिति की यह उपलब्धि न केवल महाविद्यालय, बल्कि पूरे चंबा जिले और हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि अदिति की सफलता उनके ज्ञान, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अदिति से प्रेरणा लेकर अपने भीतर की प्रतिभा को निखारें और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें। इस उपलब्धि पर एनएसएस और शिक्षा जगत से जुड़े अधिकारियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने अदिति ठाकुर को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## सरोल में करोड़ों रुपए से बना मेडिकल कॉलेज लेकिन शिफ्टिंग ने होने से मरीज सुविधा को तरसे

अनंत ज्ञान

**चंबा।** आम आदमी पार्टी के जिला चंबा संयोजक अजय अटवाल ने सरोल में निर्मित नए मेडिकल कॉलेज परिसर में अब तक शिफ्टिंग न होने पर राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपए की लागत से तैयार आधुनिक ढांचा आज भी पूर्ण रूप से उपयोग में नहीं लाया जा रहा, जिससे सरकार की नीयत और कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं। अजय अटवाल ने कहा कि सरोल परिसर में आधुनिक अस्पताल, शैक्षणिक भवन, छात्रावास व अन्य बुनियादी सुविधाएं विकसित की गई हैं, जिनसे स्वास्थ्य सेवाओं व मेडिकल शिक्षा में बड़ा सुधार संभव है। इसके बावजूद शिफ्टिंग में लगातार हो रही देरी से चंबा की जनता इन सुविधाओं से वंचित है। उन्होंने यह भी माना कि किसी भी बड़े संस्थान के स्थानांतरण में चरणबद्ध प्रक्रिया आवश्यक होती है, लेकिन अनिश्चितकालीन देरी किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि चंबा एक पिछड़ा व आकांक्षी जिला है, जहां पहले से ही स्वास्थ्य सुविधाओं की भारी कमी है। गंभीर बीमारियों व आपातकालीन स्थितियों में आज भी मरीजों को टांडा रेफर किया जाता है, जो जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था की वास्तविक स्थिति को उजागर करता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधा हर नागरिक का मूल अधिकार है और इसे राजनीतिक लाभ के लिए टाला नहीं जा सकता।

अजय अटवाल ने सत्तारूढ़ सरकार के साथ-साथ विपक्षी विधायकों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि इतना बड़ा जनहित का मुद्दा होने के बावजूद इसे मजबूती से नहीं उठाया जा रहा है। उन्होंने विशेष रूप से सवाल उठाया कि क्षेत्र के पांच में से तीन भाजपा विधायक इस मुद्दे पर आखिर क्यों चुप्पी साधे हुए हैं और मूकदर्शक बने हुए हैं।

### सरकार जानबूझकर शिफ्टिंग में देरी कर रही : अजय



**उन्होंने** आरोप लगाया कि राज्य सरकार जानबूझकर शिफ्टिंग में देरी कर रही है, ताकि वर्ष 2027 के चुनावों में इसे राजनीतिक स्टंट के रूप में भुनाया जा सके। उन्होंने कहा, 'चंबा की जनता अब किसी भी राजनीतिक दल के सस्ते हथकंडों को स्वीकार नहीं करेगी। लोग वास्तविक विकास और समय पर सुविधाएं चाहते हैं।' अंत में अजय अटवाल ने राज्य सरकार से मांग की कि सरोल मेडिकल कॉलेज में शिफ्टिंग की स्पष्ट समय-सीमा घोषित की जाए व इसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता अब जवाब चाहती है सरोल में शिफ्टिंग आखिर कब होगी?

## नशे पर एसआईयू का करारा प्रहार 3.18 ग्राम चिट्टे सहित युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



**राहुल सहगल, चंबा।** जिले में नशे के बढ़ते कारोबार पर शिकंजा कसते हुए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट (एसआईयू) चंबा ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है।

रविवार को लगभग 2.05 बजे गश्त के दौरान हरिपुर स्थित आईपीएच टैंक के समीप चंबा-सिरकुंड मुख्य मार्ग पर पुलिस ने 3.18 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विशाल कुमार शर्मा (31) पुत्र प्रकाश चंद शर्मा, निवासी , डाकघर सरू, तहसील व जिला चंबा के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नियमानुसार सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी कीं और मादक पदार्थ को कब्जे में ले लिया। यह कार्रवाई एसआईयू चंबा के हेड कांस्टेबल योग राज द्वारा अंजाम दी गई, जिन्होंने सतर्कता और तत्परता का परिचय देते हुए इस ऑपरेशन को सफल बनाया। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि चंबा में नशे के कारोबार को किसी भी सूरत में पनपने नहीं दिया जाएगा। इस कार्रवाई से नशा तस्करों में हड़कंप मच गया है, जबकि आम जनता ने पुलिस की सक्रियता और प्रतिबद्धता की सराहना की है।

## योग से युवाओं का समग्र विकास संभव : प्रो. अनुपमा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी की पूर्व प्रो वाइस-चांसलर एवं डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. अनुपमा सिंह ने कहा कि सनातन परंपरा में शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञानार्जन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और आत्मबल को सशक्त करना है। योग और आत्मरक्षा का समन्वय आज के युवाओं को मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वे गुरुकुल सनातन शास्त्र विद्या में सनातन शास्त्र विद्या, योग एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत विशेष परीक्षण कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुई।

इस अवसर पर युवा प्रतिभागियों ने अपने उत्कृष्ट कौशल, अनुशासन, आंतरिक शक्ति एवं आत्मरक्षा तकनीकों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों एवं अभिभावकों ने सराहा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रमुख प्रशिक्षक अजय ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने अनुशासन, समर्पण और आत्मविश्वास का उत्कृष्ट परिचय दिया। उनके नेतृत्व में युवाओं को न केवल आत्मरक्षा की तकनीकों में दक्ष बनाया जा रहा है, बल्कि उनमें संस्कार, संयम और राष्ट्रप्रेम की भावना भी विकसित की जा रही है। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है, ताकि वे समाज में सकारात्मक योगदान दे सकें। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।



गुरुकुल सनातन शास्त्र विद्या में सनातन शास्त्र विद्या, योग एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण। अनंत ज्ञान

## रन फॉर अंबेडकर, रन फॉर संविधान दिल्ली में गूंजा सामाजिक न्याय का संदेश

अनंत ज्ञान



**चंबा।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती से पूर्व राजधानी दिल्ली में सामाजिक न्याय, समानता व संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भव्य मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।

'रन फॉर आंबेडकर, रन फॉर कॉन्स्टिट्यूशन' थीम पर आयोजित इस दौड़ का नेतृत्व राष्ट्रीय अनुसूचित कांग्रेस विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र गौतम ने किया। इस ऐतिहासिक मैराथन का शुभारंभ सुबह 6:45 बजे मंडी हाउस, नई दिल्ली से लोकसभा में विपक्ष के नेता और युवाओं के दिलों की धड़कन राहुल गांधी ने हरी झंडी दिखाकर किया। दौड़ का समापन 26 अलीपुर रोड स्थित डॉ. आंबेडकर राष्ट्रीय स्मारक के प्रवेश द्वार पर हुआ। यह वही अंतरराष्ट्रीय स्मारक है, जहां संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर ने अपनी अंतिम सांस ली थी। लगभग 9 किलोमीटर लंबी इस मैराथन में 10 हजार से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने संविधान की रक्षा, समानता व सामाजिक न्याय के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद कर्मवीर बौद्ध, चरणजीत सिंह चन्नी तथा भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन सहित अनेक गणमान्य हस्तियां भी उपस्थित रहीं, जिन्होंने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। आयोजकों ने कहा कि यह मैराथन बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर के जन्मदिवस से पूर्व उनके प्रति सम्मान, उत्साह और निष्ठा प्रकट करने का एक प्रेरणादायक अवसर है। इस आयोजन ने युवाओं में संविधान के प्रति जागरूकता और राष्ट्रीय एकता का सशक्त संदेश दिया।

## कार्तिक स्वामी कुगती मंदिर के कल खुलेंगे कपाट

अनंत ज्ञान

**भरमौर/चंबा।** भरमौर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 13 व 14 अप्रैल को कार्तिक स्वामी कुगती मंदिर के लिए विशेष बसें चलाई जाएंगी।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कार्यकारी एडीएम भरमौर विकास शर्मा ने बताया कि मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन ने पहले ही सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। गौरतलब है कि ऐतिहासिक कार्तिक स्वामी मंदिर कुगती के कपाट हर वर्ष शीतकाल के दौरान बंद रहने के बाद इस बार 14 अप्रैल को पुनः श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। मंदिर के कपाट 30 नवंबर को बंद किए गए थे व अब लगभग साढ़े चार महीने बाद विधि-विधान के साथ इन्हें खोला जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। प्रशासन द्वारा भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था व सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। 13 अप्रैल से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू होने की उम्मीद है, जिसके मद्देनजर परिवहन सुविधा को सुदृढ़ किया गया है। 14 अप्रैल, जिसे क्षेत्र में आस्था व परंपरा के साथ विशेष महत्व दिया जाता है, उसी दिन मंदिर के कपाट पूरे धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ खोले जाएंगे। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान नियमों का पालन करें और सहयोग बनाए रखें, ताकि सभी को सुगम और सुरक्षित दर्शन का लाभ मिल सके।



### श्रद्धालुओं से कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने का आग्रह, सफाई अभियान भी चलेगा

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** सुप्रसिद्ध प्राचीन व ऐतिहासिक कार्तिक स्वामी मंदिर कुगती के कपाट खुलने के अवसर पर चौरासी व्यापार मंडल भरमौर ने श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान स्वच्छता और पवित्रता बनाए रखने की अपील की है। व्यापार मंडल ने विनम्र निवेदन करते हुए कहा है कि मंदिर परिसर और मार्गों में किसी भी प्रकार का कूड़ा-कचरा खुले में न फेंका जाए।

व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि अक्सर यात्रा के दौरान कोल्ड ड्रिंक की खाली बोतलें, प्लास्टिक के गिलास, प्लेटें और खाद्य पदार्थों के पैकेट इधर-उधर फेंक दिए जाते हैं, जिससे क्षेत्र का प्राकृतिक सौंदर्य व धार्मिक स्थल की गरिमा प्रभावित होती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे कचरे को निर्धारित स्थानों पर ही डालें या अपने साथ लेकर सुरक्षित तरीके से निपटान करें। इस अवसर पर व्यापार मंडल द्वारा सफाई अभियान भी चलाया जाएगा, जिसमें स्थानीय लोग व स्वयंसेवक भाग लेंगे। साथ ही यात्रा मार्गों पर श्रद्धालुओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा, ताकि पूरे क्षेत्र में स्वच्छ वातावरण बना रहे। चौरासी व्यापार मंडल के प्रधान रंजीत शर्मा, महासचिव महिंद्र पटियाल, वरिष्ठ सदस्य देशराज शर्मा, जैसी राम शर्मा, आजाद जरियाल और कालु शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यह क्षेत्र प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ धार्मिक आस्था का भी प्रमुख केंद्र है, इसलिए इसकी स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## 'प्रकृति की पाठशाला' प्रोजेक्ट पर युद्धवीर ने सतत शिक्षक समुदाय को किया संबोधित

अनंत ज्ञान

**चंबा।** राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक व नवाचारी अध्यापक युद्धवीर टंडन ने अर्थ जस्ट व हिमकोस्ट के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किए गए सतत संवाद कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के सतत शिक्षक समुदाय के शिक्षकों को संबोधित करते हुए अपने प्रोजेक्ट 'प्रकृति की पाठशाला' के बारे में बताया। सतत शिक्षक समुदाय प्रदेश के शिक्षकों का ऐसा समुदाय है।

जिसमें प्रदेश के शिक्षक हिमाचल में पर्यावरणीय संरक्षण के मिशन को लेकर अपने-अपने प्रोजेक्ट के साथ कार्य करते हैं। समुदाय के चौथे कोहर्ट के चेंजमेकर को संबोधित करते हुए शिक्षक युद्धवीर टंडन ने उन्हें 'प्रकृति की पाठशाला प्रोजेक्ट' के बारे में बताया। यह प्रोजेक्ट बच्चों को प्रकृति में, प्रकृति द्वारा एवं प्रकृति के लिए शिक्षा देने के शिक्षाशास्त्री दृष्टिकोण पर आधारित है। इस प्रोजेक्ट के तहत बच्चों को सतत विद्यार्थी से सतत नागरिक के रूप में विकसित करने के उद्देश्य पर कार्य किया जाता है। प्रकृति में उपलब्ध सामग्री का प्रयोग करते हुए बच्चों को हिंदी, गणित, विज्ञान, कला व अन्य विषयों के ज्ञान से जोड़ने का प्रयास किया जाता है।

इससे बच्चों को अनुभव आधारित शिक्षा प्रदान की जा सके। शिक्षक युद्धवीर के इस प्रोजेक्ट को अर्थ जस्ट संस्था व सतत शिक्षक समुदाय द्वारा सराहया भी गया।

अनंत Classifieds

नाम दुरूस्ती

**मैं,** नीतो देवी पत्नी स्वर्गीय कमल कुमार निवासी #147-बी/1, गांव सिहारल, डाकघर सुंदरनगर-1, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश, घोषणा करती हूं कि आधार कार्ड और पैन कार्ड में मेरा नाम नीतू देवी (Neetu Devi) गलत दर्ज है। मेरा वास्तविक और सही नाम नीतो देवी (Neeto Devi) है। सभी संबंधित नोट करें।

बाधाएं व्यक्ति की परीक्षा होती हैं। उनसे उत्साह बढ़ना चाहिए, मंद नहीं पड़ना चाहिए।

–यशपाल

## संपादकीय

# जांच में उलझन

हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में बहुचर्चित चेस्टर हिल जमीन मामला प्रशासनिक पारदर्शिता, राजनीतिक जवाबदेही और आम जनता के भरोसे की बड़ी परीक्षा बन गया है। जिस तरह से यह मामला उलझता जा रहा है, उसने जनमानस में यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या यह प्रकरण भी अन्य विवादों की तरह केवल सुर्खियों तक सिमट कर रह जाएगा या वास्तव में किसी ठोस नतीजे तक पहुंचेगा ?इस पूरे विवाद की जड़ में जमीन खरीद से जुड़ा कथित बेनामी लेन-देन और हिमाचल प्रदेश काश्तकारी एवं भूमि सुधार अधिनियम, 1972 की धारा 118 के उल्लंघन के आरोप हैं। पहाड़ी राज्य हिमाचल में बाहरी लोगों की ओर से खरीदी जानी वाली जमीन को लेकर बेहद सख्त नियम लागू हैं। यही कारण है कि जब इस मामले में मुख्य सचिव संजय गुप्ता का नाम सामने आया, तो स्वाभाविक रूप से मामला और अधिक संवेदनशील हो गया। हालांकि उन्होंने स्वयं प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इन आरोपों को खारिज किया और स्पष्ट किया कि जमीन की खरीद उनकी नियुक्ति से पहले हुई थी, फिर भी सवाल पूरी तरह खत्म नहीं हुए। लोकतंत्र में केवल सफाई देना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि जांच की निष्पक्षता और पारदर्शिता भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। दुर्भाग्यवश, चेस्टर हिल मामले में यही सबसे बड़ा सवाल बनकर उभरा है। एक ओर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जांच डीसी सोलन को सौंप देते हैं तो, वहीं दूसरी ओर मुख्य सचिव के पत्र के बाद उसी जांच प्रक्रिया पर रोक लग जाती है। फिर मामला रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) तक पहुंचता है और वहां से भी पत्राचार का सिलसिला चलता है। इस तरह जांच का बार-बार अलग-अलग अधिकारियों और संस्थाओं के बीच स्थानांतरण न केवल भ्रम की स्थिति पैदा करता है, बल्कि इससे जांच की मंशा पर भी सवाल उठ रहे हैं।

इस मामले में एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि रेरा, जो एक अर्ध-न्यायिक संस्था है, पहले ही इस परियोजना का पंजीकरण कर चुकी है। यदि रेरा के नियमों के तहत परियोजना को मंजूरी दी गई थी, तो फिर बाद में धारा 118 के उल्लंघन की बात कैसे सामने आई ? क्या रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में कोई चूक हुई या फिर बाद में परिस्थितियां बदलीं ? इन सवालों का स्पष्ट उत्तर मिलना आवश्यक है, क्योंकि इससे न केवल इस मामले की सच्चाई सामने आएगी, बल्कि भविष्य में ऐसी परियोजनाओं के लिए भी एक दिशा तय होगी। एसडीएम सोलन की रिपोर्ट ने इस विवाद को नया मोड़ दिया, जिसमें कथित रूप से धारा 118 के उल्लंघन की पुष्टि की गई और भूमि को सरकार में वेस्ट करने की सिफारिश की गई। यदि यह रिपोर्ट सही है, तो यह अत्यंत गंभीर मामला है, क्योंकि यह सीधे-सीधे कानून के उल्लंघन और प्रशासनिक लापरवाही की ओर इशारा करता है। वहीं, मुख्य सचिव द्वारा रेरा के पूर्व अध्यक्ष श्रीकांत बाल्दी के निरीक्षण पर सवाल उठाना इस बात को और जटिल बना देता है। इससे यह प्रतीत होता है कि मामला अब केवल जमीन विवाद तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह प्रशासनिक संस्थाओं के बीच टकराव का रूप ले चुका है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस पूरे घटनाक्रम में आम नागरिक और निवेशक असमंजस की स्थिति में हैं। चेस्टर हिल टाउनशिप, जहां सैकड़ों आवासीय इकाइयां बन चुकी हैं और लोग रह भी रहे हैं, वहां इस तरह का विवाद उनके भविष्य को लेकर अनिश्चितता पैदा करता है। जिन लोगों ने अपनी जीवनभर की कमाई इस परियोजना में निवेश की है, उनके लिए यह स्थिति बेहद तनावपूर्ण है। यदि जांच लंबी खिंचती है तो इसका सीधा असर न केवल निवेशकों पर पड़ेगा, बल्कि राज्य की निवेश छवि पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। राजनीतिक दृष्टिकोण से भी यह मामला कम महत्वपूर्ण नहीं है। विपक्षी भाजपा द्वारा इस मुद्दे को लगातार उठाया जाना और सरकार पर निशाना साधना यह दर्शाता है कि आने वाले समय में यह एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन सकता है। हालांकि राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप सामान्य बात है, लेकिन इस मामले में जरूरी है कि राजनीतिक लाभ से ऊपर उठकर सच्चाई को सामने लाने पर ध्यान दिया जाए।

अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि इस मामले का समाधान कैसे निकले ? वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए यह स्पष्ट है कि विभागीय स्तर पर चल रही जांच से जनविश्वास बहाल होना मुश्किल है। ऐसे में एक स्वतंत्र और निष्पक्ष एजेंसी से जांच करवाना ही सबसे बेहतर विकल्प प्रतीत होता है। इससे न केवल जांच की विश्वसनीयता बढ़ेगी, बल्कि दोषी चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, उसके खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई संभव हो सकेगी। यदि इस मामले को ईमानदारी व निष्पक्षता से सुलझाया गया, तो न केवल विवाद का अंत होगा, बल्कि शासन व्यवस्था में जनता के विश्वास को भी मजबूती मिलेगी। अन्यथा, यह मामला भी फाइलों में दफन हो जाएगा । ■

## आज की प्रमुख हस्ती

### 'भारत की रॉकेट वुमन'



ऋतु करीधल
जन्म : 13 अप्रैल, 1975

**ऋतु करीधल** भारत की एक प्रमुख अंतरिक्ष वैज्ञानिक हैं, जिन्हें 'भारत की रॉकेट वुमन' के नाम से भी जाना जाता है। उनका जन्म 13 अप्रैल 1975 को लखनऊ में हुआ था। बचपन से ही उन्हें अंतरिक्ष और चंद्रमा से जुड़ी चीजों के प्रति गहरी जिज्ञासा थी, जिसने उन्हें विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

वे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की वरिष्ठ वैज्ञानिक हैं और भारत के ऐतिहासिक मंगलयान मिशन में उप संचालन निदेशकके रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुकी हैं। इस मिशन ने भारत को उन चुनिंदा देशों में शामिल किया जो मंगल ग्रह तक सफलतापूर्वक पहुंच सके। करीधल ने भौतिकी और गणित में अपनी शिक्षा प्राप्त की और आगे चलकर अंतरिक्ष विज्ञान में करियर बनाया। वे बचपन में नासा से जुड़ी खबरें पढ़ा करती थीं और अंतरिक्ष के रहस्यों को समझने की इच्छा रखती थीं। इसरो में उन्होंने कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं में काम किया है और कुछ में संचालन निदेशक के रूप में नेतृत्व भी किया है।

इसके अलावा, इसरो ने 2017 में एक साथ 104 उपग्रह लॉन्च करके विश्व रिकॉर्ड बनाया, जो उसकी तकनीकी क्षमता का प्रतीक है। इस उपलब्धि और मंगलयान जैसे मिशनों में कई महिला वैज्ञानिकों का अहम योगदान रहा, जिनमें ऋतु करीधल भी शामिल थीं। उनका एक प्रसिद्ध कथन है: 'कई बार कहा जाता है कि पुरुष मंगल के हैं और महिलाएं शुक्र की, पर मंगल अभियान के बाद कई लोगों ने कहा कि महिलाएं मंगल की हैं।' कुल मिलाकर, ऋतु करीधल भारतीय विज्ञान जगत की एक प्रेरणादायक शख्सियत हैं। ■

कविता

## मैं अभी जीता कहां?



रवि कुमार, मैहरीं काथला
बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश

**मैं** हूं 21सवीं सदी का सपूत, कभी-कभी दिवास्वप्न में लगता देवदूत,
मैंने सीख लिया है ऐवरेस्ट पर चढ़ना, मैं मापने उत्सुक ब्रह्मांड की दूरी,
मैंने जांच ली है महासागरों की गहराई, मैंने खोज ली है महाभारतकालीन
संजय जैसी दिव्यदृष्टि, मैं समर्थ स्वेच्छा से कृत्रिम जलवृष्टि,मैं खोज रहा
गंभीर बीमारियों का इलाज, शीघ्रतम मंगल ग्रह रैन बसेरा लालायित हूं
आज, कंक्रीट के जंगल बनाकर प्रसन्नचित हूं आज, लेकिन मैं अभी जीता
कहां ? अभी कहां जान सका ईश का आदि अंत, मन नियंत्रण कर न बन
सका शाश्वत संत, कहां जान सका जन्म-मृत्यु रहस्य, कहां पकड़ सका
आत्मा व परछाई, मेरी जीत पर किसने शोक धुन बजाई, मैं अभी जीता
कहां ? जीत तो मेरे कार्यों पर घड़ियाली आंसू बहा रही है, मैं किंकर्तव्यविमूढ़
अभी हार की मृगतृष्णा को ही, जीत मानने की भूल में समाकूल हूं,
जीत तो अभी कोटि प्रकाश वर्ष की दूरी पर मंद मंद मुस्करा रही है।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# बीसवीं शताब्दी में स्थापित एक संवत् 'तारक'



डॉ. राजीव कुमार 'त्रिगर्ती'
वरिष्ठ साहित्यकार, गांव लंघू, डाकघर गांधीग्राम, त. बैजनाथ
मोबाइल : 9418193024

प्रथम वैशाख, संवत् 2083 अर्थात 13 अप्रैल, 2026 को तारक संवत् अपने एक सौ एक वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। प्रथम वैशाख, संवत् 1982 अर्थात 13 अप्रैल, 1925 को पंडित चंद्रमणि उपाध्याय ने अपने अग्रज पंडित दुर्गा प्रसाद उपाध्याय के साथ इस संवत् की स्थापना की थी। तारक संवत् की विशेषता यह है कि इसे किसी व्यक्तिगत प्रचार या किसी राजनीतिक, धार्मिक शक्ति-प्रदर्शन के निमित्त स्थापित न करके आध्यात्मिक उत्कर्ष और अपने इष्ट के प्रति समर्पण की सार्थकता को प्रकट करने के लिए स्थापित किया गया था।

तारक शब्द का अर्थ आगे ले जाने वाला और रक्षा करने वाला है। तारक अर्थात छुड़ाने वाला, बचाने वाला। छुड़ाने से तात्पर्य बंधनों से मुक्ति और उस परम तत्व में विलीनता है। तारक अपने इष्ट के प्रति पूर्ण समर्पण का द्योतक है। भगवती तारा के प्रति समर्पण ही तारक संवत् की स्थापना का ध्येय था। चंद्रमणि उपाध्याय बैजनाथ में भगवती तारिणी के मंदिर के निकट निवास करने वाले स्वामी तारानंद तीर्थ का सान्निध्य पाकर अल्पकालिक जीवन में ही संवत् स्थापना के उपरांत अपने कर्मकांडीय लेखन और सांस्कृतिक कार्यों से त्रिगर्त और मंडी क्षेत्र में ख्याति प्राप्त की। ह्यचंद्रमणि उपाध्याय का जन्म कौंडिन्य गौत्र में बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ में नवंबर, 1904 में कांगड़ा जिले के बैजनाथ क्षेत्र के लंघू गांव में पं. पूर्णभद्र तथा माता सावित्री देवी के घर पर हुआ। पिता तथा ताया संस्कृत तथा कर्मकांड के विद्वान थे। इनके बड़े ताया पं. सोमदत्त उपाध्याय जी काशी से षड्शास्त्र निष्णान्त थे। अत: इनकी प्रारंभिक शिक्षा पारिवारिक परंपराओं के अनुकूल वेदों, धर्मशास्त्रों, पुराणों तथा कर्मकांड पर ही आधारित थी।

स्वामी तारानंद द्वारा स्थापित श्रीजयचंद्रतारिणी संस्कृत पाठशाला, बनूरी में प्रवेश लेकर इन्होंने योग्य गुरु पं. गुरुभक्त अवस्थी के सान्निध्य में अध्ययन किया तथा प्राज्ञ-रत्न की उपाधि प्राप्त की। कालांतर में इन्होंने आयुर्वेद-भूषण तथा कर्मकांड शिरोमणि की उपाधियां भी प्राप्त कीं।

इक्कीस वर्ष की अवस्था में भगवती तारा के प्रति अटूट श्रद्धा के परिणामस्वरूप प्रथम वैशाख (वैशाख प्रविष्टा 1) विक्रमी संवत् 1982 में इन्होंने तारक संवत् की नींव रखी जो आधुनिक युग में किसी विद्वान के द्वारा किया गया एक अनुपम कार्य है। उनकी पुस्तकों में प्राप्त तारक संवत् की तिथियों तथा विक्रमी संवत् की तिथियों के तुलनात्मक अध्ययन से ही संभव हो पाया।

इस संवत् का उल्लेख स्वनिर्मित तारा-अक्षरलिपि में तारक 9-5-9, गीतावली-सुधार में 26-4-10, श्राद्धेन्दौ (तृतीयभागान्तर्गत) में 24-8-12 (93) हुआ है। उपर्युक्त समस्त स्थलों पर विक्रमी संवत् की तिथि का उल्लेख नहीं होने या पूर्ण रूप नहीं होने से तारक संवत् के प्रचलन की निश्चित तिथि का पता नहीं चलता। इनकी संवत् 1996 में प्रकाशित पुस्तक 'सर्वव्रतोद्यापन-





चंद्रिका' के समाप्ति श्लोकों में संवत् 1995 के साथ स्वयं चालित संवत् 13 को चैत्रमास के शुक्लपक्ष की अष्टमी तिथि बतलाई गई है। 'संस्कार-सूर्योदय: (तृतीय भाग)' में वंशानुकीर्तनम् के अंतर्गत एक श्लोक में विक्रमी संवत् 2000 तथा 19 तारक संवत् लिखा गया है।

इन दोनों तिथियों तथा मासों की तुलना करने पर चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को संवत् 1995 तथा तारक संवत् 13 है तथा दूसरी तरफ माघ मास, 2000 में यह तारक 19 है। यहां विक्रमी संवत् तथा तारक संवत् की वर्ष गणना में अंतर का कारण तारक संवत् को विक्रमी संवत् के आधार पर चैत्र मास से प्रारंभ नहीं किया जाना है। यदि स्थापनाकार का लक्ष्य मात्र अपनी कीर्ति का प्रसार करना ही होता तो निश्चित रूप से प्रत्येक पुस्तक में तारक संवत् का उल्लेख स्पष्टरूप से विक्रमी संवत् के साथ किया गया होता। चैत्र के बाद संवत् स्थापना के मास पर यदि ध्यानपूर्वक विचार किया जाए तो वैशाख मास अधिक उपयुक्त प्रतीत होता है, क्योंकि वैशाख मास ज्योतिष की दृष्टि से महत्वपूर्ण है और वैशाख मास की संक्रांति में सूर्य का मेष राशि में प्रवेश होता है। मेष राशि ज्योतिष की गणना के अनुसार प्रथम राशि है तथा भारत के बंगाल, दक्षिण भारत, पंजाब तथा नेपाल आदि देशों में प्रथम वैशाख का बड़ा महत्व है। पंजाब व हिमाचल में भी वैशाख मास की संक्रांति का बड़ा महत्व है तथा अधिकांश मांगलिक कार्यों में प्रविष्टों से ही गणना की जाती है।

अत: क्षेत्रीय सौर-गणना पर विचार करने से यह वैशाख से ही प्रारंभ होता है क्योंकि चैत्र मास को स्थानीय सौर गणना में प्रस्थानी महीना कहकर शुभ कार्यों में वर्जित समझा जाता है। प्रस्थानी का सीधा संबंध प्रस्थान से है अर्थात वर्ष का प्रस्थान। स्वामी तारानंद तंत्र, दर्शन तथा व्याकरण आदि विषयों में बंगाल तथा मिथिला क्षेत्र के विद्वानों के संपर्क में रहकर ही पारंगत हुए। निश्चित रूप से वे वैशाख मास से आरंभ होने वाले संवत् को विशेष महत्व देते रहे होंगे। संभवत: स्वामी तारानंद कर सद्प्रेरणा से अपनी इष्ट-देवी भगवती तारा के समर्पणार्थ पं. चंद्रमणि शर्मा ने तारक नामक संवत् की स्थापना करते समय इन बातों का ध्यान भी रखा होगा, क्योंकि उन्हीं की प्रेरणा से भगवती तारा की असीम अनुकंपा लेखक को प्राप्त हुई थी।

सर्वाधिक निकट के वर्ष हेतु श्राद्धेन्दौ (तृतीय-भाग) को सामने रखते हुए वैशाख से प्रथम दिन (प्रविष्टे) का निर्धारण करते हुए 1-1-12 का संवत् 1993 होगा। इस प्रकार 1-1-2 का संवत् 1983 होगा तथा 1-1-1 अर्थात् प्रथम वैशाख तारक प्रथम का संवत् 1982 विक्रमी को निर्धारित किया जा सकता है। संवत् स्थापनाकार लेखक का जन्म ईस्वी सन् 1904 में हुआ तथा संवत् 1982 अर्थात् अप्रैल 1925 में इनके द्वारा संवत् की स्थापना के विचार को मूर्तरूप प्रदान करते हुए तारक संवत् की स्थापना भी कर दी। संभवत: पं. चंद्रमणि शर्मा स्वयं को भगवती तारा की सेवा में समर्पित होकर अपने जीवन में एक नवीन आध्यात्मिक दृष्टिकोण को अपनाने की स्मृति में ही इस नवीन संवत् की स्थापना की गई हो। जो भी हो, बीसवीं शताब्दी में उनके द्वारा किया गया यह महान् कार्य निश्चित रूप से ही बैजनाथ क्षेत्र के ऐतिहासिक गौरव को बढ़ाने वाला है। भाद्रपद, कृष्णपक्ष की नवमी संवत् 2002 अर्थात अगस्त 1945 में अल्पायु में ही यदि संवत् स्थापनाकार का देहावसान न हुआ होता तो संभवत: उनके इस अनुपम कृत्य का क्षेत्रीय इतिहास एवं जन-मानस पर कुछ अलग ही प्रभाव पड़ा होता।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अप्रशिक्षित और बिना लाइसेंस प्राप्त लोगों से टैटू बनवाना स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़



लकेश चंदेल
स्वतंत्र लेखक, घुमारवीं
जिला बिलासपुर (हि. प्र.)
मो. 7807454006

आजकल युवा खुद को कूल व स्टाइलिश दिखाने के लिए टैटू बनवाते हैं। टैटू बनाने का चलन काफी तेजी से भारत में बढ़ता जा रहा है। अप्रशिक्षित और बिना लाइसेंस प्राप्त लोगों से टैटू बनवाना मौत को दावत देना है।

मेलों या सड़क किनारे अस्थायी स्टॉल पर टैटू बनवाना असुरक्षित है, क्योंकि वहां स्वच्छता की कमी होती है तथा एक ही सुई का बार-बार इस्तेमाल किया जा सकता है। अप्रशिक्षित कलाकार संक्रमण जैसे एचआईवी, हेपेटाइटिस, त्वचा रोग का जोखिम बढ़ाते हैं। अगर सुई या उपकरण स्टरलाइज नहीं हैं तो एचआईवी, हेपेटाइटिस इन्फेक्शन का गंभीर खतरा होता है। ज्ञात रहे युवा पीढ़ी के साथ-साथ हर कोई व्यक्ति भी अपने शरीर पर टैटू बनाकर अपना शौक पूरा करते हैं, लेकिन उन्हें इसके दुष्परिणामों का शायद पता नहीं होता। लोग शौकिया तौर पर ही अनजाने में अपनी जिंदगी से खिलवाड़ करते हैं, क्योंकि मेलों के दौरान अधिकतर टैटू मेकर लोगों का धंधा रहता है और ऐसे टैटू मेकर मुनाफे के लालच में एक ही नीडल से कई लोगों के शरीर पर टैटू बनाकर कई व्यक्तियों की जिंदगी से खिलवाड़ करते हैं। इस प्रकार की लापरवाही से गंभीर संक्रामक रोग हो सकते हैं। टैटू की स्याही से एलर्जी या टैटू वाली जगह पर संक्रमण हो सकता है जिससे त्वचा पर निशान या फोड़े बन सकते हैं।

टैटू की स्याही में धातु के कण होने से एमआरआई स्कैन के दौरान त्वचा में सूजन हो सकती है। हमेशा एक प्रतिष्ठित और लाइसेंस प्राप्त पेशेवर लोगों से ही टैटू बनवाएं तथा सुनिश्चित करें कि कलाकार नई, सीलबंद सुई का उपयोग करें। ऐसे में स्वाभाविक है कि अगर किसी हेपेटाइटिस संक्रमित मरीज के शरीर में सुई जाने के बाद उसके कीटाणु



नीडल में लग गए हो और फिर वही नीडल अगर आपके शरीर में जाए तो आपको भी वही रोग से ग्रसित कर दें, लेकिन यहां पर हमें कुछ बातों का ध्यान रखना होगा कि अगर टैटू बनवाने के लिए सुई का सही तरीके से इस्तेमाल नहीं किया जाता है या सुई सेनेटाइज नहीं होती है तो टैटू बनवाने वाले को कई बीमारियों का जोखिम पैदा हो सकता है। इसलिए टैटू बनवाने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि सुई बिलकुल सेनेटाइज हो। टैटू आर्टिस्ट चुनते समय स्वच्छता और सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। सुनिश्चित करें कि वे नया डिस्पोजेबल दस्ताने पहनें, स्टरलाइज्ड सुइयों का उपयोग करें। हर ग्राहक के बाद मशीन को साफ करें।

उनके पिछले काम का पोर्टफोलियो देखें, लाइसेंस की जांच करें। जिला प्रशासन टैटू पार्लरों के लिए अनिवार्य लाइसेंसिंग, स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित निरीक्षण और टैटू कलाकारों के लिए सुरक्षा दिशा-निर्देशों जैसे-नई सुई का उपयोग, स्टरलाइजेशन को लागू करना, गलत तरीके से टैटू बनवाने पर रोक या कड़ाई कर सकता है। अवैध या असुरक्षित टैटू दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करके भी इस पर लगाम लगाई जा सकती है। स्वास्थ्य विभाग की टीम के माध्यम से नियमित रूप से जांच करना कि टैटू के लिए उपयोग की जाने वाली सुइयां और स्याही सुरक्षित हैं या नहीं।

टैटू से होने वाले संक्रमण जैसे-हेपेटाइटिस, एचआईवी के बारे में लोगों को जागरूक करना। जब आप टैटू बनवाने का फैसला करते हैं तो आप एक पेशेवर पर भरोसा कर रहे होते हैं कि वह सुरक्षित रूप से काम करेगा और उचित स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का पालन करेगा। दुर्भाग्य से जब टैटू कलाकार लापरवाही बरतते हैं या स्वच्छता बनाए रखने में विफल रहते हैं तो गंभीर संक्रमण हो सकते हैं। इसलिए हमेशा सतर्क रहें मेलों या सड़क किनारे बैठे हुए लोगों से कभी भी अपने शरीर पर टैटू ना बनवाएं। अपने स्वास्थ्य व शरीर के प्रति सचेत व सजग रहे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था और बढ़ती असमानता : बदलते समाज की एक गंभीर तस्वीर



रामलाल पाठक
निहारखन बासला, बिलासपुर (हि.प्र.)
मोबाइल : 9418191973

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश में लोकतांत्रिक ढंग से चुनी गई सरकार अस्तित्व में आई। अंग्रेज भले ही हमारा देश छोड़कर चले गए, लेकिन कई बुराइयां अपने पीछे छोड़ गए। हमारे देश के लोगों ने उनमें से कुछ को तो विरासत में अपना लिया। नतीजन समाज में अमीर और गरीब की खाई और अधिक गहरी होती गई।

सरकार से मिलने वाली सुविधाओं का अमीर आदमी ने ही ज्यादा लाभ लिया। सरकारी नौकरियों की बात हो या अन्य रोजगार की। अमीर के बेटे ने उच्च शिक्षा के साथ ही नौकरी के लिए प्रशिक्षण प्राप्त किया। शुरू में स्कूल दूर थे तथा प्रशिक्षण प्राप्त करना गरीब व्यक्ति बस में नहीं था। इसलिए वह सरकारी नौकरी या अन्य अच्छा रोजगार प्राप्त करने से वंचित रहा। यही क्रम पीढ़ी दर पीढ़ी चलता रहा। नतीजन अमीर और अधिक अमीर होता गया, जबकि गरीब व्यक्ति मूलभूत सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए कमरतोड़ संघर्ष कर रहा है। यही निर्धन वर्ग हर पांच साल के बाद आने वाले चुनावों में सरकार बदल देता है। उसने बीते पांच सालों में सरकार की कारगुजारियां देखी। इस बीच उसके जीवन स्तर में विशेष सुधार नहीं हुआ। चुनावों के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशी चुनाव मैदान में आकर लोक-लुभावने वादे करते हैं। निर्धन वर्ग के उत्थान के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं का धुंआधार प्रचार किया जाता है। जिस राजनीतिक दल का प्रत्याशी सबसे ज्यादा वादे करते हैं, निर्धन वर्ग का मतदाता उसी ओर आकर्षित हो जाता है। राजनीतिक दलों की बादाखलाफी के चलते हर पांच सालों के बाद सत्ता बदलती रहती है।

यदि किसी राजनीतिक दल की नीतियां एवं कार्यक्रम ठीक लगने पर ही सरकार दोबारा अगले पांच वर्षों तक चुनी जाती है। गरीब अमीर होने के सपने देखते रहते हैं तथा सरकारें




बदलती रहती है। अंत में गरीब व्यक्ति मायूस होकर यह कह देता है कि उसे रोटी कमा कर ही मिलेगी। इसलिए कई बार तो वह वोट डालने में भी परेहज ही करता है।

अब सरकारी नौकरी से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को अच्छा खासा वेतन मिलता है तथा और भी अन्य कई सुविधाएं मिलती है। समय के साथ ही वेतन बढ़ौतरी होती है। सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें पैंशन मिलती है। आम किसान-मजदूर की आमदनी न के बराबर होती है। सरकारी कर्मचारियों की तरह उसे कोई भी सुविधा नहीं मिलती। यही नहीं उसका भविष्य भी सुरक्षित नहीं होता। जीवन के 60 वर्ष पर करने के बाद उसे सरकार की ओर से जो पेंशन मिलती है। वह इतनी कम होती है कि उससे दवा-दारू का खर्च भी नहीं चल पाता। बुढ़ापे में शरीर में कई बीमारियां लग जाती है। समाज में शुरू से ही असमानता का वातावरण रहा और अब भी यही स्थिति है। अपनी उपेक्षाओं के चलते गरीब आदमी गरीब ही होता जा रहा है। सरकार द्वारा उसके उत्थान के लिए जो योजनाएं शुरू की जाती है। उनके धरातल पर संतोषजनक परिणाम सामने नहीं आते। जब सरकार बदलती है तो उनकी योजनाएं भी बदल जाती है। जब वह योजनाएं शुरू होती है उस समय तक पांच साल का कार्यकाल पूरा हो जाता है। कुछ लोग जो पहले से ही साधन-संपन्न या शासन-प्रशासन व्यवस्था से नजदीक के सम्बंध रखते हैं उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समय रहते जानकारी मिल जाती है तथा उनका लाभ उठा लेते हैं जबकि गरीब लोग कागजी औपचारिकताओं में ही उलझे रहते हैं। परिणामस्वरूप समाज में अमीर और गरीब दो वर्ग हो गए।

असमानता की यह दीवार समय बीतने के साथ ही और मजबूत होती रही है। लोग खेतीबाड़ी को प्राथमिकता देते थे। उसके बाद व्यापार को, जबकि सरकारी नौकरी को तीसरे दर्जे की मानते थे। उस समय लोग संयुक्त परिवारों में रहना पसंद करते थे। परिवार में जितने ज्यादा सदस्य होते थे। बहुत कम लोग मेहनत मजदूरी के लिए शहर जाते थे। परिणामस्वरूप गरीबी निरंतर बढ़ती रही। ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक व्यवसाय बंद होने तथा तेजी से बढ़ रही जनसंख्या से पूरी अर्थव्यवस्था लड़खड़ा रही है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बैसाखी : भारतीय संस्कृति में परंपरा, परिश्रम और नवजीवन का उत्सव



सुनीता गुप्ता कपूर
प्रवक्ता (इतिहास), राजकीय विजे वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) मंडी, मोबाइल : 94184 84841

भारतीय संस्कृति में त्योहार केवल उत्सव नहीं, बल्कि जीवन के गहरे अर्थों और मूल्यों के संवाहक होते हैं। बैसाखी भी ऐसा ही एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो हर वर्ष 13 या 14 अप्रैल को पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह पर्व विशेष रूप से पंजाब और उत्तर भारत में धूमधाम से मनाया जाता है तथा रबी की फसल के पकने की खुशी का प्रतीक है।

यह दिन किसान के परिश्रम, प्रकृति की कृपा और जीवन में नई ऊर्जा के आगमन का प्रतीक माना जाता है। ऐतिहासिक दृष्टि से बैसाखी का महत्व अत्यंत विशेष है। वर्ष 1699 में आनंदपुर साहिब में गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा खालसा पंथ की स्थापना इसी दिन की गई थी, जिसने भारतीय समाज में साहस, समर्पण और समानता की भावना को सुदृढ़ किया। खालसा पंथ ने समाज को अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। वहीं 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर के जलियांवाला बाग में हुए नरसंहार की स्मृति भी इस दिन को गंभीरता और ऐतिहासिक चेतना से जोड़ती है। यह घटना भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक निर्णायक मोड़ साबित हुई और लोगों में स्वतंत्रता की भावना को और अधिक प्रबल किया। इस प्रकार बैसाखी केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि इतिहास के महत्वपूर्ण अध्यायों का साक्षी भी है। प्राकृतिक दृष्टि से यह पर्व नवजीवन और नवसृजन का प्रतीक है। बसंत ऋतु के आगमन के साथ प्रकृति अपना पुराना रूप छोड़कर नए रंगों में सज जाती है। खेतों में लहलहाती गेहूं की फसल, पेड़ों पर खिलते फूल और चारों ओर फैली हरियाली मानव मन में ऊर्जा और उत्साह का संचार करती है।

किसान अपनी मेहनत का फल पाकर प्रसन्न होते हैं और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। यह समय केवल कृषि उत्पादन का नहीं, बल्कि जीवन में आशा और नई शुरुआत का भी संकेत देता है। सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी बैसाखी का विशेष



महत्व है। इस दिन लोग पवित्र नदियों में स्नान करते हैं, गुरुद्वारों में विशेष कीर्तन और अरदास होती है, तथा मेलों का आयोजन किया जाता है। भांगड़ा-गिद्धा जैसे लोकनृत्यों के माध्यम से लोग अपनी खुशी और उत्साह को व्यक्त करते हैं।

यह पर्व सामाजिक एकता, सहयोग और भाईचारे का संदेश देता है, जहां लोग जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर एक-दूसरे के साथ आनंद साझा करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में यह पर्व सामूहिकता और पारंपरिक संस्कृति को जीवंत बनाए रखने का माध्यम भी बनता है। आर्थिक दृष्टि से भी बैसाखी का महत्व कम नहीं है। यह समय किसानों के लिए फसल कटाई का होता है, जिससे उनकी वर्षभर की मेहनत का परिणाम सामने आता है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार होता है और बाजारों में भी गतिविधियां बढ़ जाती हैं। वास्तव में, वैसाखी केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि परिश्रम, आस्था और उल्लास का सुंदर संगम है।

यह हमें सिखाता है कि जीवन में परिवर्तन को स्वीकार करते हुए अपनी परंपराओं और मूल्यों से जुड़े रहना आवश्यक है। यह पर्व हमें यह भी याद दिलाता है कि मेहनत का फल हमेशा मीठा होता है और सामूहिकता में ही समाज की असली शक्ति निहित होती है। आज के तेज रफ्तार जीवन में ऐसे पर्व हमें रुककर आत्ममंथन करने और अपनी संस्कृति को समझने का अवसर प्रदान करते हैं।

अत: आवश्यक है कि हम बैसाखी के संदेश को आत्मसात करें और अपने जीवन में परिश्रम, सकारात्मकता, कृतज्ञता और सामूहिकता की भावना को मजबूत करें। यही इस पावन पर्व की वास्तविक सार्थकता है और यही इसके उत्सव का वास्तविक उद्देश्य भी है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### स्मार्ट मीटर को लेकर टिहरा में प्रदर्शन आज



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी सरकाघाट एवं धर्मपुर लोकल कमेटी की बैठक सरकाघाट में कॉमरेड बाला राम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें 13 अप्रैल को टिहरा में स्मार्ट बिजली मीटरों को लगाने की प्रक्रिया रोकने, टिहरा में निर्माणाधीन रेन शैल्टर में बैंचों की व्यवस्था करने, अस्पताल में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने और मनरेगा कानून बहाल करने के लिए योजना तैयार की गई। इसके अलावा आगामी पंचायत चुनावों में सभी स्तरों पर जारी रोस्टर के अनुसार उमीदवार खड़े करने बारे भी योजना बनाई गई। बैठक में सचिव भूपेंद्र सिंह, करतार सिंह चौहान, रामचंद ठाकुर, लुददर सिंह, प्रकाश सकलानी, भाग सिंह लखरवाल, रणताज राणा, मिलाप चंदेल, रविन्द्र चंदेल, सुरेश शननी, सुरेश शर्मा, दिनेश काकू, दिनेश ठाकुर, अनिल कुमार, रोशनी देवी, कंचना देवी, संतोष कुमारी, मॉन सिंह, ऋत्विक कुमार आदि ने भाग लिया।

### भद्रकाली मंदिर लोअर महादेव में भंडारा कल

**अनंत ज्ञान, भीम बसेडू राजपूत, महादेव।** लोअर नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले महादेव -चौक मार्ग स्थित दूर- दूर तक मशहूर दैवी शक्ति मंदिर यानि भद्रकाली-मां कल्याणी मंदिर जहां श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है में हर वर्ष की भांति इस बार भी माता रानी का जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। भद्रकाली माता के गूर देवी सिंह के अनुसार माता के मंदिर प्रांगण में दो दिवसीय धार्मिक आयोजन किया जाएगा जिसमें 13 अप्रैल सोमवार की रात को भगवती जागरण को लेकर भजन -भेंटों का संगीतमयी कार्यक्रम किया जाएगा वहीं अगले ही दिन यानि मंगलवार के दिन भंडारा आयोजित किया जाएगा।

### रिवालसर में वैलनेस न्यूरोथैरेपी ट्रीटमेंट कैंप कल

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** आरोग्य पीठ डिजिटल गुरुकुल के तत्वावधान में 14 अप्रैल को प्रातः 10 बजे रिवालसर स्थित जेएमबीके न्यूरोथैरेपी केंद्र (डोल्मा हाउस, गैस एजेंसी के समीप) में एक दिवसीय वैलनेस न्यूरोथैरेपी ट्रीटमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप में अर्धनारीश्वर चिकित्सा पद्धति के माध्यम से जोड़ों का दर्द, गर्दन दर्द, कंधे का दर्द तथा पीठ दर्द जैसी समस्याओं का उपचार किया जाएगा। कार्यक्रम में पूज्य गुरुदेव आचार्य डॉ. रामगोपाल वीलित के आशीर्वचन भी प्राप्त होंगे, जो इस आयोजन के मुख्य आकर्षणों में से एक रहेगा। इस अवसर पर जिला परिषद की सदस्य प्रियंता शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। वहीं कार्यक्रम में मुख्य प्रवक्ता के तौर पर बसंत सिंह राणा शिरकत करेंगे। इसके अलावा व्यापार मंडल रिवालसर अध्यक्ष नरेश शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कैंप में अनुभवी न्यूरोथैरेपिस्ट केसी शर्मा और अजय ठाकुर द्वारा रोगियों को परामर्श एवं उपचार प्रदान किया जाएगा।

### बीड़-बड़ा ग्रां सड़क पर लगे सुरक्षा रेलिंग

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** लोक निर्माण विभाग ने बीड़-बड़ा ग्रां सड़क मार्ग का निर्माण लगभग पूरा कर लिया है। यह मार्ग खिल्लिंग से होते हुए राजगुंधा के रास्ते बड़ा ग्रां तक पहुंचता है और पर्यटन के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। 2025 में यहां सरकारी बस का ट्रायल भी हो चुका है, जिसके बाद सामने आई कमियों को तेजी से सुधारा जा रहा है। हालांकि अभी तक इस सड़क पर आम वाहनों की आवाजाही के लिए आधिकारिक अनुमति नहीं मिली है, फिर भी स्थानीय लोग और पर्यटक इसका उपयोग कर रहे हैं। बढ़ती आवाजाही के कारण सत्याहरन पास, राजगुंधा और आसपास के क्षेत्रों में हादसों का खतरा बढ़ गया है। अब तक यहां कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। स्थानीय लोगों ने विभाग से सुरक्षा रेलिंग और पैराफिट लगाने की मांग की है।

### कोठी कोहड़ में फार्मासिस्ट न होने से परेशानी

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटाभंगाल घाटी के कोठी कोहड़ पंचायत स्थित वेटनरी डिस्पेंसरी और भेड़-ऊन केंद्र में फार्मासिस्ट के पद लंबे समय से खाली पड़े हैं, जिससे स्थानीय पशुपालकों और भेड़पालकों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व उपप्रधान रूप लाल ठाकुर और महेंद्र सिंह ने बताया कि वेटनरी डिस्पेंसरी में करीब पांच वर्षों से फार्मासिस्ट नहीं है, जबकि भेड़-ऊन केंद्र में भी कई वर्षों से यह पद रिक्त है। कभी-कभार ड्यूटी लगने के बावजूद नियमित सेवाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। इस कारण पशुओं के इलाज और देखभाल में कठिनाई बढ़ गई है। ग्रामीणों ने कई बार पंचायत स्तर पर मुद्दा उठाया और प्रस्ताव भी भेजे, लेकिन समाधान नहीं हुआ। अब ग्रामीणों ने विधायक किशोरी लाल और पशुपालन विभाग से शीघ्र नियुक्ति की मांग की है।

## तेंदुए ने गोशाला में घुसकर चार पशुओं को मार डाला

**अनंत ज्ञान, गोहर।** जिले की ग्राम पंचायत छपराहन में शनिवार रात एक तेंदुए के हमले से हड़कंप मच गया। गांव निवासी चंद्रमणि की गौशाला में घुसकर तेंदुए ने दो बछियों और दो भेड़ों को अपना शिकार बना लिया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, चंद्रमणि शनिवार शाम को रोजाना की तरह मवेशियों को चारा डालकर घर लौट आए थे। रविवार सुबह जब परिवार के सदस्य गौशाला पहुंचे तो अंदर का दृश्य देखकर हैरान रह गए। चारों पशु मृत पड़े थे। आशंका जताई जा रही है कि तेंदुआ छत के रास्ते अंदर घुसा। वहीं गौशाला में बंधी गाय सुरक्षित बच गई। पीड़ित ने बताया कि इस घटना से उन्हें करीब एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से प्रभावित परिवार को मुआवजा देने और तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि घटना के बाद से गांव में भय का माहौल है और शाम होते ही लोग घरों में सिमट रहे हैं।

# बिना गेट के महादेव पंचायत भवन का परिसर बना शराबियों का अड्डा

## शराब और नशे से जुड़ी गतिविधियों से स्वच्छता व सामाजिक वातावरण हो रहा प्रभावित

अनंत ज्ञान

**भीम बसेडू राजपूत, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र सहित आसपास के बड़े हिस्से में सार्वजनिक स्थानों पर नशे से संबंधित गतिविधियों और कचरा फैलाने की घटनाएं लगातार चिंता का विषय बनी हुई हैं। कहीं सड़क किनारे खाली बोतलें और खाने-पीने का कचरा बिखरा मिलता है तो कहीं सरकारी परिसरों में असामाजिक तत्वों की आवाजाही से माहौल खराब हो रहा है। इसी तरह धनोटू गांव की घनी आबादी के बीच स्थित ग्राम पंचायत महादेव का पंचायत भवन भी अब अव्यवस्था का शिकार हो गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार पंचायत भवन परिसर के आगे और पीछे कोई गेट न होने के कारण यहां दिन-रात लोगों का बिना रोक-टोक आना-जाना बना रहता है। इस खुलेपन का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व, विशेषकर शराब और नशे से जुड़े लोग, परिसर में बैठकर कचरा और खाली बोतलें छोड़कर चले जाते हैं। इससे न केवल स्वच्छता प्रभावित हो रही है, बल्कि सामाजिक माहौल पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है।




महादेव पंचायत भवन परिसर में पड़ी बोतलें व कचरा। अनंत ज्ञान

यह स्थान राष्ट्रीय उच्च मार्ग-21 से सटा हुआ है और महादेव धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल के संपर्क मार्ग का भी हिस्सा है। ऐसे में यह क्षेत्र लगातार आवाजाही वाला जंक्शन प्वाइंट बन चुका है, जिससे यहां सुरक्षा और सफाई की आवश्यकता और अधिक बढ़ जाती है। पंचायत भवन के आसपास का क्षेत्र अब धीरे-धीरे कस्बाई रूप लेता जा रहा है, लेकिन सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था की कमी साफ दिखाई देती है।

स्थानीय ग्रामीणों और बुद्धिजीवी वर्ग ने मांग उठाई है कि पंचायत भवन परिसर के आगे और पीछे मजबूत गेट लगाए जाएं ताकि अनावश्यक प्रवेश रोका जा सके और परिसर को सुरक्षित बनाया जा सके। लोगों ने उपायुक्त मंडी से भी आग्रह किया है कि इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द उचित कार्रवाई की जाए और भवन परिसर की साफ-सफाई व सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि यह स्थान फिर से स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण का प्रतीक बन सके।

## पशु मित्र भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षा 21-22 को

**अनंत ज्ञान, अनुज वर्धन, चौंतड़ा।** मल्टी टास्क वर्कर (पशु मित्र) पदों के लिए होने वाली भर्ती प्रक्रिया को लेकर शारीरिक परीक्षा की संशोधित अधिसूचना जारी कर दी गई है। नई अधिसूचना के अनुसार पुरुष अभ्यर्थियों को 5000 मीटर की दौड़ 30 मिनट में पूरी करनी होगी, जबकि महिला अभ्यर्थियों के लिए 1500 मीटर की दौड़ 10 मिनट में पूरी करना अनिवार्य किया गया है। उपमंडलीय वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी एवं भर्ती कमेटी के सचिव सदस्य डॉ. अरविन्द शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जोगिंद्रनगर उपमंडल के अंतर्गत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की शारीरिक परीक्षा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएगी। पुरुष अभ्यर्थियों की परीक्षा 21 अप्रैल को तथा महिला अभ्यर्थियों की परीक्षा 22 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शुरू होगी। यह शारीरिक परीक्षा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डोहग के खेल मैदान में आयोजित की जाएगी।

# एचपीएमआरए मंडी का वार्षिक अधिवेशन दवा प्रतिनिधियों की समस्याओं पर हुई चर्चा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन (एचपीएमआरए) मंडी इकाई का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया। इस दौरान दवा प्रतिनिधियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।अधिवेशन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के साथ-साथ दवा कंपनियां भी देशभर में दवा प्रतिनिधियों का शोषण कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर सरकारी अस्पतालों में कार्य करने पर पाबंदियां लगाई जा रही हैं, वहीं दूसरी ओर कंपनियां सेल के नाम पर प्रतिनिधियों पर दबाव बना रही हैं। इस अवसर पर शिमला से आए प्रतिनिधियों हुकम शर्मा और चमन ठाकुर ने भी मंडी इकाई के सदस्यों को संबोधित किया। अधिवेशन में दवा प्रतिनिधियों की प्रमुख मांगों पर भी चर्चा की गई, जिनमें काम के घंटे निर्धारित करना, सरकारी अस्पतालों में कार्य की अनुमति, दवाओं के दाम कम करना, जीवन रक्षक दवाइयों को मुफ्त उपलब्ध कराना, दवाओं पर जीएसटी समाप्त करना और सेल के नाम पर हो रहे शोषण को बंद करना शामिल है। अधिवेशन के दौरान नई इकाई का गठन भी किया गया। इसमें धर्मेंद्र ठाकुर को अध्यक्ष, नकन ठाकुर और यतेंद्र ठाकुर को उपाध्यक्ष, सचिन गौतम ठाकुर को सचिव, विजय कुमार को सह सचिव, दिवान चंद को सलाहकार और ललित सरोच को कोषाध्यक्ष चुना गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान शिमला इकाई से आए वरिष्ठ पदाधिकारी चमन ठाकुर और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हुकम शर्मा पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे।



एचपीएमआरए मंडी का वार्षिक अधिवेशन आयोजित। अनंत ज्ञान

- सरकारी अस्पतालों में रोक और कंपनी दबाव पर भड़के दवा प्रतिनिधि
- एचपीएमआरए अधिवेशन में नई इकाई का गठन, धर्मेंद्र ठाकुर बने अध्यक्ष

## मंडी सीनियर क्रिकेट टीम के लिए 33 खिलाड़ियों का चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला सीनियर क्रिकेट टीम के चयन के लिए रविवार को पड्डुल मैदान में ट्रायल आयोजित किए गए। चयन प्रक्रिया के बाद 33 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण शिविर के लिए चुना गया है। चयनित खिलाड़ियों में राहुल ठाकुर (कप्तान), लोकेश चौहान (उपकप्तान), दिव्यांश ठाकुर, आर्यन भट्टी, देवेश कटोच, अर्जुन वाधवा, रोहित ठाकुर, निखिल, मेहुल, सौरव ठाकुर, अक्षित, जयसिंह, हिमांशु भारद्वाज, कपिल देव, मनीष कुमार, प्रशांत बक्शी, चिराग शर्मा, देवेन, सुजेश्वर सेन, सचिन, आदर्श ठाकुर, पीयूष ठाकुर, आयुष जम्वाल, राहुल कुमार, अभिषेक ठाकुर, अंकुश ठाकुर, गंगा सिंह, आदित्य गुलेरिया, मंथन गुरंग, विशारद सकलानी, रोहित चंदेल व तिलकराज शामिल हैं। इन सभी खिलाड़ियों का कोचिंग कैंप 13 अप्रैल से पड्डल मैदान में शुरू होगा। खिलाड़ियों को सुबह 9 बजे मैदान में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# केंद्र की योजनाओं से आत्मनिर्भर बन रही महिलाएं : मांचली ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** भारतीय जनता पार्टी की जिला महामंत्री मांचली ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिलाओं के सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है और भारत आज महिला-नेतृत्व आधारित विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।



उन्होंने कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के माध्यम से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देना एक ऐतिहासिक निर्णय है, जिससे महिलाओं की भागीदारी और प्रभाव दोनों में वृद्धि होगी। मांचली ठाकुर ने बताया कि केंद्र सरकार की योजनाओं से महिलाओं को आर्थिक मजबूती मिली है। मुद्रा योजना, जन धन योजना और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं तथा 'लखपति दीदी' जैसी पहल ने ग्रामीण महिलाओं को सशक्त किया है। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सुरक्षित मातृत्व अभियान, उज्ज्वला योजना और जल जीवन मिशन ने महिलाओं के जीवन को सरल और सुरक्षित बनाया है, वहीं 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया है।

प्रदेश कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने पूर्व जय राम ठाकुर की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का प्रयास किया है और महिलाओं से किए गए वादे भी पूरे नहीं किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाएं अब किसी के बहकावे में आने वाली नहीं हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्र सरकार की नीतियां ही महिलाओं को वास्तविक सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता प्रदान कर रही हैं।

# सरकाघाट अस्पताल के अधूरे भवन के लिए मुख्यमंत्री ने जारी किए 3 करोड़

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में प्रदेश सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पवन ठाकुर ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने नागरिक अस्पताल सरकाघाट के अधूरे पड़े भवन निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए 3 करोड़ की राशि स्वीकृत कर दी है।

पवन ने कहा कि लंबे समय से सरकाघाट अस्पताल के नए भवन का निर्माण कार्य बजट के अभाव में रुका हुआ था, जिससे स्थानीय जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा जारी किए गए 3 करोड़ से भवन के शेष बचे कार्यों को तेजी से पूरा किया जाएगा। भवन तैयार होने से न केवल ओपीडी सेवाओं में सुधार होगा, बल्कि मरीजों के लिए बिस्तरों की संख्या और आधुनिक चिकित्सा उपकरणों के लिए भी पर्याप्त स्थान उपलब्ध होगा।

### शिक्षा व स्वास्थ्य पर विशेष फोकस : पवन

**पवन** ठाकुर ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान कांग्रेस की सरकार सरकाघाट की अनदेखी को समाप्त कर विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। उन्होंने क्षेत्र की जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि हमारा संकल्प सरकाघाट विस क्षेत्र को शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रदेश का नंबर वन क्षेत्र बनाना है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यहां के युवाओं को उच्च स्तरीय शिक्षा व मरीजों को घर के पास ही बेहतरीन इलाज मिले। सरकाघाट अस्पताल न केवल शहर बल्कि आसपास की दर्जनों पंचायतों के लिए लाइफलाइन है। इस राशि की स्वीकृति से स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है। कांग्रेस महासचिव ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों के लिए धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी और आने वाले समय में क्षेत्र में कई और बड़ी परियोजनाओं की नींव रखी जाएगी।



## संयुक्त मोर्चा सरकाघाट इकाई के अध्यक्ष सूबेदार राजू का निधन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रखोह पंचायत के क्लोट गांव निवासी 66 वर्षीय सूबेदार सूबेदार राजूराम चौहान का एक पूर्व सैनिकों के कार्यक्रम के दौरान उनके गांव क्लोट में ही हृदय गति रुकने से आज निधन हो गया। कार्यक्रम के दौरान अचानक उन्हें हृदय गति रुकने का अटैक हो गया तथा जब उन्हें एकदम वहां से सरकाघाट अस्पताल में ले गए वहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूबेदार हर समय पूर्व सैनिकों के कल्याणकारियों में तैयार रहते थे तथा पूर्व सैनिकों की समस्याओं को सुलझाने के लिए उन्होंने न केवल सरकाघाट, मंडी बल्कि रामलीला ग्राउंड दिल्ली तथा जंतर मंतर में भी कई बार पूर्व सैनिकों के प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व किया था न। उनकी अचानक मृत्यु पर कैप्टन जगदीश वर्मा, कैप्टन रतन चंद, सूबेदार राकेश कुमार, हवलदार अजय कुमार, हवलदार ओमचंद, कैप्टन कृष्ण चंद, सूबेदार राकेश कुमार, सूबेदार मेजर विद्यासागर, कैप्टन अशोक कुमार, कैप्टन कुलतार सिंह, सूबेदार कुलदीप सहित कई पूर्व सैनिकों ने दुख जताया।

# पीएम श्री स्कूल गोहर में दाखिलों की धूम

## सीबीएसई पाठ्यक्रम का बढ़ा आकर्षण, 11वीं कक्षा में प्रवेश का टूटा रिकॉर्ड

अनंत ज्ञान

**सुनील शर्मा, गोहर।** उपमंडल मुख्यालय गोहर स्थित पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में इस वर्ष प्रवेश को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। विद्यालय को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्धता मिलने के बाद अभिभावकों और छात्रों का रुझान तेजी से बढ़ा है। क्षेत्र का एकमात्र सीबीएसई विद्यालय होने के कारण यहां दाखिलों की मानो होड़ मच गई है। विद्यालय में छात्र संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में करीब 30 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। गत सत्र में जहां 430 छात्र अध्ययनरत थे, वहीं 11 अप्रैल तक यह संख्या बढ़कर 645 पहुंच चुकी है। प्रवेश प्रक्रिया 30 अप्रैल तक जारी रहने के चलते इस आंकड़े में और बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है।

इस शैक्षणिक सत्र में ग्यारहवीं कक्षा (प्लस वन) में रिकॉर्ड 120 नए दाखिले हुए हैं। इनमें विज्ञान संकाय सबसे आगे रहा, जहां 61 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। कला संकाय में 41 और वाणिज्य संकाय में मात्र 18 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया, जिससे कॉमर्स के प्रति अपेक्षाकृत कम रुझान सामने आया है। जहां उच्च कक्षाओं में दाखिलों की बाढ़ आई है, वहीं पूर्व-प्राथमिक से पांचवीं तक नामांकन की गति अपेक्षाकृत धीमी रही। नर्सरी में केवल 5, एलकेजी में 13 और यूकेजी में 15 बच्चों का ही पंजीकरण हुआ है। इससे प्रारंभिक स्तर पर जागरूकता और रुझान बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। विद्यालय की बेहतर पहुंच और स्यांज, चैलचौक, देलग टिक्करी, देवधार व डडोह जैसे क्षेत्रों से सुगम यातायात सुविधा के कारण दूरदराज से भी विद्यार्थी यहां पहुंच रहे हैं।

### कक्षावार नामांकन (11 अप्रैल तक)

| कक्षा | छात्र संख्या | कक्षा | छात्र संख्या | कक्षा | छात्र संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| पहली | 14 | पांचवीं | 27 | नौवीं | 83 |
| दूसरी | 15 | छठी | 60 | दसवीं | 61 |
| तीसरी | 14 | सातवीं | 47 | ग्यारहवीं | 120 |
| चौथी | 20 | आठवीं | 60 | बारहवीं | 91 |

### सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करना सराहनीय कदम

**अभिभावकों** ने सरकारी विद्यालय में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू होने को सराहनीय कदम बताया है। उनका मानना है कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए बेहतर मंच मिलेगा। हालांकि, कई अभिभावकों ने शिक्षकों के रिक्त पदों को लेकर चिंता भी जताई है। उनका कहना है कि यदि समय रहते विषय विशेषज्ञों की नियुक्ति नहीं हुई, तो बढ़ते दाखिलों के बावजूद शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। विद्यालय प्रबंधन को उम्मीद है कि शिक्षकों की नियुक्ति होते ही दाखिलों का यह ग्राफ और ऊंचाई छुएगा।

# विधायक के ड्राइवर के बेटे पर परिचालक से मारपीट के आरोप, कर्मचारियों में रोष

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** जिले में राज्य पथ परिवहन निगम के एक परिचालक के साथ मारपीट का मामला सामने आने के बाद कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। आरोप है कि मंडी जिले के एक विधायक के ड्राइवर के बेटे ने अपने साथियों के साथ मिलकर परिचालक से मारपीट की।बताया जा रहा है कि शनिवार को हुए विवाद के दौरान पहले कहासुनी हुई, जिसके बाद आरोपी युवक ने अपने कुछ साथियों को मौके पर बुला लिया और परिचालक के साथ हाथापाई की। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। घटना के विरोध में परिवहन निगम के कर्मचारियों ने बस सेवाएं कुछ समय के लिए रोककर विरोध जताया और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। कर्मचारियों का कहना है कि ड्यूटी के दौरान इस तरह की घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं। वहीं, यह भी चर्चा है कि मामले में समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। पुलिस को मामले की सूचना दे दी गई है।

## अंडर-19 लड़कियों के क्रिकेट चयन ट्रायल सुंदरनगर में संपन्न

# 22 प्रतिभाओं का कोचिंग कैंप के लिए चयन



सुंदरनगर में अंडर-19 लड़कियों के क्रिकेट चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** मंडी जिला के सुंदरनगर स्थित राजकीय बहुतकनीकी कॉलेज के खेल मैदान में रविवार को अंडर-19 लड़कियों के क्रिकेट चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। ट्रायल के दौरान जिले भर से आई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया, जिसके आधार पर 22 खिलाड़ियों का कोचिंग कैंप के लिए चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों में भाव्यांजलि, परनवी, वंशिका, जाह्नवी, सुवृति वर्मा, शनवी, राईसा, दामिनी, अर्शिया, भूमिका ठाकुर, विष्णु प्रिया, राशिका, कनिका, पार्थवी, ऋतु, आकृति, हर्षिता, साक्षी, यशिका, खुशबू, ट्रेसी और जैस्मीन शामिल हैं।

- कल शुरू होगा प्रशिक्षण शिविर, 15 सदस्यीय टीम चंडीगढ़ में दिखाएगी दम

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ मंडी के अध्यक्ष अजय राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि चयनित खिलाड़ियों का कोचिंग कैंप 14 अप्रैल से सुबह 10 बजे राजकीय बहुतकनीकी कॉलेज सुंदरनगर के मैदान में आयोजित किया जाएगा। कैंप के बाद 15 सदस्यीय टीम का चयन किया जाएगा, जो चंडीगढ़ में आयोजित अंतर जिला प्रतियोगिता में भाग लेगी।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश की पहली नॉर्थ जोन खिलाड़ी नेहा सैनी, राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी नीनू चौधरी, तुलसी, एचपीसीए की पहली महिला स्कोरर सुनिधि तथा अभिनव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया व उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया।

**कार्यक्रम** प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए धिस्ती में किसान मेले में 470 किसानों ने लिया भाग

# किसानों को सिखाई प्राकृतिक खेती की तकनीकें

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), जिला मंडी द्वारा भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति के अंतर्गत ग्राम पंचायत धिस्ती, तहसील चच्योट में किसान मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करना तथा रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के उपयोग को कम करने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग, हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष लाल सिंह कौशल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने किसानों से प्राकृतिक खेती को अपनाने का आह्वान करते हुए इसे भविष्य की सुरक्षित, टिकाऊ और लाभकारी कृषि पद्धति बताया।

इस अवसर पर विशेषज्ञों द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती की प्रमुख तकनीकों जैसे जीवामृत, घनजीवामृत और बीजामृत के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही प्राकृतिक खेती के लाभों, जैसे उत्पादन लागत में कमी, मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि और स्वास्थ्यवर्धक खाद्य उत्पादन पर भी प्रकाश डाला गया।



मुख्यातिथि लाल सिंह कौशल को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

किसानों को गेहूं, मक्का एवं हल्दी की नवीनतम न्यूनतम समर्थन मूल्य की जानकारी भी प्रदान की गई, ताकि वे अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में 470 किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला स्तरीय किसान सलाहकार समिति के सदस्य हीर सिंह ठाकुर, 20 सूत्रीय कार्यक्रम के सदस्य दीप मणि, आत्मा मंडी के उप परियोजना निदेशक संजय कुमार ठाकुर व डॉ. हितेन्द्र ठाकुर, एसएमएस कृषि गगन प्रदीप सैनी, विद्युत विभाग के कार्यकारी अभियंता सुमेश चौहान, जल शक्ति विभाग के एसडीओ किशोर लाल, उद्यान विकास अधिकारी डॉ. काजल शर्मा, पशु चिकित्सक डॉ. राकेश शर्मा, सुरेश चौहान तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सुंदरनगर में केंचुआ खाद, प्राकृतिक खेती व मिलेट्स पर दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** कृषि विभाग मंडी के सौजन्य से कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर में 'किसानों के लिए केंचुआ खाद, प्राकृतिक खेती और मिलेट्स (बाजरा) पर आधारित क्षमता निर्माण (कैपेसिटी बिल्डिंग) कार्यक्रम' के तहत खेती से संबंधित तीन प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में सुंदरनगर व बल्ह विकास खंडों के अंतर्गत कुल 81 किसानों ने भाग लिया। कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर की प्रधानाचार्या डॉ. प्राची ने सभी प्रशिक्षुओं का अभिनंदन करते हुए प्रशिक्षण के उद्देश्यों व कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा देशी एवं विदेशी/अनोखी सब्जियों की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त केंचुआ खाद (वर्मी कम्पोस्ट) के निर्माण की पूरी विधि, उसके प्रयोग एवं लाभों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। किसानों को मोटे अनाज (मिलेट्स) की खेती, उनकी विशेषताओं तथा उनसे बनने वाले विभिन्न व्यंजनों के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही प्राकृतिक खेती के लाभ एवं उसकी विशेषताओं पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इसके अलावा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि किसान इन योजनाओं का लाभ कैसे उठा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान उप प्रधानाचार्य डॉ. जगदीश, प्रशिक्षण के समन्वयक डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. सुधीर एवं डॉ. मीना, प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. अमर सिंह ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

# राज्यस्तरीय हरोली उत्सव में काफ रैली बनी आकर्षण का केंद्र

## उपमुख्यमंत्री की उपस्थिति में पशुपालकों ने दिखाई उत्साहपूर्ण भागीदारी, देशी गाय प्रतियोगिता में देसराज की साहीवाल नस्ल की गाय प्रथम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** राज्य स्तरीय हरोली उत्सव के दूसरे दिन हरोली मैदान रोड़ा में आयोजित काफ रैली मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री विशेष रूप से उपस्थित रहे व उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। अग्निहोत्री ने कहा कि पशुधन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और इस प्रकार की काफ रैली पशुपालकों को तो प्रोत्साहित करती ही है, युवाओं को भी पशुपालन से जुड़ने के लिए प्रेरित करने में मददगार है। उन्होंने रैली के सफल आयोजन के लिए प्रबंधकों को बधाई दी। काफ रैली में क्षेत्रभर से आए पशुपालकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें लगभग 50 दुधारू पशुओं को प्रदर्शित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान पशुपालन क्षेत्र से जुड़े लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। रैली के अंतर्गत 0 से 6 माह आयु वर्ग के पशुओं की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसके अतिरिक्त 5 से 6 दिन आयु वर्ग के बछड़ों की उपस्थिति ने विशेष रूप से सभी का ध्यान आकर्षित किया।



पशु पालकों के साथ उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री। अनंत ज्ञान

प्रतियोगिता में पशुओं की आयु के आधार पर उनकी वृद्धि (ग्रोथ), शारीरिक बनावट, सुडौलता, दांत तथा साफ-सफाई जैसे मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया गया। इसमें पशुओं की तीन प्रमुख श्रेणियों- देसी नस्ल, विदेशी नस्ल तथा कटड़ियों के बीच मुकाबले आयोजित किए गए। देशी नस्ल वर्ग में गिर, साहीवाल तथा लाल सिंधी गायों ने अपनी विशेष पहचान बनाई। वहीं, विदेशी नस्ल वर्ग में होल्स्टीन फ्रिजियन (एचएफ) तथा जर्सी नस्ल के पशु आकर्षण का केंद्र रहे। कटड़ियों के वर्ग में मुर्राह नस्ल ने दर्शकों और विशेषज्ञों का विशेष ध्यान खींचा।

इस आयोजन ने न केवल पशुपालकों को अपनी श्रेष्ठ नस्लों के प्रदर्शन का मंच प्रदान किया, बल्कि आधुनिक पशुपालन, नस्ल सुधार और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण संदेश दिया। काफ रैली ने उत्सव में ग्रामीण समृद्धि, पशुधन विकास और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था की झलक प्रस्तुत की।

### ये रहे काफ रैली के परिणाम

देशी गाय प्रतियोगिता में कांगड़ के देसराज की साहीवाल नस्ल की गाय ने प्रथम स्थान हासिल किया। घालूवाल की स्वामी यमुना की साहीवाल नस्ल ने दूसरा तथा हरोली के सुदर्शन की गिर नस्ल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार मुर्राह भैंस श्रेणी में सैंसोवाल के रजनीश कुमार की कटड़ी ने प्रथम, बीटन के प्रदीप कुमार की कटड़ी ने दूसरा तथा मलूकपुर के अमनदीप की कटड़ी ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा विदेशी नस्ल श्रेणी में चुरुडु के अभिनव मिन्हास की बछड़ी ने प्रथम, पूबोवाल के हेमराज की बछड़ी ने दूसरा तथा पालकवाह के ध्रुव की बछड़ी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। उपमुख्यमंत्री ने विजेता बछड़ों/कटड़ियों और बछियों के मालिकों को गिफ्ट हैम्पर और पशुओं के लिए फीड की बोरी देकर सम्मानित किया। वहीं, काफ रैली में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर एसडीएम विशाल शर्मा, उपनिदेशक पशुपालन डॉ. वीरेंद्र सिंह पटियाल सहित पशुपालन विभाग के वरिष्ठ पशु चिकित्सक (वेटेरिनरी डॉक्टर), फार्मासिस्ट तथा बड़ी संख्या में पशुपालक उपस्थित रहे।

## बेबी शो में बच्चों की मासूम अदाओं ने बढ़ाई हरोली उत्सव की रौनक

अनंत ज्ञान

**यूरो, ऊना।** राज्य स्तरीय हरोली उत्सव-2026 के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक व मनोरंजक गतिविधियों के बीच बेबी शो में बच्चों की मासूम अदाओं ने लोगों का खूब मनोरंजन किया।

चार दिवसीय इस भव्य उत्सव में बच्चों से जुड़ी इस प्रतियोगिता को लेकर अभिभावकों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस शो में नौनिहालों ने अपनी मासूमियत, आकर्षक परिधानों और मुस्कान से सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में बच्चों का मूल्यांकन उनकी प्रस्तुति, स्वास्थ्य, सक्रियता और आत्मविश्वास के आधार पर किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ भाग लिया व उत्सव स्थल को उत्साहपूर्ण माहौल से भर दिया। आयोजकों द्वारा विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जबकि सभी प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहन स्वरूप प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। चार दिन तक चलने वाले इस उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा, बेबी शो, डॉग शो, काफ़ शो के अलावा हरोली क्षेत्र से जुड़ी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, जिससे यह उत्सव क्षेत्र की संस्कृति और प्रतिभा का एक बड़ा मंच बन गया है। यह बेबी शो न केवल बच्चों के प्रतिभा प्रदर्शन का माध्यम बना, बल्कि परिवारों के लिए मनोरंजन और सामाजिक सहभागिता का भी एक शानदार अवसर साबित हुआ। उपमुख्यमंत्री ने बेबी शो के विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस शो में कुल 38 प्रतिभागी रहे। आयु वर्ग 1-2 साल में रीवा, अवंतिका व रुद्रांश राणा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, 2 से 3 साल के आयु समूह में युविता प्रथम, अनुप्रिया द्वितीय व दिव्या तृतीय, आयु समूह 3 से 4 साल में विहान संदल पहले, विवान और शिवेक दूसरे व वैष्णवी ने तीसरे, जबकि 4 से 5 साल आयुवर्ग में परीक्षिका कंवर प्रथम, जानवी संदल द्वितीय तथा आदिती परमार तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिंगारा सिंह, जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी गोपाल कृष्ण, डॉ. पूजा, डॉ. हिमानी सहित अन्य चिकित्सा विभाग से संबंधित स्टाफ मौजूद रहे।

## नयना देवी में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, रविवार को भी रही भारी भीड़



मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की भारी भीड़। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी मंदिर में इन दिनों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

रविवार को भी दूरदराज से आए भक्तों ने माता के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना की व आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर के द्वार सुबह 4 बजे ही खोल दिए गए, लेकिन इसके बावजूद दिनभर श्रद्धालुओं का आना लगातार जारी रहा। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शनों के लिए पहुंचे। भीड़ को नियंत्रित रखने के लिए सुरक्षा कर्मियों ने श्रद्धालुओं को व्यवस्थित लाइनों में दर्शन करवाए। दोपहर की आरती के बाद बढ़ती भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं को छोटे-छोटे समूहों में रोका गया, जिससे व्यवस्था सुचारू बनी रही। मंदिर परिसर के बाहर होमगार्ड के जवानों ने भीड़ प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई व श्रद्धालुओं को शांति व अनुशासन के साथ दर्शन के लिए भेजा गया।

मंदिर के पुजारी लकी शर्मा ने बताया कि नवरात्र के बाद से ही श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। वीकेंड के चलते मंदिर में विशेष भीड़ देखी जा रही है, जिसके चलते दर्शन व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। इसके अलावा मंदिर के मुख्य व निकासी द्वार पर पंजाब की समाजसेवी संस्थाओं द्वारा लंगर की व्यवस्था भी की गई है, जहां श्रद्धालुओं के लिए चाय-पानी सहित प्रसाद की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### राजा परीक्षित की कथा से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथावाचक संदीपन वशिष्ट ने अपने प्रवचनों में राजा परीक्षित की कथा का मार्मिक वर्णन करते हुए जीवन की नश्वरता, मृत्यु के सत्य व मोह-माया से मुक्ति का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को जीवन के अंतिम सत्य को समझते हुए धर्म व भक्ति के मार्ग पर चलना चाहिए। कथा के समापन अवसर पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया व पूर्णाहुति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में गहरी आस्था और उत्साह देखने को मिला।

### भविष्य को लेकर तनाव में डॉक्टर, सरकार से सुधार की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन ने प्रदेश के चिकित्सा अधिकारियों के करियर में आ रहे ठहराव को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। संगठन सचिव डॉ. विजय राय ने कहा कि लंबे समय तक सेवा देने के बावजूद डॉक्टरों को पदोन्नति व वित्तीय लाभ नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे पूरे कैडर में असंतोष और मानसिक तनाव बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि अन्य राज्यों, विशेषकर उत्तराखंड व राजस्थान में डॉक्टरों के लिए समयबद्ध करियर प्रोग्रेशन की बेहतर व्यवस्था है, जबकि हिमाचल में ऐसी सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने सरकार से मांग की कि डॉक्टरों के हित में ठोस कदम उठाते हुए एक स्पष्ट और न्यायसंगत करियर प्रोग्रेशन नीति लागू की जाए, ताकि चिकित्सा अधिकारी सम्मानपूर्वक अपनी सेवाएं दे सकें।

### नयना देवी में बन रहे अस्पताल में मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में निर्माणाधीन सिविल अस्पताल को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल के लिए सरकार द्वारा 5 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जबकि मंदिर न्यास द्वारा भी 10 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई है। अस्पताल में आईसीयू सहित विभिन्न विशेषज्ञ ओपीडी सेवाएं उपलब्ध होंगी, जिनमें गायनी, नेत्र, ईएनटी, डेंटल, हड्डी रोग व मेडिसिन से जुड़ी सुविधाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल के पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं अपने क्षेत्र में ही मिल सकेंगी व उन्हें बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

### स्वतंत्रता सेनानी की धर्मपत्नी गीता देवी का निधन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वतंत्रता सेनानी परिवार से संबंध रखने वाली स्वर्गीय मुंशी राम स्वतंत्रता सेनानी की धर्म पत्नी गीता देवी (आयु 93 वर्ष) का अचानक निधन हो जाने से दकड़ी सहित पूरे घुमारवीं क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त हो गया है। उनके निधन की सूचना मिलते ही आसपास के गांवों में शोक की लहर दौड़ गई व बड़ी संख्या में लोग उनके निवास स्थान पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करने लगे। गीता देवी अपने सादगीपूर्ण जीवन, धार्मिक आस्था व मिलनसार स्वभाव के लिए जानी जाती थीं। उन्होंने अपने जीवनकाल में सामाजिक समरसता, पारिवारिक मूल्यों व सेवा भावना को सदैव प्राथमिकता दी। स्वतंत्रता सेनानी परिवार की धर्मपत्नी होने के नाते समाज में उनका विशेष सम्मान था। क्षेत्र के लोग उन्हें एक आदर्श महिला के रूप में देखते थे, जिनका जीवन दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा। दिवंगत गीता देवी का अंतिम संस्कार दकड़ी स्थित श्मशान घाट में पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ संपन्न किया गया। उनके पुत्र प्रेम लाल खाची ने उन्हें मुखाग्नि देकर अंतिम विदाई दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, रिश्तेदार, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। वातावरण अत्यंत भावुक और गमगीन रहा, जहां हर आंख नम नजर आई। प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार घुमारवीं मंजीत ठाकुर ने मौके पर पहुंचकर राजकीय सम्मान के साथ दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह सम्मान स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े उनके परिवार के योगदान को दर्शाता है। प्रशासनिक उपस्थिति से परिजनों को भी सांत्वना मिली।

## ऊना में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित

अनंत ज्ञान

**ऊना।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर ऊना के पुराने मिनी सचिवालय (कोर्ट परिसर) में उनकी भव्य प्रतिमा स्थापित की गई।

इस ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित समारोह में सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर बाबा साहेब को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रतिमा स्थापना के दौरान विधिवत अनावरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और आमजन ने पुष्प अर्पित कर बाबा साहेब को नमन किया। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अमित वाल्मीकी ने कहा कि न्यायालय परिसर में बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित होना, उनके द्वारा दिए गए संविधान व न्याय के सिद्धांतों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समानता और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक रहा है। कार्यक्रम के तहत महासभा के नेतृत्व में बसदेहड़ा से ऊना तक भव्य 'फतह मार्च' निकाला गया, जिसमें युवा, महिलाएं और बुजुर्ग



डॉ. अंबेडकर प्रतिमा स्थापना समारोह में उपस्थित गणमान्य। अनंत ज्ञान

बड़ी संख्या में शामिल हुए। हाथों में नीले झंडे व बाबा साहेब के चित्र लेकर चल रहे अनुयायियों ने 'जय भीम' और 'संविधान जिंदाबाद' के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। इसके अतिरिक्त ऊना शहर में भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें विभिन्न झांकियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बाबा साहेब के जीवन और उनके विचारों को दर्शाया गया। कार्यक्रम में अम्बेडकर अनुयायियों की भारी भागीदारी देखने को मिली। आयोजकों ने बताया कि कोर्ट परिसर में स्थापित यह प्रतिमा समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी और आने वाली पीढ़ियों को समानता, न्याय और भाईचारे के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य सलाहकार चंचल सिंह, जिला अध्यक्ष इशांत धुग्गा, यूथ अध्यक्ष शुभम भट्टी, महासभा बंगाना अध्यक्ष नवदीप महेंद, हरि चंद, ऋषभ भट्टी, साहिल, लाड़ी, राहुल बग्गा, अनीश, शाम मलही, रमन नाहर, आकाश, जतिन विशाल, रवि हंस सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ओल्ड पेंशन स्कीम कभी बंद नहीं होगी सीएम के बयान का स्वागत : राजन शर्मा

अनंत ज्ञान

**गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रांतीय मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने मुख्यमंत्री द्वारा हाल ही में ऊना दौरे के दौरान ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) को लेकर दिए गए बयान का स्वागत किया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में ओल्ड पेंशन स्कीम कभी बंद नहीं होगी और इस पर कोई पुनर्विचार नहीं किया जाएगा, जो कर्मचारियों के हित में एक सराहनीय कदम है। राजन शर्मा ने कहा कि प्रदेश के कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन बहाल कर सरकार ने बड़ा फैसला लिया है, जिसके लिए कर्मचारी वर्ग मुख्यमंत्री का आभारी है। उन्होंने बताया कि जब भी कर्मचारी संगठन अपनी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिलते हैं, तो वे उन्हें गंभीरता से सुनते हैं और समाधान का पूरा प्रयास करते हैं। इससे स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री कर्मचारी वर्ग के सच्चे हितैषी हैं। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने कर्मचारियों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। हाल ही में 775 स्कूल प्रिंसिपलों की तैनाती, अनुबंध कर्मचारियों का वर्ष में दो बार नियमितीकरण और स्टडी लीव के दौरान 100 प्रतिशत वेतन जैसे फैसले स्वागतयोग्य हैं। राजन शर्मा ने स्कूलों में प्रिंसिपलों की तैनाती के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि लेक्चरर वर्ग की लंबित मांगों, जैसे डीए एरियर सहित अन्य मुद्दों को भी जल्द पूरा किया जाए। इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा जा चुका है। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अजय नेगी के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही मुख्यमंत्री से भेंट करेगा।

## ब्रेक फेल होने से पहाड़ी से टकराई बस, 12 घायल

**अनंत ज्ञान, अंब।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के अंब क्षेत्र में रविवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा सामने आया। मुबारिकपुर-भरवाईं मार्ग पर घेबट बेहड़ के पास हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की एक बस के ब्रेक फेल हो गए, जिससे बस अनियंत्रित होकर पहाड़ी से जा टकराई। हादसे में 12 लोग घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार, धर्मशाला से होशियारपुर जा रही इस बस में करीब 50 यात्री सवार थे। सिद्ध चलेहड़ के पास अचानक बस के ब्रेक फेल हो गए, जिसके बाद चालक बस पर नियंत्रण खो बैठा। स्थिति गंभीर होने के बावजूद चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को खाई में गिरने से बचा लिया व उसे पहाड़ी से टकराकर रोक दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। इस दौरान सड़क किनारे ढाबे के बाहर खड़ी एक कार भी बस की चपेट में आ गई, जिससे उसे नुकसान पहुंचा। हादसे के समय बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना के बाद प्रशासन और पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

## पीएम मोदी से वर्चुअल संवाद कार्यक्रम में भाग लेगी ऊना की कशिश

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मोहनलाल दत्त राजकीय महाविद्यालय खड्ड की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयं सेविका कशिश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वर्चुअल माध्यम से 13 अप्रैल को माय भारत बजट क्वेस्ट के राष्ट्रीय फाइनल में चंडीगढ़ में संवाद करने का अवसर प्राप्त होगा। कशिश खड्ड कॉलेज में बीकॉम सेकेंड ईयर की स्टूडेंट्स है। कशिश ने इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए यूनियन बजट पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया, जो कि 2 फरवरी 2026 से 16 फरवरी तक आयोजित की गई थी। तत्पश्चात निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया। निबंध लेखन के लिए आठ विषय थे, जिनमें से एक विषय पर प्रतिभागी ने निबंध लिखना था। राष्ट्रीय स्तर के लगभग 12 लाख प्रतिभागियों में से कशिश का चयन हुआ है। स्वयंसेविका 13 को चंडीगढ़ में पीएम के साथ वर्चुअल संवाद कार्यक्रम में भाग लेगी।

## जनसेवा का प्रेरणादायक उदाहरण बने कर्नल जसवंत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** मंजुषा सहायता केंद्र कलोल का 12वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह व गरिमा के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. कुलदीप कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए कर्नल जसवंत सिंह चंदेल की जनसेवा भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि कर्नल चंदेल ने सेना में देश सेवा के बाद अब समाजसेवा को अपना उद्देश्य बनाकर प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. लेख राम शर्मा ने की। समारोह का शुभारंभ ज्योति प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर स्मारिका का विमोचन किया गया तथा जरूरतमंदों को 1,01,000 रुपए की आर्थिक सहायता चेक के माध्यम से प्रदान की गई। कार्यक्रम में बिलासपुर लेखक संघ के सदस्यों ने भाग लेकर हिंदी व कहलूरी भाषा में काव्य पाठ किया। इस दौरान सुषमा खजुरिया की पुस्तक 'जड़ों की ओर' का विमोचन भी किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, विशेषकर गिद्दा नृत्य, ने कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। कार्यक्रम के दौरान आस्था थिलवाल ने अपनी मां की प्रेरणा से समाजसेवा से जुड़े भावुक अनुभव साझा किए व लोगों से जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने का आह्वान किया। कर्नल जसवंत सिंह चंदेल ने बताया कि उन्होंने अपनी दिवंगत बेटी मंजुषा की स्मृति में वर्ष 2014 में इस संस्था की स्थापना की। उन्होंने कहा कि बेटी की याद को समाजसेवा के माध्यम से जीवित रखना ही उनका उद्देश्य है। आज यह केंद्र गरीब, असहाय व जरूरतमंद लोगों की सेवा में निरंतर कार्य कर रहा है और समाज के लिए प्रेरणा बना हुआ है।



कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यातिथि व साहित्यकार।

## अंब में नशे पर एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई 17.99 ग्राम चिट्टे सहित एक आरोपी काबू

अनंत ज्ञान

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के अंब क्षेत्र में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) कांगड़ा की टीम को बड़ी सफलता मिली है।

पुलिस ने आदर्श नगर में छापेमारी कर एक व्यक्ति को 17.99 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान भागमल उर्फ बब्बू निवासी आदर्श नगर, अंब के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एसआईयू कांगड़ा की टीम गत दिवस अंब क्षेत्र में नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आदर्श नगर वार्ड नंबर-6 स्थित विश्वकर्मा सर्विस प्वाइंट पर कार्यरत भागमल उर्फ बब्बू अवैध रूप से चिट्टा की खरीद-फरोख्त में संलिप्त है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी व दुकान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान दुकान के काउंटर से एक पारदर्शी पॉलिथीन बैग बरामद हुआ, जिसमें 17.99 ग्राम चिट्टा पाया गया। बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया, वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस की मुस्तैदी की सराहना की है। डीएसपी अंब अनिल पटियाल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है व जांच जारी है।

उन्होंने कहा कि पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी किन-किन लोगों के संपर्क में था और इस अवैध नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशे के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह सख्ती से जारी रहेगा और इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

**सत्र** पुष्पिंद्रा महाजन ने बताया योग से परे समग्र साधना का महत्व

## पी3वाई पर दी विस्तृत जानकारी

अनंत ज्ञान

भूपेश नड्डा, घुमारवीं। बिलासपुर के घुमारवीं में आयोजित जागरूकता शिविर के दौरान समाजसेवी पुष्पिंद्रा महाजन ने परम योग के महत्व, उसकी प्रक्रिया और उससे होने वाले व्यापक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

पुष्पिंद्रा महाजन ने कहा कि पी 3 वाई केवल योग या ध्यान की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति को स्वयं से जोड़ने वाली एक समग्र साधना है। आज के तनावपूर्ण व तेज जीवन में मनुष्य मानसिक अशांति, नकारात्मक सोच व असंतुलन से जूझ रहा है। पी 3 वाई के नियमित अभ्यास से मन को स्थिरता, विचारों को स्पष्टता व जीवन को सकारात्मक दिशा मिलती है। पुष्पिंद्रा महाजन के अनुसार, पी3वाई कोई केवल योगासन तक सीमित पद्धति नहीं है, बल्कि यह प्राण, मन व चेतना के संतुलन का विज्ञान है। इसमें शारीरिक व्यायाम के साथ-साथ प्राणायाम, ध्यान व सकारात्मक सोच का समावेश होता है, जिससे व्यक्ति का संपूर्ण विकास संभव होता है। उन्होंने बताया कि परम योग मुख्य रूप से तीन आधारों पर कार्य करता है, शारीरिक संतुलन-शरीर को स्वस्थ, लचीला व ऊर्जावान बनाना, मानसिक शांति तनाव, चिंता और अवसाद को कम करना, आध्यात्मिक उन्नति - आत्मचिंतन और आंतरिक शांति की प्राप्ति नियमित अभ्यास से होने वाले लाभ। शिविर में उन्होंने विस्तार से बताया कि पी3वाई के नियमित अभ्यास से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है, नींद की गुणवत्ता में सुधार होता है, एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ती है, उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसी समस्याओं में सहायक नियंत्रण मिलता है। व्यक्ति के भीतर सकारात्मक सोच और आत्म विश्वास का विकास होता है। पुष्पिंद्रा महाजन ने विशेष रूप से युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में बढ़ती स्क्रीन टाइम व मानसिक दबाव के कारण ध्यान भटकना आम हो गया है, ऐसे में



पी3वाई का अभ्यास विद्यार्थियों को फोकस बढ़ाने, निर्णय क्षमता मजबूत करने और परीक्षा के तनाव से निपटने में मदद करता है। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को पी3वाई की विभिन्न क्रियाओं का व्यावहारिक अभ्यास भी करवाया गया। प्रतिभागियों ने इसे बेहद उपयोगी बताते हुए नियमित रूप से अपनाने की बात कही। अंत में पुष्पिंद्रा महाजन ने सभी से अपील की कि वे प्रतिदिन कम से कम 2-3 मिनट पी3वाई के लिए जरूर निकालें। उन्होंने कहा कि 'स्वस्थ शरीर और शांत मन ही सफल और खुशहाल जीवन की कुंजी है, और परम योग इस दिशा में एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद करते हुए भविष्य में भी ऐसे जागरूकता शिविर आयोजित करने का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि इसी तरह का एक शिविर 14 अप्रैल को सुंदर नगर के एफटीएस किसान प्रशिक्षण केंद्र में भी लगाया जा रहा है।

## घुमारवीं बस स्टैंड के समीप टूटे सीवरेज ढक्कन से हादसे का खतरा

अनंत ज्ञान



**घुमारवीं।** बस स्टैंड के समीप मुख्य सड़क पर सीवरेज का ढक्कन टूट जाने से बड़े हादसे का खतरा बना हुआ है।

यह मार्ग क्षेत्र का सबसे व्यस्त मार्ग माना जाता है, जहां दिनभर बसों सहित छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही लगी रहती है, ऐसे में टूटा हुआ ढक्कन वाहन चालकों व राहगीरों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क के बीचों-बीच स्थित सीवरेज का ढक्कन काफी समय से क्षतिग्रस्त है, लेकिन संबंधित विभाग ने अभी तक इसकी सुध नहीं ली है। रोजाना इस रास्ते से गुजरने वाली बसों व अन्य वाहनों को इससे बचकर निकलना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। विशेषकर रात के समय यह समस्या और भी खतरनाक हो जाती है, क्योंकि अंधेरे में टूटा ढक्कन दिखाई नहीं देता व किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। कई बार वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगानी पड़ती है, जिससे पीछे आ रहे वाहनों के टकराने का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन व संबंधित विभाग से मांग की है कि इस समस्या का जल्द समाधान किया जाए व सीवरेज के टूटे ढक्कन को जल्द से जल्द ठीक किया जाए, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

अनंत ज्ञान मुद्दा

## विशेषज्ञों ने साझा की आधुनिक तकनीकी प्रवृत्तियां

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** राजकीय हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज, बंदला (बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश) में 6 से 10 अप्रैल तक 'इंटरनेट ऑफ थिंग्स एवं उसके अनुप्रयोग' विषय पर एक अल्पकालिक पाठ्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एनआईटीटी चंडीगढ़ के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न इंजीनियरिंग संस्थानों एवं एचपीयू हिमाचल प्रदेश से कुल 32 प्रतिभागियों (संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों) ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. उमेश चंद राठौर ने इस प्रकार के तकनीकी कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। पाठ्यक्रम की समन्वयक डॉ. रितुला ठाकुर, सह-प्राध्यापक रहीं। संस्थान की ओर से निखिल सुखीजा (सहायक प्राध्यापक) एवं डॉ. अभिषेक धीमान (सहायक प्राध्यापक) ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि प्रशासनिक सहयोग सुमित कुमार ठाकुर द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न



राजकीय हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज, बंदला में इंटरनेट ऑफ थिंग्स पर अल्पकालिक पाठ्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन। अनंत ज्ञान

प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने अतिथि वक्ता के रूप में अपने विचार साझा किए, जिनमें डॉ. बब्बन कुमार (मुख्य वैज्ञानिक, , चंडीगढ़), अजय गोदारा (सीईओ, , चंडीगढ़), सतीश ठाकरे (मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी), पीयूष तिवारी (वरिष्ठ एप्लिकेशन इंजीनियर) एवं सौरभ शर्मा (एप्लिकेशन इंजीनियर) शामिल रहे। इन विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को नवीनतम तकनीकी प्रवृत्तियों एवं आई ओ टी के उभरते अनुप्रयोगों से अवगत कराया। पांच दिवसीय इस कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को आई ओ टी की मूलभूत अवधारणाओं एवं अरुदीनों प्लेटफॉर्म का विस्तृत परिचय कराया गया। साथ ही, वास्तविक जीवन की समस्याओं पर आधारित प्रायोगिक गतिविधियों के माध्यम से तकनीकी ज्ञान को व्यावहारिक रूप दिया गया। प्रतिभागियों को आई ओ टी के माध्यम से डेटा को क्लाउड पर प्रेषित करने की प्रक्रिया तथा विभिन्न औद्योगिक एवं दैनिक जीवन में इसके अनुप्रयोगों की गहन जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और इसे अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताया। यह कार्यशाला विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के तकनीकी कौशल के विकास में सहायक सिद्ध हुई। कार्यक्रम का समापन 10 अप्रैल 2026 को उत्साहपूर्ण एवं सफलतापूर्वक हुआ।

# बच्चों के भविष्य की चिंता में छलके आंसू

## मुख्यमंत्री सुक्खू के सामने रो पड़े कशेरी स्कूल के एसएमसी प्रधान

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के जिला कुल्लू की मनाली विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले कशेरी स्कूल में शिक्षकों की कमी का मुद्दा अब मुख्यमंत्री की दहलीज तक पहुंच गया है। स्कूल में शिक्षकों के रिक्त पदों को लेकर पिछले तीन सालों से संघर्ष कर रहे कशेरी स्कूल के एसएमसी अध्यक्ष रविवार को महेंद्र जब मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिले, तो वे अपने आंसुओं को रोक नहीं पाए। नन्हे बच्चों के अंधकारमय भविष्य की चिंता जताते हुए महेंद्र ठाकुर मुख्यमंत्री के सामने ही रो पड़े। महेंद्र ने मुख्यमंत्री को बताया कि कशेरी स्कूल पिछले तीन वर्षों से मात्र एक ही शिक्षक के सहारे चल रहा है। ग्रामीण व दूरदराज के क्षेत्र में स्थित इस स्कूल में बच्चे दुर्गम व जोखिम भरे रास्तों को पार कर शिक्षा ग्रहण करने आते हैं, लेकिन स्कूल पहुंचने पर उन्हें पर्याप्त शिक्षक नहीं मिलते।



कशेरी स्कूल के एसएमसी अध्यक्ष आंखों में आंसू लिए सीएम के समक्ष गुहार लगाते हुए। अनंत ज्ञान

### ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण कतराते हैं शिक्षक

**एसएमसी** अध्यक्ष ने व्यथा सुनाते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण कोई भी अध्यापक यहां आने को तैयार नहीं होता। स्कूल में स्टाफ न होने से छात्रों को विषयवार पढ़ाई नहीं मिल पा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि इस संदर्भ में वे स्थानीय विधायक भुनेश्वर गौड़ से भी मिल चुके हैं, जिन्होंने जल्द समाधान का आश्वासन दिया है।

### मुख्यमंत्री का आश्वासन

**एसएमसी** प्रधान की भावुक अपील व बच्चों के प्रति उनकी संवेदनशीलता को देखते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू ने उन्हें ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि स्कूल में शिक्षकों के रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरने के निर्देश दिए जाएंगे, ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

> 2023 से स्कूल में स्टाफ की भारी कमी है। विभाग को कई बार अवगत कराया, लेकिन हर बार अनसुना किया गया। एक अकेला शिक्षक सभी विषयों के साथ न्याय कैसे कर सकता है? यह बच्चों के भविष्य के साथ सरासर खिलवाड़ है।
>
> **महेंद्र, अध्यक्ष, एसएमसी कशेरी स्कूल।**

# धूमधाम से मनाया अपर वैली छात्र संघ का वार्षिक समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू कॉलेज के अपर वैली छात्र संघ का वार्षिक समारोह रविवार को ऐतिहासिक लाल चंद प्रार्थी कला केंद्र में आयोजित किया गया।

इसमें पूर्व उपाध्यक्ष यूथ कांग्रेस रोहित महाजन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं अन्य गणमान्य लोगों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों को कुल्लवी परंपरा से कुल्लवी टोपी, शाल एवं समृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि रोहित ने युवाओं से अपील की कि वह नशे से अपने आप को दूर रखें, क्योंकि आज का युवा कल के देश व प्रदेश का नेतृत्व करेंगे इसलिए युवाओं को पढ़ाई, खेलकूद व अन्य गतिविधियों में अपने आप को व्यस्त रखना होगा, तभी इस देश और प्रदेश का भविष्य उज्ज्वल होगा, उन्होंने अपर वैली छात्र संग का आभार जताया व एक युवा कलाकार को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 2100 रुपए नकद दिए। इस समारोह में अपर वैली छात्र संघ के अध्यक्ष प्रियांश ठाकुर, प्रभारी सागर ठाकुर, उपाध्यक्ष पियूष ठाकुर, कार्यक्रम संयोजका रिद्धिमा ठाकुर, केशियर वर्षा ठाकुर सहित अनेक छात्र उपस्थित रहे।

# एचआरटीसी बस में महिला से दो किलो चरस, 56 ग्राम अफीम बरामद, गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**सैंज।** जिला कुल्लू में नशा माफिया के खिलाफ पुलिस का अभियान 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर जारी है। इसी कड़ी में रविवार सुबह सैंज पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है।

पुलिस ने हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस में सफर कर रही एक महिला से भारी मात्रा में चरस व अफीम बरामद की है। पुलिस के अनुसार बस की सीट नंबर 9 पर बैठी एक महिला पुलिस को देखते ही घबरा गई। वह खिड़की की तरफ अपने बैग को छिपाने की कोशिश करने लगी। महिला की संदिग्ध हरकतों को देखते हुए जब पुलिस ने उसके बैग की गहन तलाशी ली, तो उसमें से 2 किलो 35 ग्राम चरस व 56 ग्राम अफीम बरामद हुई। महिला की पहचान इंदिरा देवी (57), पत्नी मीने राम, निवासी गांव बकशाहल, तहसील सैंज के रूप में हुई है। पुलिस ने नशे की खेप को कब्जे में लेकर आरोपी महिला को तुरंत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने



चरस के साथ गिरफ्तार महिला। अनंत ज्ञान

आरोपी के खिलाफ थाना सैंज में मादक द्रव्य अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट) की धारा 18 और 20 के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी छज्जू राम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पागल नाला के पास लारजी की ओर करीब 100 मीटर की दूरी पर विशेष नाका लगाया था। सुबह करीब 7:35 बजे, जब सैंज-धाऊगी से औट की ओर जा रही एचआरटीसी बस को तलाशी के लिए रोका गया, तो पुलिस टीम बस के भीतर दाखिल हुई। एसपी कुल्लू मदन लाल कौशल ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस अब इस बात की तफ्तीश कर रही है कि नशे की यह खेप कहां से लाई गई थी और इसका मुख्य स्रोत क्या है। उन्होंने कहा कि नशे के अवैध कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। आने वाले दिनों में इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों पर भी शिकंजा कसा जाएगा।

# गांव-गांव तक चलाया जाएगा सदस्यता अभियान

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** सहकार भारती जिला कुल्लू की जिला स्तरीय बैठक सत्संग भवन अखाड़ा बाजार में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष त्रिलोक कार्की ने की। बैठक में संगठन के विस्तार व स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार दिलाने पर गहन चर्चा हुई। विभाग प्रमुख कीर्ति नरेश ने घोषणा की कि सहकार भारती जिला कुल्लू में जल्द ही एक व्यापक सदस्यता अभियान शुरू करेगी। इसके तहत कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों से संपर्क करेंगे व उन्हें सहकारिता के महत्व से अवगत कराएंगे। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सतीश मेढ़ी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सहकार भारती का मुख्य उद्देश्य भारत के प्रत्येक नागरिक को सहयोग की भावना के साथ जोड़ना है। उन्होंने बताया कि सहकार भारती की स्थापना 1978 में मुंबई में हुई थी। वर्तमान में यह संगठन भारत के 24 राज्यों के 600 जिलों में सक्रिय है। हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक जिले में सहकार भारती अपनी टोलियां बनाएगी। इनका मुख्य कार्य स्वयं सहायता समूहों व महिला मंडलों को सहकारी सभाओं से जोड़ना होगा।



सहकार भारती की जिला बैठक के दौरान गणमान्य। अनंत ज्ञान

### स्थानीय उत्पादों को मिलेगा राष्ट्रीय बाजार

**बैठक** में इस बात पर चिंता व्यक्त की गई कि ग्रामीण सहकारी सभाओं को सरकार की आर्थिक सहयोग योजनाओं की पर्याप्त जानकारी नहीं होती, जिससे उन्हें उत्पादों का सही मूल्य नहीं मिल पाता। सतीश मेढ़ी ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय स्थानीय उत्पादों के लिए देश-प्रदेश में प्रदर्शनियों का आयोजन करता है, लेकिन जानकारी के अभाव में कई सभाएं वहां तक नहीं पहुंच पातीं। सहकार भारती सरकार व इन सहकारी सभाओं के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करेगी, ताकि स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजार में उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में सहकार भारती के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सतीश मेढ़ी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अनिल, विभाग प्रमुख कीर्ति नरेश, जिला मंत्री देवदत्त ठाकुर और जिला महिला प्रमुख कंचन सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं की व्यक्त

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल/कुल्लू।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को कुल्लू सदर के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर के निवास स्थान तेगूबेहड़ में उनसे व उनके परिजनों से भेंट की और विधायक के पिता जोग ध्यान ठाकुर के निधन पर शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जोग ध्यान ठाकुर का निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है।

उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ने मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ के निवास स्थान कटराईं जाकर उनके बड़े भाई बुधीश्वर गौड़ के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार इस दुःख की घड़ी में शोकाकुल परिवारों के साथ है।





मुख्यमंत्री सुंदर सिंह ठाकुर के घर पर उनकी माता व पूरे परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए (दाएं) मनाली के विधायक के घर पर उनके भाई के निधन पर शोक प्रकट करते हुए। अनंत ज्ञान

# विधायक अनुराधा ने पिन वैली में कार्यकर्ताओं में भरा जोश

अनंत ज्ञान

**काजा।** लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा इन दिनों स्पीति घाटी के प्रवास पर हैं। अपने दौरे के दौरान वे न केवल विकास कार्यों का जायजा ले रही हैं, बल्कि आम जनता और कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित कर लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत कर रही हैं।

इसी कड़ी में रविवार को उन्होंने पिन वैली के विभिन्न गांवों का दौरा किया, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जनसभाओं के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पानी और कृषि से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। विधायक ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को फोन के माध्यम से इनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने आश्वासन दिया कि दुर्गम क्षेत्रों की मूलभूत सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



विधायक का यह दौरा स्पीति घाटी के विकास और संगठन को नई ऊर्जा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर उनके साथ जिला और ब्लॉक कांग्रेस के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे जिनमें जिला अध्यक्ष दोरजे लारजे ,ब्लॉक अध्यक्ष दोरजे छेरिंग, टीएसी सदस्य छेवांग, कुंजग गटुक एसपी बौद्ध, पूर्व आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष राहुल एवं गणमान्य कार्यकर्ता एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### आत्मीय मुलाकात और सार्थक संवाद

**विधायक** ने अपने प्रवास के दौरान मुद्द, तेलिंग, खर, सगनम, कुंगरी व गुलिंग गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ जमीन पर बैठकर उनकी समस्याओं को सुना। अनुराधा राणा ने कार्यकर्ताओं को एकजुटता का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि पार्टी की मजबूती और क्षेत्र का विकास कार्यकर्ताओं के आपसी तालमेल पर निर्भर करता है।

> **क्षेत्र** के समग्र एवं सतत विकास के लिए हम पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ निरंतर प्रयासरत हैं। हमारा लक्ष्य स्पीति के हर गांव तक विकास की रोशनी पहुंचाना है।
>
> **अनुराधा राणा, विधायक लाहौल-स्पीति।**

# कार्यकर्ताओं की भीड़ देख गदगद हुए पूर्व मंत्री मार्कंडेय



डॉ. रामलाल मार्कंडेय का कार्यकर्ता स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति दौरे पर पहुंचे पूर्व मंत्री डॉक्टर रामलाल मार्कंडेय अटल टनल के पास कार्यकर्ताओं की भीड़ देखकर गदगद हुए। सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने लाहोल घाटी पहुंचने पर अटल टनल रोहतांग के नोर्थ पोर्टल में पूर्व मंत्री मार्कंडेय का भव्य स्वागत किया।

गौर हो प्रदेश में तीसरा मोर्चा खोलने की बात कर डॉक्टर रामलाल मार्कंडेय चर्चा में आए हैं। उपचुनाव में मार्कंडेय का टिकट काट कर कांग्रेस से भाजपा में आए रवि ठाकुर को दे दिया था। इस कारण मार्कंडेय व उनके समर्थक नाराज हो गए व लाहौल-स्पीति विकास मंच का गठन कर डाला। हालांकि, बीच में उनका मंच एक्टिव नहीं दिखा, लेकिन गत एक महीने से मार्कंडेय व उनके समर्थक हरकत में आए हैं।

आज मार्कंडेय ने केलांग में कार्यकर्ताओं में जोश भरा व एकजुटता का पाठ भी पढ़ाया। बैठक में भाग लेने के बाद रामलाल मार्कंडेय ने कहा कि लाहौल-स्पीति पंचायत चुनावों में लाहौल-स्पीति विकास मंच (तीसरा मोर्चा) अपने प्रत्याशी उतारने की तैयारी कर रहा है। मार्कंडेय ने कहा कि वे पंचायत चुनावों के माध्यम से राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ रणनीति बनाएंगे। उन्होंने अटल टनल रोहतांग में जोरदार स्वागत करने पर कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

# मनाली में ट्रैफिक सिस्टम हुआ फेल, चुनाव ड्यूटी ने छीनी सुरक्षा

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली इन दिनों भारी कुप्रबंधन व ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रही है।

रविवार को घाटी में सरकारी अव्यवस्था का वह मंजर देखने को मिला, जहां सोलंगनाला से लेकर पलचान तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। आलम यह था कि महज 10 मिनट का सफर तय करने में लोगों को एक घंटे से अधिक का समय लग रहा है। सुबह के समय हिडिंबा मंदिर मार्ग मंदिर से मनाली बाजार तक पहुंचने में एक घंटा लग रहा है, जबकि सामान्य दिनों में यह दूरी मात्र 10 मिनट की है। वहीं, ओल्ड मनाली की संकरी गलियों और पर्यटकों की भारी भीड़ के कारण यहां भी पैदल चलना दूभर हो गया है।सोलंगनाला में घंटों जाम में फंसे रहने के कारण पर्यटकों का उत्साह फीका पड़ जाता है। शनिवार रात को हुई बर्फबारी के कारण प्रशासन ने रविवार सुबह करीब 11 बजे तक अटल टनल की ओर जाने वाले वाहनों को रोक दिया था। सुरक्षा की दृष्टि से उठाए गए इस कदम के बाद पर्यटकों ने सोलंगनाला के पास सड़कों के किनारे बेतरतीब ढंग से वाहन पार्क कर दिए। डबल-लेन सड़क पर चार-चार कतारें लगने के कारण यातायात पूरी तरह ठप्प हो गया, जिसका असर पलचान तक देखने को मिला। दिनभर पर्यटक और लाहौल जाने वाले स्थानीय लोग रेंगते वाहनों के बीच परेशान होते रहे।




सोलंगनाला के बीच ट्रैफिक जाम में फंसे वाहन। अनंत ज्ञान

### पुलिस बल की कमी, 50 फीसदी जवानों के भरोसे मनाली

**इस** भारी जाम की मुख्य वजह पुलिस बल की भारी कमी बताई जा रही है। मनाली में तैनात पुलिस जवानों के एक बड़े जत्थे को चुनाव ड्यूटी के लिए असम भेजा गया है।वर्तमान में सड़कों पर यातायात नियंत्रित करने के लिए तैनात जवानों की संख्या 50 प्रतिशत से भी कम रह गई है। पर्याप्त फोर्स न होने के कारण सोलंगनाला, अटल टनल, वशिष्ठ, हिडिंबा मंदिर, ओल्ड मनाली और वामतट मार्ग पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

**वीकेंड** पर पर्यटकों की संख्या बढ़ना तय था। इसके बावजूद प्रशासन ने बैकअप प्लान तैयार नहीं किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस को चुनाव ड्यूटी पर भेजने से पहले पर्यटन सीजन की संवेदनशीलता को ध्यान में रखा जाना चाहिए था। फिलहाल, सरकार व प्रशासन की ओर से इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं, जिससे आगामी दिनों में स्थिति और बिगड़ने की आशंका है।

# लगघाटी शिक्षा विभाग कर्मचारी कल्याण संघ कुल्लू ने धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** लगघाटी शिक्षा विभाग कर्मचारी कल्याण संघ लगघाटी कुल्लू का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह सत्र 2024-25 पीएमश्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूट्ठी के प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया।

समारोह में परमानंद सेवानिवृत्त मुख्य शिक्षक गांव बुआई ने मुख्यातिथि व राजेंद्र चौहान प्रधानाचार्य पीएमश्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूट्ठी ने वशिष्ठातिथि के रूप में भाग लिया। समारोह में सत्र 2024-25 उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को संघ द्वारा पुरस्कृत किया गया। क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में नई मिसाल कायम की है। 12वीं, 10वीं, 8वीं व 5वीं कक्षा के परिणामों में छात्रों ने शानदार अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय, अभिभावकों एवं पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्लस टू विज्ञान वर्ग में अरमान ठाकुर ने 91.9 फीसद अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि नंदिनी ठाकुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कला वर्ग में अनामिका ठाकुर ने 95.4 फीसद अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त कर ओवरऑल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। वाणिज्य वर्ग में हिमानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 10वीं कक्षा में कंचन ठाकुर ने 97.85 फीसद प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं स्नेहा ठाकुर द्वितीय स्थान पर रहीं। इसके अतिरिक्त, एनएमएमएस परीक्षा में भी क्षेत्र के कई विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की, जिनमें पूर्वा, नियति, चंद्रदित्य वर्मा, चांदनी, पियुष ठाकुर, सिद्धार्थ, यश ठाकुर और सुहाना शामिल हैं। नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की, जिनमें कल्प, ऋतिका ठाकुर, जागृति एवं कानिका ठाकुर शामिल हैं। 5वीं एवं 8वीं कक्षा के प्रतिभा खोज परीक्षा में भी विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। 5वीं कक्षा में कानिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि 8वीं कक्षा में अंजलि ठाकुर प्रथम स्थान पर रहीं। ब्लॉक स्तर पर 5वीं कक्षा में प्रियंका ने 96.25 फीसद अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर शिक्षकों एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**प्रदर्शन** सड़कों की बदहाली और 'गारंटी' की विफलता पर सरकार को घेरा

# मनाली के पतलीकूहल में भाजपा का 'हल्ला बोल'

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** हिमाचल प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए भाजपा मनाली व नगर मंडल ने रविवार को पतलीकूहल में जोरदार शक्ति प्रदर्शन किया। एक विशाल 'सक्रिय जन सम्मेलन' के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरकार की नीतियों व क्षेत्र में ठप पड़े विकास कार्यों के खिलाफ आवाज बुलंद की।

कार्यकर्ताओं ने पतलीकूहल स्थित शिव मंदिर से लेकर मुख्य चौक तक एक विशाल रोष रैली निकाली, जिसमें प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। रैली में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था, जिन्होंने स्थानीय मुद्दों को लेकर सरकार की घेराबंदी की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए बंजार के विधायक सुरेंद्र शोरी ने क्षेत्र की चरमराई यातायात व्यवस्था पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि मनाली व बंजार विधानसभा क्षेत्र वर्तमान में सड़कों की बदहाली के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। विधायक ने विशेष रूप से नेशनल हाईवे-3 की दयनीय स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि अधूरे मरम्मत कार्य व निर्माण की कछुआ चाल के कारण यहां रोजाना घंटों लंबे जाम लग रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यह राष्ट्रीय राजमार्ग अब जनता के लिए सुविधा कम व संकट का कारण अधिक बन गया है। इसके अलावा, उन्होंने बस रूटों के बंद होने पर गहरी चिंता जताई, जिससे छात्र और कर्मचारी वर्ग बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।




भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए। अनंत ज्ञान

### विकास कार्यों की अनदेखी व 'झूठी गारंटियों' पर बरसी भाजपा

**विकास** के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष धनेश्वरी ठाकुर ने गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में मनाली विधानसभा क्षेत्र में एक भी नया बड़ा विकास कार्य शुरू नहीं हुआ है। ठाकुर ने दावा किया कि वर्तमान विधायक जिन परियोजनाओं के शिलान्यास कर रहे हैं, वे सभी भाजपा सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत और शुरू की गई थीं। उन्होंने सरकार पर क्षेत्र को विकास की दौड़ में पिछड़ने का आरोप लगाया। उनके सुर में सुर मिलाते हुए भाजपा प्रदेश सचिव प्रियनता शर्मा ने कांग्रेस की 'दस गारंटियों' को पूरी तरह विफल बताया। प्रियनता शर्मा ने विशेष रूप से महिलाओं का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने गारंटियों के नाम पर प्रदेश की लाखों महिलाओं के साथ वादाखिलाफी व ठगी की है। इस विशाल धरना-प्रदर्शन व सम्मेलन में भाजपा के संगठनात्मक ढांचे की मजबूती भी देखने को मिली। कार्यक्रम में भाजपा मनाली मंडल के अध्यक्ष जोगिंदर मेहरा, नगर मंडल अध्यक्ष ठाकुर दास, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अखिलेश कपूर व वर्षा ठाकुर समेत बड़ी संख्या में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने एकजुट होकर आगामी समय में सरकार के खिलाफ इस आंदोलन को व तेज करने का संकल्प लिया व कहा कि यदि जल्द ही सड़कों की स्थिति और जन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो भाजपा उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# विधायक अनुराधा राणा की लोकप्रियता से घबराई भाजपा: केसंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** युवा कांग्रेस अध्यक्ष एवं टीएसी सदस्य केसंग रापचिक ने कहा कि विधायक लाहौल-स्पीति को सदन में चुस्त व आंदोलन में सुस्त बताने वाले भाजपा के बयान पर केसंग रापचिक ने भाजपा को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा अनुराधा राणा की बढ़ती लोकप्रियता से घबराई हुई है।

भाजपा घबराकर बेबुनियाद व तथ्यहीन आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि विधायक अनुराधा राणा जितनी बेबाकी से सदन में जनता की आवाज उठाती हैं, उतनी ही ईमानदारी, सजगता व समर्पण के साथ अपने क्षेत्र के विकास व जनसेवा में भी निरंतर जुटी रहती हैं। भाजपा के इस तरह के बयान उनकी मजबूत छवि को कमजोर नहीं कर सकते, बल्कि यह उनकी लोकप्रियता का ही प्रमाण है। उन्होंने कहा कि मौसम की विकट परिस्थितियों में भी विधायक लगातार लाहौल घाटी सहित स्पीति घाटी का दौरा कर रही है और जनता की सेवा में जुटी हुई है।

'फाउंडेशन इंस्टीट्यूशन प्रोग्राम' का सफलतापूर्वक आयोजन किया

# बच्चों को नैतिक मूल्यों, अनुशासन से अवगत कराया

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** श्री श्री संस्कार केंद्र कुल्लू द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए 6 से 10 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए विशेष 'फाउंडेशन इंस्टीट्यूशन प्रोग्राम' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राजकीय प्राथमिक केंद्रीय पाठशाला न्यूल व बजौरा में आयोजित किए गए, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान संस्कार केंद्र के प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम दो चरणों में पूरा किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था कुल्लू मिडिया प्रभारी सुशांत ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रथम चरण: 16 मार्च से 20 मार्च तक किया गया। द्वितीय चरण: 6 अप्रैल से 10 अप्रैल तक। प्रत्येक दिन 2 घंटे के विशेष सत्र आयोजित किए गए, जिनमें बच्चों को नैतिक मूल्यों, अनुशासन व व्यक्तित्व विकास की बारीकियों से अवगत कराया गया। इस 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को संस्कार केंद्र के चार अनुभवी शिक्षकों द्वारा संचालित किया गया, जिनमें मुख्य रूप से सोनम डोलमा, रत्ना ठाकुर, कमला बोध, कविता मौजूद रहे। शिक्षकों ने बताया कि इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य छोटी आयु में ही बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारना व उन्हें भारतीय संस्कारों व जीवन कौशल के प्रति जागरूक करना है। खेल-खेल में दी गई इस शिक्षा के माध्यम से बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास पर बल दिया गया। स्कूल प्रशासन व अभिभावकों ने श्री श्री संस्कार केंद्र के इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों की आवश्यकता पर जोर दिया।



बच्चों को जानकारी देते हुए। अनंत ज्ञान

# शॉर्ट सर्किट से आग, 30 बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई राख



गेहूं के खेत में लगी आग को बुझाते लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नाहन।** पांवटा साहिब क्षेत्र के करतारपुर मुगलवाला पंचायत के गांव बालीवाला में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब करीब 30 बीघा भूमि पर खड़ी गेहूं की फसल अचानक आग की चपेट में आकर जलकर राख हो गई। इस हादसे से स्थानीय किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, लेकिन शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण दमकल विभाग को भी सूचित किया गया, जिसने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक अधिकांश फसल जल चुकी थी। प्रभावित किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

**प्रारंभिक** जांच में 20 से 30 बीघा फसल के जलने की पुष्टि हुई है। खेतों के ऊपर से गुजर रही ढीली बिजली की तारों में स्पार्किंग को आग का मुख्य कारण माना जा रहा है। प्रशासन ने जल्द राहत प्रदान करने का भरोसा दिलाया है।

**वेद प्रकाश, तहसीलदार**

# घरेलू सिलेंडरों की कालाबाजारी पर सख्ती, सोलन में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के औचक निरीक्षण तेज

अनंत ज्ञान

**सोलन।** घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने सोलन जिले में सख्ती बढ़ा दी है। विभाग ने विशेष टीमें गठित कर बाजारों, पर्यटन स्थलों और होटल-ढाबों में औचक निरीक्षण शुरू कर दिए हैं। हाल ही

**◆ सरकार के निर्देशानुसार विभाग ने बढ़ाई पूरे जिले में निगरानी**

में विभागीय निरीक्षकों की संयुक्त टीम ने करीब 24 होटलों और ढाबों की जांच की, जिसमें अवैध रूप से घरेलू सिलेंडरों के उपयोग पर नजर रखी गई। एलपीजी की कमी को देखते हुए सरकार के निर्देशानुसार विभाग ने पूरे जिले में निगरानी बढ़ा दी है। सोलन, नालागढ़, कुनिहार, कंडाघाट, चायल, बद्दी और अर्की सहित विभिन्न क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। विभाग ने चेतावनी दी है कि जहां भी घरेलू सिलेंडरों का दुरुपयोग पाया जाएगा, वहां संबंधित संचालकों पर जुर्माना लगाया जाएगा और आवश्यकतानुसार कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। विभाग ने होटल और ढाबा संचालकों से नियमों का पालन करने की अपील की है। साथ ही आम जनता से भी आग्रह किया गया है कि यदि कहीं घरेलू सिलेंडरों का अवैध उपयोग होता दिखाई दे, तो इसकी सूचना तुरंत विभाग को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

**लगातार** ऐसी शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ कारोबारी घरेलू गैस सिलेंडरों का इस्तेमाल व्यावसायिक गतिविधियों में कर रहे हैं, जो नियमों का उल्लंघन है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर केवल घरों के उपयोग के लिए हैं, व्यवसायिक उपयोग के लिए कमर्शियल सिलेंडर अनिवार्य हैं।

**श्रवण कुमार, खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक सोलन**

## 22 जून को मिड-डे मील वर्कर्स का शिमला सचिवालय घेराव

अनंत ज्ञान

**सोलन।** मिड-डे मील वर्कर यूनियन सोलन ब्लॉक ने 22 जून को एक दिवसीय हड़ताल और शिमला सचिवालय घेराव की तैयारी तेज कर दी है। सीटू कार्यालय सोलन में आयोजित बैठक में अध्यक्ष किरण की अध्यक्षता में 55 वर्कर्स ने हिस्सा लिया। सीटू जिला महासचिव मोहित वर्मा ने कहा कि केंद्र मात्र 1000 मानदेय दे रही है, प्रदेश सरकार ने 500 रुपए बढ़ाए, लेकिन यह नाकाफी है। यूनियन ने स्थायी वेतन वृद्धि का फॉर्मूला व मांगें पूरी करने की अपील की। प्रमुख मांगें मिड-डे मील वर्कर्स को सरकारी कर्मचारी का दर्जा। सर्वसम्मति से फैसला हुआ कि सोलन ब्लॉक से 150 वर्कर्स और पूरे जिले से 700 वर्कर्स शिमला पहुंचेंगे।



बैठक में पहुंचे मिड-डे मील वर्कर्स। अनंत ज्ञान

### कालाअंब मोगीनंद में स्टे आदेश की अवहेलना का आरोप

# फार्मा कंपनी पर बाउंड्री वॉल तोड़ने का मामला दर्ज

अनंत ज्ञान

**नाहन।** पुलिस थाना कालाआंब के अंतर्गत मोगीनंद क्षेत्र में जमीन विवाद ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। आरोप है कि न्यायालय द्वारा जारी स्टे आदेश के बावजूद संबंधित पक्ष ने बाउंड्री वॉल को तोड़ दिया, जिससे मामला कानूनी कार्रवाई तक पहुंच गया है और दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया है। शिकायतकर्ता राजेंद्र बंसल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी निजी भूमि पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि करीब 5 लाख रुपए की लागत से तैयार की गई बाउंड्री वॉल को जानबूझकर ध्वस्त कर दिया गया, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

जानकारी के अनुसार यह भूमि विवाद पहले से ही न्यायालय में विचाराधीन है और 3 मार्च, 2026 को सिविल जज नाहन द्वारा इस पर स्पष्ट रूप से स्टे आदेश जारी किया गया था। इसके बावजूद आरोप है कि राज कुमार गोयल और उससे जुड़े ब्रिट लाइफ साइंस फर्म के लोगों ने रात के समय बाउंड्री वॉल को गिरा दिया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि बाउंड्री निर्माण के लिए की गई खुदाई को भी मिट्टी से भर दिया गया, जिससे न केवल जमीन मालिक को नुकसान हुआ बल्कि विवाद और अधिक गहरा हो गया है और स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है पुलिस ने शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला सिरमौर के पुलिस अधीक्षक निश्चिंत सिंह नेगी ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि सभी तथ्यों की जांच की जा रही है और उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा मीडिया प्रभारी राकेश गर्ग को मातृ शोक

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी और नाहन के मुख्य व्यवसाय राकेश गर्ग की माता कैलाश देवी का रविवार को डॉक्टर वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्टल नाहन में निधन हो गया। जानकारी के मुताबिक 89 वर्षीय कैलाश देवी कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी , जिसके चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उनके आकस्मिक निधन पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल समेत शहर के व्यापारियों ने गहरा शोक प्रकट किया है। कैलाश देवी की अंतिम यात्रा दोपहर बाद शुरू होगी और जिला मुख्यालय नाहन स्थित मोक्षधाम में 4:00 बजे उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### रफी नाइट सीजन-11 के आयोजन को लेकर विजयी फोरम की बैठक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** विजयी फोरम की ओर से 'रफी नाइट सीजन-11' कार्यक्रम के आयोजन को लेकर अध्यक्ष तरसेम भारती की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की संभावित तिथियों, विभिन्न स्थानों पर ऑडिशंस के स्वरूप और प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा हुई। सदस्यों ने निर्णय लिया कि प्रतियोगिता को ऑनलाइन व ऑफलाइन ऑडिशन के माध्यम से पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जाएगा। सभी ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सुझाव दिए और भविष्य की रणनीति पर सहमति जताई। इस अवसर पर रिंपल धर्म, मधु भारती, दीक्षा भारती, गौरी शंकर, विपिन गर्लैक, अरुष गुप्ता, राजन, रोहित गोयल, सुभाष शर्मा, डॉ. लक्ष्मी घारू सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। सर्वसम्मति से तय हुआ कि आगामी दिनों में अगली बैठक कर कार्यक्रम की तिथियों व स्थानों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

### चूड़ेश्वर सेवा समिति का 23वां महाधिवेशन शुरू, नई सराय का हुआ लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, सोलन।** चौपाल के सराह क्षेत्र में चूड़ेश्वर सेवा समिति का 23वां दो दिवसीय महाधिवेशन श्रद्धा और उत्साह के साथ आरंभ हो गया। इस अवसर पर सराह इकाई द्वारा शिरगुल महाराज के भक्तों का पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ भव्य स्वागत किया गया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया। महाधिवेशन में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की कुल 57 इकाइयों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। समिति के केंद्रीय अध्यक्ष बीएम नंटा ने जानकारी दी कि इस अधिवेशन में वार्षिक लेखा-जोखा सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा तथा आगामी वर्ष की योजनाओं, धार्मिक गतिविधियों और भंडारों के आयोजन पर विस्तृत चर्चा कर उन्हें अंतिम रूप दिया जाएगा। पहले दिन समिति की नई सराय का उद्घाटन भी केंद्रीय अध्यक्ष बीएम नंटा द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि लगभग 90 लाख रुपए की लागत से निर्मित यह सराय चूड़धार आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बड़ी सुविधा साबित होगी।

### बॉलीवुड सिंगर अमित शर्मा, अर्षप्रीत कौर, लोक गायक सुरेश शर्मा राजगढ़ मेले में मचाएंगे धमाल

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** बॉलीवुड प्लेबेक सिंगर अमित शर्मा व अर्षप्रीत कौर, प्रदेश के प्रसिद्ध लोक गायक सुरेश शर्मा, अजय चौहान व अजु तोमर, हिमाशीं तंनवर, राजेश त्यागी, मदन झालटा सहित अनेक कलाकार जिला स्तरीय बैशाखी मेला राजगढ़ की तीनों सांस्कृतिक संध्याओं में धमाल मचाएगें। यह जानकारी एसडीएम राजगढ़ एवं मेला समिति के अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर ने बताया कि 14 अप्रैल की प्रथम सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध लोकगायक सुरेश शर्मा, हिमांशी तनवर, किश्न वर्मा और भारती शर्मा लोगों का भरपूर मनोरंजन करवाएंगें। इसी प्रकार 15 अप्रैल की सांस्कृति संध्या में बॉलीबुड गायक अमित शर्मा, अर्षप्रीत कौर, हिमाचली जोड़ी और राजेश त्यागी धमाल मचाएगें। इस सांस्कृतिक संध्या में हिप्र पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेगें। इसी प्रकार मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या 16 अप्रैल को अजय चौहान व अजु तोमर, सम्मी प्रिंस, मदन झालटा और दीपक चौहान प्रमुख कलाकार रहेंगे। इस सांस्कृतिक संध्या में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया बतौर मुख्य अतिथि और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जीआर मुसाफिर बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत करेगें।

### भाजपा शहरी मंडल सोलन का निकाय चुनाव तैयारियों पर मंथन

# बनी रणनीति, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का किया आह्वान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** भाजपा शहरी मंडल सोलन की मासिक बैठक अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुई । बैठक में कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की गई। बैठक में 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती को बूथ स्तर पर मनाने की योजना तैयार की गई, साथ ही मंडल स्तर पर भी भव्य कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

इसके अतिरिक्त आगामी नगर निगम चुनावों की तैयारियों को लेकर भी रणनीति बनाई गई तथा कार्यकर्ताओं से सक्रिय रूप से जुटने का आह्वान किया गया। बैठक में शहर के ज्वलंत मुद्दों पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से मांग की गई कि सोलन में बढ़ते नशे पर तुरंत प्रभावी कार्रवाई की जाए। मंडल ने कहा कि नशे के कारण सामाजिक अपराध बढ़ रहे हैं और युवा पीढ़ी का भविष्य खतरे में पड़ रहा है, जबकि सरकार नशा तस्करों पर रोक लगाने में विफल साबित हो रही है। शहर की खराब सड़कों की स्थिति पर भी नाराज़गी जताई गई। कहा गया कि लंबे समय से सड़कें जर्जर हालत में हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आंजी क्षेत्र में जल शक्ति विभाग द्वारा पानी की आपूर्ति एवं गुणवत्ता को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए गए। मंडल ने कहा कि जब छोटे से क्षेत्र में ही विभाग सुचारू व्यवस्था नहीं कर पा रहा, तो पूरे शहर में व्यवस्था कैसे संभालेगा। क्षेत्र के लोग पानी की कमी और खराब गुणवत्ता दोनों से जूझ रहे हैं। इस बैठक में मंडल महामंत्री धर्मेंद्र ठाकुर, उपाध्यक्ष दिनेश शुक्ला, उपाध्यक्ष अनिल कुमार, सचिव राजू कुंद्रा, रेनुका कालसी, जिला मीडिया प्रभारी संजीव मोहन, जिला महिला मोर्चा महामंत्री विशाखा, महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रिया, युवा मोर्चा अध्यक्ष राहुल शर्मा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष राज तिलक नेगी, ग्राम केंद्र प्रभारी मुकेश शर्मा, कुशाग्र गौतम, अनुसूचित जाति महामंत्री शिशुपाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# निकाय चुनाव से पहले सोलन शहर में विकास कार्यों में तेजी, टेंडर प्रक्रिया तेज

## नगर निगम की आर्थिक तंगी के बीच 4.5 करोड़ के कार्यों को मिली मंजूरी

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** निकाय चुनाव नजदीक आते ही शहर के विकास विकास कार्यों में तेजी आई है। शहर के कुल 17 वार्डों में सड़क, पाथ और पार्किंग जैसे कार्यों को गति मिली है। पार्षद चुनाव तक काम निपटाना चाहते हैं। बीते दिन ही स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल

**◆ सपरून में पार्किंग तैयार स्लिप रोड का कार्य प्रगति पर**

ने करीब डेढ़ करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस कड़ी में अब प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य देखने को मिल रहे हैं। सपरून में जहां करीब 7 लाख की लागत से पार्किंग बन कर तैयार हुई है, वहीं इसको जोड़ने वाले स्लिप रोड को अब पक्का करने का कार्य चल रहा है। बता दें कि पिछले जनरल हाऊस में मेयर ने सभी पार्षदों के आग्रह पर वार्डो के विकास कार्यों के लिए आवश्यक धनराशि देने की हामी भरी है। पार्षदों को जल्द से जल्द अपने विकास कार्यों की लिस्ट तैयार कर उनकी डीपीआर व टेंडर लगाने के लिए भी कहा गया था। अब इन कार्यों की टेंडर हो चुके हैं।

ज्ञात रहे कि छह महीने की देरी से हुए जनरल हाउस में विकास कार्यों को मंजूरी नहीं मिल पाई थी। इससे शहर में कई विकास कार्य लंबित हो गए। पर अब शहर के सभी वार्डों में पार्षदों द्वारा विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए करीब साढ़े चार करोड़ रुपए मंजूर हुए हैं।

चुनाव आचार संहिता लगने से नए टेंडर नहीं लग पाएंगे। यही कारण है कि पार्षद जल्द से जल्द कार्यों को सिरे चढ़ाना चाहते हैं। हालांकि नगर निगम सोलन की आर्थिक तंगी किसी से छिपी नहीं है। पिछले वर्ष ठेकेदारों की समय पर पेमेंट न होने के कारण भी निगम चर्चा में रही थी। निगम के पास आय के स्रोत सीमित है और व्यय अधिक है।



सपरून में स्लिप रोड को पक्का करने का कार्य जारी। अनंत ज्ञान

शहर के विकास कार्यों के लिए पिछले हाउस में 4.5 करोड़ का प्रावधान किया गया है। पार्षदों को विकास कार्यों की लिस्ट तैयार कर उनकी डीपीआर व टेंडर लगाने के लिए भी कहा गया है। पांच वर्षो में सोलन शहर के वार्ड क्षेत्रों के विकास पर करीब 34 करोड़ व्यय किए गए हैं।

**उषा शर्मा, मेयर नगर निगम सोलन**

### नाहन में भाजपा की आक्रोश रैली, सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

# साढ़े तीन साल में प्रदेश कांग्रेस सरकार ने जनता की तोड़ी कमर : डॉ. राजीव बिंदल

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** नाहन में आयोजित भाजपा की आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का साढ़े तीन वर्ष का कार्यकाल प्रदेश की जनता के लिए भारी कठिनाइयों और आर्थिक संकट का कारण बन गया है। उनके अनुसार 'सुक्खु सरकार' के फैसलों ने हर वर्ग गरीब, किसान, बागवान, कर्मचारी, व्यापारी, युवा और महिलाएं सभी को प्रभावित किया है। डॉ. बिंदल ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक हो गई है और अपराधों में वृद्धि हुई है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि चिट्टा, शराब और कबाड़ माफिया को राजनीतिक संरक्षण मिल रहा है, जिससे प्रदेश में भय का माहौल बन गया है।

उन्होंने दावा किया कि सरकार ने साढ़े तीन वर्षों में भारी कर्ज लेकर राज्य को आर्थिक संकट में धकेल दिया है। उन्होंने विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं जैसे पेट्रोल-डीजल, सीमेंट, स्टांप ड्यूटी, पानी, बिजली, राशन, एंट्री टैक्स और परिवहन किराया की कीमतों में बढ़ोतरी का उल्लेख करते हुए इसे जनता पर अतिरिक्त बोझ बताया। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता अब सरकार के खिलाफ आक्रोशित है और परिवर्तन चाहती है।



नाहन में भाजपा ने निकाली आक्रोश रैली। अनंत ज्ञान

### मातृत्व पर 'शुल्क का वार' सुरक्षा दिवस पर ही माताओं से वसूली दुर्भाग्यपूर्ण : अरुष

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राष्ट्रीय मातृत्व सुरक्षा दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा महिलाओं पर आर्थिक बोझ डालने के निर्णय की भाजपा ने कड़े शब्दों में निंदा की है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य (आईटी विभाग) अरुष गुप्ता ने सुक्खू सरकार को घेरते हुए कहा कि 'व्यवस्था परिवर्तन' का दावा करने वाली यह सरकार अब 'शुल्क वृद्धि मॉडल' पर उतर आई है। अरुष गुप्ता ने कहा कि कमला नेहरू अस्पताल जैसे संस्थानों में सर्जरी के दौरान मातृशक्ति से 4700 रुपए तक शुल्क वसूलना सरकार की संवेदनहीनता को उजागर करता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, 'एक ओर चुनावों में इंदिरा गांधी सम्मान योजना के अंतर्गत 1500 देने के झूठे वादे किए गए और दूसरी ओर आज महिलाओं को अपने उपचार के लिए जेब ढीली करनी पड़ रही है।

### शाहपुर में होने वाली फुटबाल प्रतियोगिता के लिए सोलन के खिलाड़ी तैयार, कड़े प्रशिक्षण के बाद टीम चयनित

# टीम के कप्तान बने कार्तिक

अनंत ज्ञान

**सोलन।** कांगड़ा जिले के शाहपुर में 14 से 17 अप्रैल तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए सोलन जिला की फुटबॉल टीम पूरी तरह तैयार है। टीम आज सोलन से शाहपुर के लिए रवाना होगी। इस प्रतियोगिता को 'नाइन ए साइड' प्रारूप में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें एक समय में नौ खिलाड़ी मैदान में उतरेंगे, जबकि पांच खिलाड़ी रिजर्व के रूप में टीम के साथ रहेंगे। सोलन जिला फुटबॉल संघ के महासचिव कर्ण जीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि टीम का चयन कड़े अभ्यास और प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। खिलाड़ियों ने हाल ही में सोलन के ठोडो ग्राउंड में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लिया, जहां उन्हें आधुनिक तकनीकों और रणनीतियों की विशेष ट्रेनिंग दी गई। फुटबॉल संघ के सचिव परमिंदर धीमान ने बताया कि टीम का कप्तान कार्तिक को बनाया गया है, जो अपनी बेहतरीन खेल शैली और नेतृत्व क्षमता के लिए जाने जाते हैं। टीम के साथ पवन कुमार को टीम मैनेजर की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि टीम के कोच सतीश शर्मा होंगे।

**टीम इस प्रकार**

**कार्तिक** (कप्तान), दक्ष, सूरज, विनायक, मोहित, करण, चेतन, प्रियांशु, हर्षित, वसु, आकाश, सागर, अभय, उदय और हर्ष। जिला फुटबॉल संघ और खेल प्रेमियों को टीम से बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद है। सभी खिलाड़ियों ने जिले का नाम रोशन करने का संकल्प लिया।

# बीबीएन की लेखिका डॉ. नंदिता बाली को मिला 'राष्ट्रीय स्वर्णिम विद श्री सम्मान'

**● 42वीं राष्ट्रीय उपलब्धि की हासिल, हिंदी साहित्य और लेखन में नंदिता बाली ने देवभूमि को देशभर में दिलाई अलग पहचान**

अनंत ज्ञान

**ओम शर्मा। बीबीएन।** प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी की प्रख्यात लेखिका डॉ. नंदिता बाली को हिंदी साहित्य में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 'राष्ट्रीय स्वर्णिम विद श्री सम्मान' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें आचार्य वीरेंद्र सिंह गहरवार द्वारा प्रदान किया गया, जो इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय के निदेशक हैं। डॉ. नंदिता बाली की साहित्यिक पहचान विशेष रूप से उनकी उन कविताओं से बनी है, जो 'विश्व हिंदी दिवस' और 'हिंदुत्व का प्रतीक है व गाय' जैसे विषयों पर आधारित हैं। ये रचनाएँ प्रतिष्ठित गंगोत्री पत्रिका में प्रकाशित हो चुकी हैं और साहित्यिक जगत में इन्हें व्यापक सराहना प्राप्त हुई है। उनकी लेखनी सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय विषयों पर केंद्रित रहती है, जिसमें धरोहर संरक्षण और ऐतिहासिक इमारतों के संरक्षण जैसे मुद्दे प्रमुख हैं।



पिछले लगभग 22 वर्षों से वे इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान से जुड़ी हुई हैं और निरंतर शोध एवं लेखन कार्य में सक्रिय हैं। साहित्य और शोध के क्षेत्र में उनके सतत योगदान के लिए उन्हें अब तक अनेक राष्ट्रीय स्तर के सम्मान प्राप्त हो चुके हैं, और यह उनका 42वां राष्ट्रीय सम्मान बताया गया है। सेवानिवृत्त प्रवक्ता होने के बावजूद डॉ. बाली साहित्यिक गतिविधियों में पूरी तरह सक्रिय हैं। वे ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों प्रकार के कवि सम्मेलनों में भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराती रहती हैं। इस अवसर पर आचार्य गहरवार द्वारा उन्हें संस्थान का हिमाचल प्रदेश अध्यक्ष भी मनोनीत किया गया।

**साहित्य साधना को निरंतर रखेंगी जारी**

**सम्मान** प्राप्त करने पर डॉ. नंदिता बाली ने कहा कि स्वास्थ्य परिस्थितियां कैसी भी हों, वे साहित्य साधना को निरंतर जारी रखेंगी और समाज, संस्कृति एवं धरोहर संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को अपनी लेखनी के माध्यम से उजागर करती रहेंगी। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### विकास | आम जन के जीवन को सरल बनाने की दिशा में सरकार सक्रिय: अवस्थी

# दो करोड़ से अधिक लागत की योजनाओं के किए शिलान्यास

अनंत ज्ञान

**अर्की/सोलन।** संजय अवस्थी ने अर्की विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार आम जन का जीवन सरल और सुविधाजनक बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। ग्राम

**◆ समाना में 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत किया समस्याओं का समाधान**

पंचायत कोटलू के दौरे के दौरान उन्होंने 2 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया और जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने समाना गांव के मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना भी की। विधायक ने सेरा-कनोह एम्बुलेंस मार्ग (40 लाख), सेरा से कायरटु-नेवाड़ी संपर्क मार्ग (1.18 करोड़) तथा समाना पाज्जा से कलडवार तक एम्बुलेंस मार्ग (45 लाख) की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार 'सरकार आपके द्वार' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान उनके घर के नजदीक कर रही है।

उन्होंने बताया कि राजस्व लोक अदालतों के आयोजन से वर्षों से लंबित मामलों का त्वरित निपटारा हो रहा है। साथ ही लोगों को स्वास्थ्य जांच, प्रमाण पत्र और अन्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने क्षेत्र को आदर्श विधानसभा बनाने का संकल्प दोहराते हुए स्थानीय विकास के लिए निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया।



सड़क मार्ग का शिलान्यास करते विधायक संजय अवस्थी। अनंत ज्ञान

## विनय कुमार ने 17 लाख के संपर्क मार्ग का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, नाहन।** विनय कुमार ने संगड़ाह क्षेत्र में 17 लाख की लागत से निर्मित संपर्क मार्ग का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को महत्वपूर्ण सुविधा प्रदान की। यह मार्ग जवगाधार से जलशक्ति विभाग के पंप हाउस तक बनाया गया है, जिससे स्थानीय लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संगड़ाह पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा। इस दौरान उन्होंने नवगठित नगर पंचायत संगड़ाह के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता भी की और क्षेत्रवासियों को बधाई दी। विधायक ने कहा कि रेणुकाजी विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और संगड़ाह को नगर पंचायत का दर्जा मिलने से विकास को नई गति मिलेगी।

### चंडी में विकास कार्यों का लोकार्पण, विधायक ने सुनीं जनसमस्याएं

अनंत ज्ञान

**अश्वनी शर्मा, कसौली।** दून के विधायक चौधरी रामकुमार ने अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान ग्राम पंचायत चंडी के लोगों की समस्याएं सुनी व विधायक निधि से पूरे हुए कार्यों के लोकार्पण किए। इससे पूर्व विधायक ने मां चंडी देवी के चरणों शीश नवाया। पूर्व प्रधान बलवंत ठाकुर ने बताया कि विधायक ने चंडी गांव, धारों की धार तक बने रास्तों व घरमौला खड पर सांवली गांव को जोड़ने वाले दो छोटे पुलों का उद्घाटन किया। विधायक ने सीबीएससी मॉर्डन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बने हॉल का भी निरीक्षण किया। चंडी व पट्टा स्वास्थ्य केंद्र में एक अन्य अतिरिक्त चिकित्सक की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि चंडी पंचायत में विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लिए अभी तक पांच करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है। विधायक ने चंडी चिकित्सालय में मरीजों के लिए बिस्तरों की संख्या बढ़ाने का भी आश्वासन दिया।

# टीएमसी ने मदरसों के लिए 6000 करोड़ रुपए दिए, अब हिसाब देना होगा : मोदी

## बोले- बंगाल से टीएमसी का जाना तय, सिलीगुड़ी की जनसभा उड़ा देगी नींद

**एजेंसी, कोलकाता**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि चुनाव के बाद बंगाल से टीएमसी का जाना तय है। कल मेरे रोड शो में लोगों ने जो प्यार दिखाया, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा कि सिलीगुड़ी की यह जनसभा टीएमसी की नींद उड़ा देगी।

पीएम का आज पश्चिम बंगाल दौरे का दूसरा दिन है। वे सिलीगुड़ी में जनसभा कर रहे थे। मोदी ने दार्जिलिंग की सभी 5 और जलपाईगुड़ी जिले की सभी 7 सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि टीएमसी ने मदरसों के लिए 6000 करोड़ दिए, लेकिन यहां के विकास के लिए कुछ नहीं किया। वह सिर्फ अपने खास वोट बैंक के लिए पैसे देती है। आपने टीएमसी के निर्मम शासन काल में इतने सालों में पश्चिम बंगाल की बर्बादी देखी है। उन्हें 15 साल का हिसाब देना होगा। पीएम ने सीएए (नागरिकता (संशोधन) अधिनियम) का भी जिक्र किया। उन्होंने 'कमल खिलाओ, घुसपैठिया भगाओ' के नारे लगाते हुए कहा कि रुष्ट की सरकार निर्मम है, लेकिन हमने सीएए की मदद से आपको वोटिंग की गारंटी दी है। चाय उत्पादकों पर उन्होंने कहा कि असम आपके पड़ोस में है और वहां की भाजपा सरकार ने चाय बागान श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर महत्वपूर्ण काम किया गया है और श्रमिकों को भूमि पट्टे दिए जा रहे हैं। बंगाल में भी श्रमिक परिवारों को भूमि पट्टे दिए जाएंगे। इससे पहले पीएम ने शनिवार को बंगाल के पूर्व वर्धमान जिले के कटवा, मुर्शिदाबाद के जंगीपुर और दक्षिण दिनाजपुर जिले के कुशमंडी में तीन रैलियों को संबोधित किया था। मोदी ने कहा कि दार्जिलिंग समेत उत्तर बंगाल का एक बड़ा हिस्सा चाय उत्पादक क्षेत्र है। आपकी चाय का स्वाद मुझसे बेहतर कौन जान सकता है? लेकिन आप देख रहे हैं कि निर्दयी टीएमसी सरकार चाय बागानों को भी नष्ट कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा बंगाल के लोगों से करती गलत व्यवहार : ममता

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि बीजेपी बंगाल को 'सोनार बांग्ला' बनाने की बात करती है, लेकिन जिन राज्यों में उनकी सरकार है, वहां बंगाल के लोगों के साथ गलत व्यवहार होता है। ममता बनर्जी ने बांकुरा में एक रैली के दौरान कहा कि टीएमसी को हराने के लिए भाजपा ने 1000 करोड़ रुपए की डील की है। चुनाव वाले इलाकों में केंद्रीय बल महिलाओं के साथ तलाशी के नाम पर गलत व्यवहार कर रहे हैं।

# आरएसएस-भाजपा का मुख्य उद्देश्य संविधान को खत्म करना है : राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला करते हुए रविवार को आरोप लगाया कि उनका मुख्य उद्देश्य संविधान को खत्म करना है क्योंकि वे नहीं चाहते कि भारत में सभी को समान माना जाए। राहुल गांधी ने ये टिप्पणियां 14 अप्रैल को भीमराव आंबेडकर की जयंती से पहले यहां 'रन फॉर आंबेडकर, रन फॉर कॉन्स्टीट्यूशन' मैराथन को हरी झंडी दिखाने से पहले कीं। उन्होंने मंडी हाउस से मैराथन शुरू होने से पहले एकत्रित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अंबेडकर का मुख्य संदेश संविधान का था। संविधान के बिना जिसे हम भारत कहते हैं, वह नहीं होता। आज जो लोग आरएसएस-भाजपा की सोच के हैं, वे संविधान को खत्म करना चाहते हैं। वे कुछ भी कहें, उनका असली उद्देश्य संविधान को मिटाना है, क्योंकि वे नहीं चाहते कि भारत में सभी को समान माना जाए। उन्होंने कहा कि 'वे (आरएसएस-भाजपा) चाहे जो करें, वे अंबेडकर जी की प्रतिमा के सामने सिर भी झुकाते हैं, लेकिन उनका उद्देश्य संविधान को खत्म करना है। हमारा उद्देश्य संविधान की रक्षा करना और उसे मजबूत करना है।' (अनंत ज्ञान)



# जयशंकर ने यूएई के उप प्रधानमंत्री से मुलाकात कर क्षेत्रीय स्थिति पर की चर्चा



**एजेंसी, अबू धाबी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से अबू धाबी में मुलाकात की और क्षेत्रीय स्थिति में हो रहे बदलावों और इसके प्रभावों पर चर्चा की।

जयशंकर नौ से 12 अप्रैल तक मॉरीशस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अपनी चार दिवसीय यात्रा के अंतिम चरण में अबू धाबी में हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आज शाम अबू धाबी में संयुक्त अरब अमीरात के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमारी बातचीत क्षेत्रीय स्थिति में हो रहे बदलावों और उनके प्रभावों पर केंद्रित रही। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने खाड़ी देश में भारतीय समुदाय का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के नेतृत्व द्वारा किए गए प्रयासों को लेकर भारत की ओर से गहरी सराहना व्यक्त की। मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत-संयुक्त अरब अमीरात व्यापक रणनीतिक साझेदारी और आगे बढ़ती रहेगी। जयशंकर मॉरीशस की अपनी यात्रा समाप्त करने के बाद शनिवार को संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे, जहां उन्होंने नौवें हिंद महासागर सम्मेलन में हिस्सा लिया था। (अनंत ज्ञान)

# मणिपुर में सुरक्षाबलों ने 21 बंकर किए नष्ट, टेंगनौपाल जिले से 13 आईईडी जब्त






**एजेंसी, इंफाल**

मणिपुर पुलिस और सुरक्षाबलों का पूरे इलाकों में लगातार तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। 21 बंकर नष्ट किए गए, हथियार और विस्फोटक जब्त किए गए और अलग-अलग मामलों में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

मणिपुर पुलिस मुख्यालय ने आधिकारिक बयान में बताया कि उखरुल जिले के लिटन पुलिस स्टेशन के तहत सिकिबंग में 14 बंकर और मोंगकोट चेपु गांव में सात बंकर नष्ट किए गए। इन जगहों से ग्यारह खाली खोखे भी बरामद किए गए। चुराचांदपुर जिले के वेंगनुआम और सिंगनेट के दो निवासियों को बेहियांग पुलिस स्टेशन के तहत हियांगतान गांव से गिरफ्तार किया, जिनके पास से 45 प्लास्टिक की साबुनदानी में रखे गुए ब्राउन शुगर बरामद हुए। इसके अलावा एक अलग अभियान में टेंगनौपाल जिले से 13 आईईडी भी जब्त किए हैं। माओलांग, लिवुंग, गोमनोम और टी. खोंगनजांग के तिराहे वाले इलाके से मैगजीन के साथ दो 9एमएम की पिस्तौल बरामद किए गए। आईईडी को नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने बताया है कि ये अभियान राज्य में उग्रवाद और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के चल रहे प्रयासों का हिस्सा हैं। (अनंत ज्ञान)

# हैती के सिटाडेल लाफेरियर में भगदड़, 30 लोगों की मौत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



उत्तरी हैती में सिटाडेल लाफेरियर में मची भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई है। यह भगदड़ तब मची जब इस ऐतिहासिक जगह पर एक सालाना जश्न मनाने के लिए एक भारी भीड़ जमा हुई थी। रॉयटर्स के अनुसार, हैती के नॉर्ड डिपार्टमेंट में सिविल प्रोटेक्शन के प्रमुख जीन हेनरी पेटिट ने बताया कि यह भगदड़ ऐतिहासिक किले के प्रवेश द्वार पर मची। यह किला 19वीं सदी की शुरुआत में, देश को फ्रांस से आजादी मिलने के कुछ ही समय बाद बनाया गया था। यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित यह ऐतिहासिक जगह, सालाना कार्यक्रम में शामिल होने आए छात्रों और पर्यटकों से खचाखच भरी हुई थी। पेटिट ने कहा कि भीड़भाड़ और बारिश, दोनों की वजह से हालात तेजी से बिगड़े। हैती के प्रधानमंत्री एलिक्स डिडिएर फिल्स-एम ने हादसे पर शोक व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की। इस दुख की घड़ी में एकजुटता का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि वहां मौजूद कई युवा भी शामिल थे, हालांकि अधिकारियों ने अभी तक पीड़ितों की पहचान की पुष्टि नहीं की है और न ही हताहतों का विस्तृत ब्यौरा दिया है। घटनास्थल पर राहत-बचाव कार्य जारी है। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका में स्वामी विवेकानंद की पहली आदमकद प्रतिमा का अनावरण

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**



**अमेरिका** में स्वामी विवेकानंद की पहली आदमकद प्रतिमा का सिएटल में अनावरण किया गया। यह प्रतिमा प्रसिद्ध भारतीय दार्शनिक और आध्यात्मिक नेता स्वामी विवेकानंद के सम्मान में स्थापित की गई है। अधिकारियों ने बताया कि सिएटल शहर में 'वेस्टलेक स्क्वायर' पर स्थापित आदमकद कांस्य प्रतिमा अमेरिका में किसी नगर प्रशासन की ओर से लगाई गई अपनी तरह की पहली प्रतिमा है। भारतीय कलाकार नरेश कुमार कुमावत द्वारा बनाई गई इस प्रतिमा का सिएटल की महापौर केटी विल्सन और सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूत प्रकाश गुप्ता ने शनिवार को संयुक्त रूप से अनावरण किया। सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि शिकागो 1893 से सिएटल 2026 तक! ...सिएटल का प्रशासन शहर के मध्य क्षेत्र में स्वामी विवेकानंद स्मारक स्थापित करने वाला पहला नगर प्रशासन बन गया है। विल्सन ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह स्मारक सिएटल की समावेशी भावना को दर्शाता है और भारत एवं अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के इस विविधतापूर्ण महानगरीय प्रौद्योगिकी केंद्र के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करता है। सिएटल में भारतीय मिशन ने एक बयान में कहा कि भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) ने सिएटल की "समृद्ध बहुसांस्कृतिक पहचान और समावेशी भावना" के सम्मान में उसे यह प्रतिमा भेंट की। महावाणिज्य दूतावास ने बताया कि प्रतिमा का अनावरण आईसीसीआर दिवस के अवसर पर किया गया और यह भारत की व्यापक सांस्कृतिक कूटनीतिक पहलों का हिस्सा है जिसका उद्देश्य भारत और अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के बीच लोगों के आपसी संबंधों को मजबूत करना है। (अनंत ज्ञान)

# संतुलित आहार व परिवार का सहयोग पार्किंसंस रोग के प्रबंधन में महत्वपूर्ण

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** विश्व पार्किंसंस दिवस के अवसर पर, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, मोहाली के डॉक्टरों ने पार्किंसंस रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और शीघ्र निदान की अपील की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रोग की प्रगति को धीमा करने और रोगी के परिणामों में सुधार के लिए समय पर हस्तक्षेप और बहु-विषयक देखभाल अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, मोहाली के न्यूरोलॉजी विभाग के एसोसिएट निदेशक डॉ. सावन कुमार वर्मा ने कहा, 'पार्किंसंस रोग धीरे-धीरे विकसित होती है, जिससे जल्द निदान चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ प्रभावी प्रबंधन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भी है।' डॉ. वर्मा ने आगे बताया कि पार्किंसंस रोग के सामान्य लक्षणों में कंपन (कंपकंपी), अकड़न, धीमी गति (ब्रेडीकाइनेसिया), संतुलन में कठिनाई और बोलने या लिखने में परिवर्तन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि गति संबंधी लक्षणों के अलावा, रोगियों को नींद की गड़बड़ी, अवसाद और संज्ञानात्मक परिवर्तन जैसे गैर-गतिशील लक्षण भी अनुभव हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि पार्किंसंस रोग एक दीर्घकालिक स्थिति है जिसके उपचार के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। हालांकि, वर्तमान में इसका कोई इलाज नहीं है, लेकिन शीघ्र निदान और उचित उपचार लक्षणों को नियंत्रित करने और रोगी के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने में महत्वपूर्ण रूप से सहायक हो सकते हैं। हल्के कंपन, अकड़न या धीमी गति जैसे शुरुआती लक्षणों को पहचानना समय पर हस्तक्षेप के लिए महत्वपूर्ण है। डॉ. वर्मा ने आगे कहा, 'पार्किंसंस रोग के उपचार में दवाएं, जीवनशैली में बदलाव, फिजियोथेरेपी और कुछ मामलों में डीप ब्रेन स्टिमुलेशन जैसी उन्नत चिकित्साएं शामिल हैं। नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और मजबूत पारिवारिक सहयोग इस रोग को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# लाखों की नौकरी छोड़ नारनौल की पलक ने चुना वैराग्य का मार्ग

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के नारनौल की रहने वाली पलक ने सांसारिक जीवन त्यागकर जैन धर्म की दीक्षा लेने का बड़ा फैसला किया है। रविवार को वह अपने परिवार, रिश्तेदारों व परिचितों को अलविदा कहकर दिल्ली के लिए रवाना हो गईं। आगामी 23 अप्रैल को वह विधिवत जैन दीक्षा ग्रहण करेंगी व साध्वी जीवन की शुरुआत करेंगी। पलक का यह निर्णय उनके मजबूत आध्यात्मिक झुकाव और मोक्ष प्राप्ति की इच्छा को दर्शाता है। उनका कहना है कि आत्मशुद्धि और मोक्ष के मार्ग पर चलने के लिए कठोर अनुशासन और नियमों का पालन आवश्यक है और उन्होंने इसी मार्ग को अपनाने का संकल्प लिया है। दीक्षा के बाद पलक एक वर्ष तक मौन व्रत रखकर जैन धर्म के आगमों का गहन अध्ययन करेंगी। श्वेतांबर स्थानकवासी जैन सभा के सचिव मुकेश जैन के अनुसारए पलक अपनी गुरुनी भाग्यप्रभा महाराज के सान्निध्य में रहकर साधना करेंगी। जैन साध्वी बनने की प्रक्रिया बेहद कठिन होती है। दीक्षा के समय केश लोचन (बालों का त्याग) किया जाता है, जो आगे भी साल में दो बार होली और पर्युषण से पहले दोहराया जाता है।

# टिक्का शिवेंद्र कुटलैहड़ को यूथ विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान**




**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का 11 व 12 अप्रैल को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न हो गया।

दो दिवसीय अधिवेशन में क्षत्रिय समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा की गई। अधिवेशन के दौरान मथुरा से तीन बार सांसद रह चुके राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर राजा मानवेंद्र सिंह ने युवराज ऋषिराज सिंह को राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की। इसके साथ ही टिक्का शिवेंद्र पाल कुटलैहड़ को यूथ विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष व इंदु तोमर को महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया गया। इस मौके पर विजय सिंह सोनगरा- राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, गजेंद्र सिंह राणा चंडीगढ़ अध्यक्ष, यशपाल राणा हरियाणा अध्यक्ष, कामनेश धलारिया- चंडीगढ़ सचिव, अमन राम-चंडीगढ़ उपाध्यक्ष, उमेश सिंह राणा-पंजाब युवा अध्यक्ष, साहिल सिंह राठौड़-पंजाब युवा उपाध्यक्ष और कुँवर नीरज सिंह सहित देश भर से क्षत्रिय समाज के लोगों ने बढचढ कर भाग लिया। इस आयोजन में सभी 24 राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हुए, जिसमें युवा और महिला भी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर राजा मानवेंद्र सिंह ने बताया कि दो दिवसीय अधिवेशन में क्षत्रिय समाज जे जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि अधिवेशन के मुख्य एजेंडे जिन पर गंभीरता और विस्तार चर्चा हुई, वो इस प्रकार से हैं:- जातिगत आरक्षण को समाप्त कर आर्थिक आधार पर किया जाए, एट्रोसिटी एक्ट को समाप्त किया जाए, महाराणा प्रताप जी की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश के लिए भारत सरकार से मंजूरी दिलवाना, समाज के गरीब छात्र-छात्राओं को शिक्षा के लिए मदद करना, भारत सरकार से लगातार पत्राचार कर UGC कानून में पुन: विचार करने का आग्रह करना, क्षत्रिय इतिहास को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करवाना, क्षत्रिय इतिहास रक्षा करना एवं इसका प्रचार-प्रसार करना, क्षत्रिय संस्कृति, नैतिकता, शिक्षा और परंपराओं को कायम रखना एवं इसका प्रचार- प्रसार करना, सर्वत्र फैले क्षत्रिय संगठनों के बीच प्रभावी समन्वय के लिए शीर्ष निकाय के रूप में कार्य करना, क्षत्रिय एकता, सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए कार्य करना।

# पुलिस अधीक्षक ने ली सुरक्षा को लेकर जिले के पुलिस अधिकारियों की बैठक

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** पानीपत पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने रविवार को जिला पुलिस विभाग के सभागार में पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधकों, क्राइम युनिट प्रभारी व चौकी इंचार्जो के साथ एक महत्वपूर्ण अपराध समीक्षा बैठक की।

पुलिस अधीक्षक ने इस दौरान कानून व व्यवस्था व दर्ज मुकदमों में की जा रही कार्रवाई की समीक्षा लेकर अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था और थानों की कार्यप्रणाली को और अधिक बेहतर बनाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान सख्त निर्देश दिए की दर्ज किसी भी मामले की जांच बेवहज लंबे सयम तक पेंडिग न रखे और तय समय में जांच पूरी कर चालान न्यायालय में पेश करें। महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों का निपटारा निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाए और थाना प्रबंधक स्वयं यह सुनिश्चित करें कि पीड़ित को उचित न्याय मिले। उन्होंने निर्देश दिए की थाना चौकी में शिकायत लेकर आने वाले प्रत्येक शिकायतकर्ता के साथ नैतिकता पूर्वक व्यवहार करते हुए शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनें और नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाए। किसी के साथ अभद्र व्यवहार ना करें। इसके बारे जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में टीम द्वारा पीड़ित से फोन के माध्यम से संपर्क कर फीडबेक भी लिया जायेगा। पीड़ित की शिकायत चाहे ऑनलाईन, ऑफलाईन या उच्च अधिकारियों के कार्यालय के माध्यम से प्राप्त हुई हो उस पर त्वरित कार्रवाई करें। और थाना प्रबंधक अपने-अपने क्षेत्र में प्रभावी गश्त कर संद्विगध वाहनों व व्यक्तियों की गहनता से चेकिंग करें। आदतन अपराधियों पर विशेष रुप से नजर रखे व समय-समय पर उनके बारे पुछताछ करते रहें। उद्घोषित, पीओ, बेल जंपर अपराधियों का पता लगाकर उन्हे गिरफ्तार करे। मुकदमों मे बकाया आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द करें। अपराधिक घटना घटीत होनें की कोई भी सूचना मिलती है तो तुरंत घटना स्थल पर पहुचें। अपराध पर अंकुश लगाने का हर संभव प्रयास किया जाए।उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी थाना प्रबंधक, चौकी इंचार्ज अपने अधिकार क्षेत्र में रात में प्रभावी गश्त व नाकाबंदी कराए, ताकि अपराधियों में भय और आमजन में सुरक्षा का विश्वास बना रहे।

# बैसाखी का उत्सव पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया




**अनंत ज्ञान**

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** रयात बाहरा यूनिवर्सिटी में बैसाखी के पावन अवसर को रंग-बिरंगे व उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज एंड एजुकेशन द्वारा 'क्रिएटिव सोल्स: सेलिब्रेटिंग कल्चरल गोल्स – ए फेस्टिव फ्यूजन' शीर्षक के तहत एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लेते हुए विभिन्न पारंपरिक प्रस्तुतियां पेश कीं। लद्दाखी व राजस्थानी लोक नृत्यों के साथ-साथ जोशीले गिद्धा व भांगड़ा ने कार्यक्रम को रंगीन बना दिया।

इन प्रस्तुतियों ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता को उजागर करते हुए अपनी जीवंतता और गरिमा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पारंपरिक परिधानों में सजे छात्रों ने उत्सव के माहौल को और भी आकर्षक बना दिया और ऑडिटोरियम को विरासत और एकता के उत्सव में परिवर्तित कर दिया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए डॉ. इंदरप्रीत कौर (डीन) ने सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और ऐसे आयोजनों के माध्यम से समावेशिता को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन प्रो. (डॉ.) एसके बंसल, प्रो. वाइस-चांसलर द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कर किया गया। उन्होंने छात्रों की प्रतिभा और उनके प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर रयात बाहरा समूह के चेयरमैन गुरविंदर सिंह बाहरा ने छात्रों सहित समस्त देशवासियों को बैसाखी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। यह आयोजन न केवल कलात्मक उत्कृष्टता का प्रतीक बना, बल्कि छात्रों में एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक गौरव की भावना को भी मजबूत करने में सफल रहा।

# आई चेकअप कैंप में 125 मरीजों का किया इलाज, 72 को बांटे चश्मे




**अनंत ज्ञान**

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** लायंस क्लब खरड़ उमंग ने समाज सेवा व हेल्थ अवेयरनेस के तहत खरड़ में एक फ्री आई चेकअप कैंप लगाया। इस बारे में जानकारी देते हुए क्लब के डायरेक्टर सुभाष अग्रवाल ने बताया कि कैंप में ए वन हॉस्पिटल खरड़ से आए ऑप्थैल्मिक ऑफिसर जरनैल सिंह ने मरीजों की आंखों की जांच की।

इस कैंप में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया व फ्री आई चेक-अप सर्विस का फायदा उठाया। क्वालिफाइड डॉक्टरों ने आंखों की डिटेल में जांच की और आंखों की देखभाल, आंखों की रोशनी ठीक करने और आंखों से जुड़ी बीमारियों से बचाव के बारे में जानकारी दी। कैंप में कुल 125 मरीजों का इलाज किया गया और 72 मरीजों को चश्मे बांटे गए। इस मौके पर क्लब के मुख्य पदाधिकारी मौजूद थे, जिनमें जनरल सेक्रेटरी अमनदीप, ट्रेजरर नरेश चंद सिंगला व प्रोजेक्ट चेयरमैन अमनदीप सिंह मान के साथ क्लब के दूसरे सदस्य भी मौजूद थे।

उनके मिलकर किए गए प्रयासों से कैंप सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस मौके पर क्लब के प्रतिनिधियों ने रेगुलर आंखों के चेकअप के महत्व पर जोर दिया व भविष्य में भी ऐसी सामाजिक पहल जारी रखने का संकल्प दोहराया। लायंस क्लब खरड़ उमंग कई तरह के हेल्थ व सेवा से जुड़े प्रोग्राम के जरिए समाज की भलाई में अपना अहम योगदान दे रहा है। इसके अलावा, सरपंच भूपिंदर सिंह, पंच नरिंदर कुमार इस मौके पर खास तौर पर मौजूद थे।

# पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की खूबसूरती को दर्शाया

**अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** सीपी67 मॉल एक जीवंत उत्सव स्थल में बदल गया, जब एनीज किंडरगार्टन के छात्र बैसाखी के त्योहार का अनुभव करने के लिए मॉल पहुंचे।

नन्हे बच्चों का स्वागत एक विशेष रूप से तैयार किए गए बैसाखी सेटअप में किया गया, जिसने पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की खूबसूरती को दर्शाया। पारंपरिक सजावट और उत्सवी माहौल के बीच, बच्चों को इस फसल उत्सव के महत्व को समझने का एक रोचक अवसर मिला। इस उत्सव को और खास बनाते हुए, बच्चों ने कई मजेदार खेलों और इंटरैक्टिव गतिविधियों में भाग लिया, जिससे यह अनुभव मनोरंजक होने के साथ-साथ ज्ञानवर्धक भी रहा। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को बैसाखी की असली भावना खुशी, आभार और एकता से परिचित कराना था। इस दौरान आयोजित आर्ट व क्राफ्ट सत्र मुख्य आकर्षण रहा, जहां बच्चों ने रंग-बिरंगी बैसाखी-थीम आधारित रचनाओं के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इस गतिविधि ने बच्चों को अपनी अभिव्यक्ति का मौका देने के साथ-साथ उन्हें सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने में मदद की।

यह यात्रा सीखने व उत्सव का एक बेहतरीन संगम साबित हुई, जिसने बच्चों को खुशियों भरी यादें और भारतीय परंपराओं के प्रति गहरी समझ दी। इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए, होमलैंड ग्रुप के सीईओ उमंग जिंदल ने कहा, 'सीपी67 में हम ऐसे अनुभव बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो समुदायों को एक साथ लाते हैं।

बच्चों के साथ बैसाखी मनाना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे उनमें सांस्कृतिक जागरूकता को मजेदार और रोचक तरीके से बढ़ावा मिलता है। हम ऐसे आयोजनों की मेजबानी करके बेहद खुश हैं, जो हमारी परंपराओं का जश्न मनाते हैं और यादगार पल बनाते हैं।'

## स्पोर्ट्स विंडो

### चेन्नई सुपर किंग्स के लड़के हारते हारते थक गए थे : एरिक सिमंस

एजेंसी, चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने कहा कि लगातार तीन हार से टीम का मनोबल नहीं गिरा था, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि खिलाड़ी 'हारते-हारते थक चुके थे।' पांच बार के चैंपियन सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स को 23 रन से हराकर हार का सिलसिला तोड़ा और इस तरह से वर्तमान सत्र में अपना खाता खोला। सिमंस ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, 'हमारे खिलाड़ी इस मैच को जीतने के लिए वास्तव में बेताब थे। मुझे लगता है कि लगातार तीन मैच हारने के बाद हम हारते-हारते थक गए थे।' उन्होंने कहा, 'आज ड्रेसिंग रूम का माहौल बहुत अच्छा है, लेकिन यह कभी खराब भी नहीं था। मुझे लगता है कि लोगों ने आरसीबी (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) के खिलाफ मैच देखा और सोचा कि ओह, हम बहुत पीछे हैं लेकिन हमें कभी ऐसा नहीं लगा कि हम बहुत पीछे हैं।' सिमंस ने कहा, 'इस टूर्नामेंट में लय हासिल करना और सकारात्मक बने रहना बेहद महत्वपूर्ण है। इस जीत के बाद टीम का माहौल सकारात्मक है। लेकिन इससे पहले अभ्यास सत्र के दौरान भी खिलाड़ियों का रवैया अच्छा रहा।' (अनंत ज्ञान)

### भिंडर ने डगआउट में फोन का यूज कर नियमों का किया उल्लंघन

एजेंसी, नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स के टीम मैनेजर रहे रोमी भिंडर विवादों में घिर गए हैं, क्योंकि टीवी कैमरों ने उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान टीम के डगआउट में मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए पकड़ा है। इस घटना को सबसे पहले एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने इंस्टाग्राम पर साझा किया था, लेकिन यह पुष्टि हो गई है कि शुक्रवार को गुवाहाटी में रॉयल्स की छह विकेट से जीत के दौरान भिंडर मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर रहे थे। तब युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी उनके बगल में बैठे हुए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक अधिकारी ने भी इसकी पुष्टि की कि भिंडर ने नियमों का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा, ''जी हां, भिंडर ने वास्तव में खिलाड़ियों एवं मैच अधिकारियों के क्षेत्र (पीएमओए) के प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया है क्योंकि मैच के दौरान डगआउट में मोबाइल फोन प्रतिबंधित हैं।' आईपीएल की आधिकारिक वेबसाइट पर पीएमओए प्रोटोकॉल 2026 से संबंधित नियम के अनुसार, ''टीम मैनेजर ड्रेसिंग रूम में फोन का उपयोग कर सकता है, लेकिन डगआउट में नहीं।' (अनंत ज्ञान)

### पहले दिन तीन घंटे के खराब खेल से हमें नुकसान हुआ: विशाल उप्पल

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय कप्तान विशाल उप्पल ने बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के एशिया-ओशिनिया ग्रुप एक में अपनी टीम के तीसरे स्थान पर रहने के लिए पहले दिन 'तीन घंटे के खराब खेल' को जिम्मेदार ठहराया जिससे भारत विश्व ग्रुप प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने से चूक गया। भारत ग्रुप एक में ही रहेगा जबकि शीर्ष पर रहने वाली दो टीम थाईलैंड और इंडोनेशिया ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया। एक सप्ताह के उतार-चढ़ाव भरे प्रदर्शन पर बात करते हुए उप्पल ने कहा कि थाईलैंड के खिलाफ धीमी शुरुआत एक कड़े मुकाबले में महंगी साबित हुई। उप्पल ने शनिवार को फाइनल मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराने के बाद कहा, 'सबसे बड़ी खुशी तो यही है कि हमने कोरिया को हरा दिया। लेकिन दुख की बात यह है कि हमने सप्ताह की शुरुआत में तीन घंटे खराब टेनिस खेली, जिसकी वजह से हम प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाए।' भारत ने क्वालीफाई करने की उम्मीदों के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश किया था, लेकिन थाईलैंड के खिलाफ हार उसे भारी पड़ी। उप्पल ने कहा, 'अभी बहुत दुख हो रहा है। प्रतियोगिता से पहले हम जानते थे कि क्वालीफाई करने के लिए हमें थाईलैंड और कोरिया को हराना होगा। अगर हमने पहले दिन दो-तीन घंटे खराब टेनिस नहीं खेली होती तो कहानी कुछ और ही होती।' (अनंत ज्ञान)

### एंजेलीना गोंचारेन्को का अनोखा स्टाइल

एंजेलीना गोंचारेन्को एक स्टाइलिश रूसी आइस हॉकी खिलाड़ी हैं, जो कॉन्टिनेंटल हॉकी लीग की एचसी सोची टीम के लिए खेलती हैं। उन्हें 2009 के एनएचएल एंट्री ड्राफ्ट के पहले राउंड में 25वें ओवरऑल पिक के रूप में बफेलो सेबर्स द्वारा चुना गया था। गोंचारेन्को ने स्पार्टक मॉस्को के साथ जूनियर आइस हॉकी खेली और 2006 और 2007 में लगातार दो रूसी चैंपियनशिप खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाई थी।




अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

'अनंत ज्ञान' की प्रति प्राप्त करने
समाचार, विज्ञापन, शुभकामना संदेश
एवं निविदा प्रकाशित करने के लिए संपर्क करें।

''अनंत ज्ञान – आपकी आवाज, आपका समाचार पत्र''

शिमला – सत्यदेव भारद्वाज, ब्यूरो चीफ, मो. 70181-60595
धर्मशाला – राजेश कुमार, जिला प्रभारी, मो. 98164-48474
सोलन – मोहन चौहान, जिला प्रभारी, मो. 94181-57519
मंडी – अनिल शर्मा, ब्यूरो चीफ, मो. 94189-80288
हमीरपुर – विक्रम ढटवालिया, ब्यूरो चीफ, मो. 94180-03422
बिलासपुर – अरुण डोगरा, जिला प्रभारी, मो. 90159-09310
चंबा – राहुल सहगल, वरिष्ठ संवाददाता, मो. 78278-66759
ऊना – राजेश शर्मा, ब्यूरो चीफ, मो. 98163-96500
कुल्लू एवं लाहौल/स्पीति – कमलेश वर्मा, जिला प्रभारी, मो. 86298-97600
पठानकोट – अशोक ठाकुर, विशेष संवाददाता, मो. 94184-85666
चंडीगढ़/मोहाली – गुरनाम सागर, स्टाफ रिपोर्टर, मो. 99153-26615

Head Office:- Plot No.8, Phase-II, Ind. Area
Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H. P.)- 176047
Contact: 01892-299098, 98168-75517
Email: anantgyaanmedia@gmail.com


# आईपीएल : गुजरात की लगातार दूसरी जीत

## लखनऊ को 7 विकेट से दी मात, गिल और बटलर ने लगाए अर्धशतक

एजेंसी, लखनऊ

गुजरात टाइटंस ने आईपीएल में लगातार दूसरा मैच जीत लिया है। टीम ने रविवार के पहले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 7 विकेट से हराया। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में गुजरात ने 165 रन का टारगेट 18.4 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही लखनऊ ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 164 रन बनाए। प्रसिद्ध कृष्णा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

165 रन का टारगेट चेज कर रही गुजरात ने मिलीजुली शुरुआत की टीम ने पावरप्ले में एक विकेट पर 52 रन ही बनाए थे। 45 रन के स्कोर साई सुदर्शन का विकेट गंवाने के बाद कप्तान शुभमन गिल ने जोस बटलर के साथ मिलकर रन चेज को आसान बनाया। दोनों ने 58 बॉल पर 84 रन की साझेदारी की। दोनों ने अर्धशतक भी लगाए।

इससे पहले प्रसिद्ध को मोहम्मद सिराज (चार ओवर में 19 रन पर एक विकेट) और अशोक शर्मा (चार ओवर में 32 रन पर दो विकेट) का अच्छा साथ मिला। कागिसो रबाडा को भी एक सफलता मिली, लेकिन उन्होंने



चार ओवर में 54 रन लुटाए। राशिद खान ने चार ओवर में 25 रन दिए।

सुपर जायंट्स के लिए एडेन मारक्रम ने सबसे ज्यादा 30 रन का योगदान दिया। उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाया। कप्तान ऋषभ पंत (18), निकोलस पूरन (19), अब्दुल समद (18) और मुकुल चौधरी (18) ने क्रीज पर समय बिताने के बाद अपने विकेट गंवा दिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटंस के सलामी बल्लेबाजों ने रक्षात्मक नीति अपनाते हुए शुरुआती चार ओवरों में सिर्फ 25 रन बनाए। शुभमन गिल ने पांचवें ओवर में शमी के खिलाफ छक्का और तीन चौके लगाकर ओवर से 20 रन बटोरे। गिल ने इस दौरान आईपीएल में अपने 4000 रन पूरे किए।

अगले ओवर में गेंदबाजी के लिए आए राठी ने पहली ही गेंद पर सुदर्शन को चलता किया। क्रीज पर आए बटलर ने इसी ओवर में चौके से टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। राठी के अगले ओवर में पंत ने बटलर का आसान कैच टपका कर उन्हें जीवनदान दिया।

गिल ने दूसरे छोर से जॉर्ज लिंडे के खिलाफ चौका लगाया, तो वहीं बटलर ने जोखिम लिए बिना आवेश और राठी की गेंदों को बाउंड्री के पार भेजा। गिल ने 12वें ओवर में आवेश खान के खिलाफ एक रन चुराकर 34 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया, तो वहीं बटलर ने ओवर का समापन हैट्रिक चौकों से किया। उन्होंने लिंडे की गेंद पर एक रन दौड़कर 29 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। (अनंत ज्ञान)

### प्रसिद्ध कृष्णा ने झटके चार विकेट

लखनऊ की ओर से ऐडन मार्करम ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। गुजरात से प्रसिद्ध कृष्णा ने ऐडन मार्करम, आयुष बडोनी, निकोलस पूरन और मुकुल चौधरी को पवेलियन भेजा। अशोक शर्मा को 2 विकेट मिले। मोहम्मद सिराज और कगिसो रबाडा के खाते में एक-एक विकेट आया।

# भारत की शिविका रोहिल्ला महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर

एजेंसी, बुडापेस्ट

भारत की शिविका रोहिल्ला यहां संपन्न पहले सैटरडे शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम दौर में क्रोएशिया के अंतरराष्ट्रीय मास्टर रुडोल्फ सेर्टिक के खिलाफ ड्रॉ खेलकर महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर बन गईं। वर्ष 2023 में अपना पहला नॉर्म हासिल करने वाली शिविका पिछले 10 टूर्नामेंट में अंतिम नॉर्म हासिल करने में करीब पहुंचीं थी लेकिन उन्होंने मौके गंवा दिए। इस बार टूर्नामेंट की शुरुआत में बड़ी जीत की बदौलत उन्होंने आत्मविश्वास हासिल किया और अंतिम चरण में लड़खड़ाने के बावजूद दिल्ली की यह खिलाड़ी अंतिम नॉर्म हासिल करने में सफल रहीं।

शिविका ने नौ बाजियों में 4.5 अंक जुटाए जिससे उन्हें रेटिंग में भी फायदा हुआ। उन्होंने महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स के लिए जरूरी रेटिंग अंक 2025 में पोलैंड में टूर्नामेंट में बाद हासिल कर लिए थे। शिविका ने पीटीआई से कहा, 'इस टूर्नामेंट में मैं अपना पहला महिला ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल करने के काफी करीब थी लेकिन मेरा ध्यान अधिकतर महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर पर था और मुझे लगता है कि मनोविज्ञान ने भी



अपनी भूमिका निभाई, लेकिन अब मुझे यकीन है कि मैं भविष्य को एक नए नजरिए से देख सकती हूं और मुझे उम्मीद है कि मैं अपना महिला ग्रैंडमास्टर टाइटल पूरा कर पाऊंगी।'

वहीं, दिल्ली के 10 वर्षीय आरित कपिल स्पेन के मेनोरका में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के अंतिम दौर में ऑस्ट्रेलिया के सैमुअल असाका के साथ ड्रॉ खेलकर अंतरराष्ट्रीय मास्टर (आईएम) नॉर्म हासिल करने वाले भारत के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने महज 10 वर्ष सात महीने की उम्र में इस उपलब्धि को हासिल कर नया रिकॉर्ड बनाया। (अनंत ज्ञान)

# आईपीएल: संजू सैमसन के शतक से सीएसके की दिल्ली पर धमाकेदार जीत

एजेंसी, चेन्नई

आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपरकिंग्स ने आखिरकार जीत का खाता खोल लिया है। चेपॉक स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में चेन्नई ने दिल्ली कैपिटल्स को 23 रन से हराकर टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की। यह जीत कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के लिए भी बेहद खास रही, क्योंकि उन्हें लगातार तीन हार के बाद पहली सफलता मिली।

पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने 20 ओवर में 212 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए सबसे बड़ी पारी संजू सैमसन ने खेली, जिन्होंने नाबाद 115 रन बनाकर मैच का रुख तय कर दिया। उनके अलावा युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने 59 रन जोड़े, जबकि शिवम दुबे ने तेज 20 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। 212 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरुआत तेज रही। पथुम निसांका ने 24 गेंदों में 41 रन बनाते हुए आक्रामक अंदाज दिखाया और केएल राहुल के साथ मिलकर पहले पांच ओवर में 61 रन जोड़ दिए।



| | |
|---|---|
| रन | 115* |
| गेंद | 56 |
| चौके | 15 |
| छक्के | 04 |

हालांकि, इसके बाद चेन्नई के गेंदबाजों ने शानदार वापसी की और कुछ ही रनों के भीतर दिल्ली के चार विकेट गिराकर मैच का रुख बदल दिया। मध्यक्रम में ट्रिस्टन स्टब्स ने 60 रन की अर्धशतकीय पारी खेलकर संघर्ष किया, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। गेंदबाजी में जेमी ओवरटन ने चार विकेट लेकर जीत के हीरो बने, जबकि अंशुल कंबोज ने तीन विकेट झटके।

ओवरटन द्वारा स्टब्स का अहम विकेट मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। इस जीत के साथ चेन्नई ने अंक तालिका में अपने खाते में दो महत्वपूर्ण अंक जोड़ लिए हैं और टूर्नामेंट में वापसी के संकेत दे दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

### हिमाचल की बेटी का राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन

# दीक्षिता भट्ट ने जीता कांस्य पदक

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिला किन्नौर की बेटी दीक्षिता भट्ट ने खेल जगत में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। सांगला तहसील के कामरू गांव की मुक्केबाज दीक्षिता ने महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित अंडर-17 जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता है। इस उपलब्धि से किन्नौर सहित पूरे प्रदेश में हर्ष का माहौल है। राष्ट्रीय स्तर पर अपने शानदार प्रदर्शन के बाद दीक्षिता भट्ट को अब अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए चुना गया है। इस चैंपियनशिप में वह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी, जिससे देश को उनसे काफी उम्मीदें हैं।

दीक्षिता की इस सफलता के पीछे सांगला स्थित लायंस बॉक्सिंग क्लब की कड़ी ट्रेनिंग और कोच सुमन सौरभ नेगी का कुशल मार्गदर्शन रहा है।



### कोच नेगी ने सिखाईं मुक्केबाजी की बारीकियां

कोच नेगी के नेतृत्व में दीक्षिता ने मुक्केबाजी की बारीकियों को सीखा और राष्ट्रीय पटल पर अपनी पहचान बनाई। दीक्षिता एक अनुशासित और सैन्य पृष्ठभूमि वाले परिवार से आती हैं। उनके पिता भारतीय सेना के सेवानिवृत्त सैनिक हैं और वर्तमान में शिमला के कोटखाई में संयुक्त सैन्य सेवा प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं। उनकी माता एक गृहिणी हैं, जिन्होंने हमेशा अपनी बेटी के सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### खेल प्रेमियों और लोगों ने जताई खुशी

दीक्षिता भट्ट की इस शानदार जीत पर क्षेत्र के खेल प्रेमियों और स्थानीय लोगों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी वह स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाएंगी।

### नितीश राणा पर अंपायर से बहस करने पर जुर्माना

एजेंसी, चेन्नई। दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज नितीश राणा पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान चौथे अंपायर के साथ बहस करने के लिए उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना 19वें ओवर में घटी जब अंपायर ने ट्रिस्टन स्टब्स के गीले दस्ताने बदलने के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। इसके बाद राणा और अंपायर में तीखी बहस हुई। स्टब्स ने उमस भरे वातावरण में अत्यधिक पसीने के कारण अपने दस्ताने बदलने का अनुरोध किया था। राणा ने आउट होने के बाद चौथे अंपायर से भी बहस की, जिसके लिए उनके खाते में एक डिमेरिट पॉइंट भी जोड़ा गया। आईपीएल ने एक बयान में कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज नितीश राणा पर उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत का जुर्माना लगाया गया है और उन्हें आईपीएल के खिलाड़ियों के आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन करने के लिए एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया है।' (अनंत ज्ञान)



### सेंट पाउली को उसके घरेलू मैदान पर 5-0 से करारी शिकस्त दी

# बायर्न म्यूनिख ने सत्र में सर्वाधिक गोल करने का 54 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

एजेंसी, बर्लिन

बायर्न म्यूनिख ने जर्मन फुटबॉल लीग बुंडेसलिगा में एक सत्र में सर्वाधिक गोल करने का अपना ही 54 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। लियोन गोरेत्ज़का का गोल बायर्न का लीग में इस सत्र का का 102वां गोल था, जिससे उसने नया रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले का रिकॉड (101 गोल) भी बायर्न के नाम पर ही दर्ज था जो उसने 1971-72 में बनाया था।

बायर्न ने इस मैच में सेंट पाउली को उसके घरेलू मैदान पर 5-0 से करारी शिकस्त दी। इस जीत से बायर्न ने रियाल मैड्रिड के खिलाफ होने वाले चैंपियंस लीग मैच के लिए अपनी तैयारी का पुख्ता सबूत भी पेश किया और बोरुसिया डॉर्टमुंड पर 12 अंकों



की बढ़त बनाकर बुंडेसलिगा में खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। प्रतियोगिता में अभी पांच दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं। जमाल मुसियाला ने नौवें मिनट में हेडर से गोल करके फ्रैंज बेकेनबॉयर और गेर्ड मुलर की मौजूदगी वाली बायर्न की 1971-72 की टीम के 101 गोल के रिकॉर्ड की बराबरी की। गोरेत्ज़का ने 53वें मिनट में वॉली से गोल करके रिकॉर्ड तोड़ दिया। इसके ठीक एक मिनट बाद माइकल ओलिस ने गोल संख्या को 103 तक पहुंचाया। निकोलस जैक्सन ने बायर्न के लिए चौथा गोल दागा। बायर्न 29 मैच में 76 अंक लेकर शीर्ष पर काबिज है। डॉर्टमुंड 29 मैच में 64 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। (अनंत ज्ञान)

# सविता की वापसी से भारतीय हॉकी टीम को मिली मजबूती

एजेंसी, ब्यूनस आयर्स

स्टार गोलकीपर और पूर्व कप्तान सविता पूनिया अर्जेंटीना के खिलाफ सोमवार से यहां शुरू होने वाली चार मैचों की श्रृंखला से 10 महीने बाद राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम में वापसी करेंगी, लेकिन कप्तान सलीमा टेटे अस्वस्थ होने के कारण नहीं खेल पाएंगी। सविता निजी कारणों से खेल से विश्राम लेने के कारण जून 2025 के बाद से किसी प्रतियोगिता में नहीं खेली है, जबकि मिडफील्डर सलीमा अभी 'चिकन पॉक्स' से उबर रही हैं।

यह दौरा भारत के लिए एफआईएच नेशंस कप, बेल्जियम और नीदरलैंड में इस साल होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप और एशियाई खेलों को देखते हुए बेहद महत्वपूर्ण है। हैदराबाद में विश्व कप



क्वालीफायर 2026 में उपविजेता रहने वाली भारतीय टीम अपनी लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। सलीमा की अनुपस्थिति में अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर इस दौरे में टीम की कप्तानी संभालेंगी। नवनीत ने हाल ही में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार हासिल किया था।

अनुभवी भारतीय गोलकीपर सविता पूनिया की वापसी से टीम को काफी मजबूती मिलेगी। बिचु देवी खारिबाम उनके साथ गोलकीपिंग की जिम्मेदारी निभाएंगी। हाल ही में अपना 200वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली निक्की प्रधान और अनुभवी सुशीला चानू रक्षापंक्ति की कमान संभालेंगी। (अनंत ज्ञान)

### फुटबॉल: बार्सिलोना ने अपने करीबी प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड पर बनाई नौ अंक की बढ़त

# यामल-फेरान के प्रदर्शन से बार्सिलोना खिताब के करीब

एजेंसी, बार्सिलोना

लामिन यामल ने एक गोल किया और फेरान टोरेस के दो गोल में मदद की जिससे बार्सिलोना ने एस्पेनयोल को 4-1 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में खिताब बरकरार रखने की दिशा में एक और मजबूत कदम बढ़ाया। यामल ने फेरान को 10वें और 25वें मिनट में गोल करने में मदद की। इसके बाद इस युवा खिलाड़ी ने 87वें मिनट में गोल करके बार्सिलोना की जीत सुनिश्चित कर दी। बार्सिलोना की तरफ से चौथा गोल 89वें मिनट में मार्कस रैशफोर्ड ने किया। बार्सिलोना ने इस जीत से अपने करीबी प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड पर अपनी बढ़त नौ अंक कर दी है।

रियाल मैड्रिड ने शुक्रवार को गिरोना के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला था। बार्सिलोना ने अब 31 मैच में 79 अंक लेकर शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। रियाल मैड्रिड के 31 मैच में 70



अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर काबिज है। अभी इस प्रतियोगिता में सात दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं। यामल ने इस सत्र में बार्सिलोना की तरफ से शानदार प्रदर्शन किया है। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने अभी तक सभी प्रतियोगिताओं में 22 गोल किए हैं जबकि 18 गोल करने में मदद की है। यही नहीं यामल ने 18 साल और 272 दिन की उम्र में ला लिगा में 100 मैच खेलने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनकर एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। (अनंत ज्ञान)

### लियोनेल मेस्सी और एड्री मेहमेती ने दिखाया जलवा

मियामी। लियोनेल मेस्सी ने आठ अप्रैल, 2009 को जब बार्सिलोना के लिए चैंपियंस लीग मैच में दो गोल किए थे, उसके दो दिन पहले एड्री मेहमेती का जन्म हुआ था। इसके 17 साल बाद मेजर सॉकर लीग (एमएलएस) में शनिवार की रात को जब ये दोनों आमने सामने थे, तो गजब का नजारा देखने को मिला। इन दोनों ने अपनी टीमों की तरफ से मैच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मेस्सी ने दूसरे हाफ में जर्मन बर्तेरामे के गोल में मदद की, जिससे इंटर मियामी ने अपने नए स्टेडियम में पहली बार बढ़त हासिल की। मेहमेती ने 77वें मिनट में एमएलएस में अपना पहला गोल किया जिससे न्यूयॉर्क रेड बुल्स ने मौजूदा एमएलएस कप चैंपियन इंटर मियामी को 2-2 से ड्रॉ पर रोक दिया। इंटर मियामी के लिए माटेओ सिल्वेटी ने भी गोल किया, जबकि रेड बुल्स की तरफ से पहला गोल जॉर्ज रुवाल्काबा ने किया था। (अनंत ज्ञान)

### मैरी लुईस एटा ने पुरुष टीम का मुख्य कोच बनकर रचा इतिहास

एजेंसी, बर्लिन। मैरी लुईस एटा ने जर्मन फुटबॉल लीग बुंडेसलिगा के क्लब यूनियन बर्लिन की पुरुष टीम का मुख्य कोच बनकर इतिहास रच दिया है। वह पहली महिला कोच हैं जिन्हें बुंडेसलिगा में किसी सीनियर पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। एटा अभी 34 वर्ष की हैं और उन्होंने स्टेफेन बॉमगार्ट की जगह ली है, जिन्हें शनिवार को आखिरी स्थान पर मौजूद हीडेनहाइम से टीम की 3-1 की हार के बाद उनके सहायक कोच डैनिलो डी सूजा और केविन मैककेना के साथ बर्खास्त कर दिया गया था। एटा इससे पहले अंडर-19 पुरुष टीम को कोचिंग दे रही थीं। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में अगले सत्र में यूनियन की महिला टीम के कोच का पद संभालने के लिए सहमति जताई थी। यूनियन बर्लिन को अभी बुंडेसलीगा में पांच मैच खेलने हैं। उन्होंने 2023 में बुंडेसलिगा और यूरोप की शीर्ष पांच फुटबॉल लीग में पहली महिला सहायक कोच बनकर इतिहास रचा था। (अनंत ज्ञान)

